आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 26°C |

इनसाइड न्यूज

स्टार्टअप कॉन्क्लेव का शुभारंभ डिप्टी सीएम ब्रजेश बोले, सीएसआईआर...

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



सोमवार 15 सितंबर, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹ 3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 329 | www.janexpresslive.com/epaper

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 11 साल... 12

# अब असम में बांस से बनेगा एथेनॉल

■ आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है पूर्वोत्तर : पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में असम बायो एथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया और नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र की आधारशिला भी रखी। पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां बांस से एथेनॉल बनाने की शुरुआत हुई है। इसका असम के लोगों को फायदा होगा। सरकार यहां के किसानों को बांस की खेती करने में मदद करेगी और खरीदी भी करेगी। असम और पूर्वोत्तर आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है। पीएम मोदी ने कहा कि असम में पीएम मोदी ने कहा कि असम को 12 हजार करोड़ की सौगात दी गई है। ये उद्यम असम के विकास को गति देंगे। मैं सभी को प्रोजेक्ट्स के लिए बधाई देता हूं। भारत दुनिया का सबसे तेजी से विकसित होने वाला देश है। जैसे-जैसे भारत विकसित हो रहा है, वैसे-वैसे बिजली, ईंधन की जरूरतें बढ़ रही हैं। हम इन चीजों के लिए विदेशों पर निर्भर रहे हैं। हमारे पैसों से विदेशों में रोजगार बनते हैं। इसको बदला जाना जरूरी है। भारत आत्मनिर्भर बनने की राह पर बढ़ चला है।



### मेक इन असम और मेक इन इंडिया की नींव मजबूत हो रही है : पीएम मोदी

उन्होंने कहा कि वो दिन भूलने नहीं है कि पिछली सरकार बांस काटने पर जेल में डाल देती थी। बांस आदिवासियों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है। हमारी सरकार ने बांस काटने से बैन हटा दिया। आज यह फैसला पूर्वोत्तर के लोगों को फायदा पहुंचा रहा है। मेक इन असम और मेक इन इंडिया की नींव मजबूत होने वाली है। अब असम की पहचान में पॉलीप्रोपाइलीन से बने उत्पाद होंगे। असम आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है। असम को हमने बहुत बड़े अभियान के लिए चुना है। यह अभियान है सेमी कंडक्टर मिशन। उन्होंने कहा कि गुलामी के दौर में असम की उतनी पहचान नहीं थी। अब असम की मिट्टी और लोगों ने असम को ग्लोबल ब्रांड बना दिया है। भारत को आत्मनिर्भर होने के लिए ऊर्जा और सेमीकंडक्टर चाहिए। असम की इसमें बड़ी भूमिका है। आज हर इलेक्ट्रॉनिक चीज की आत्मा छोटी चिप में होती है। यह चिप भारत में ही बनेगी। सेमी कंडक्टर का बड़ा आधार असम को बनाया है। असम में 27 हजार करोड़ से प्रोजेक्ट बन रहा है। कांग्रेस ने असम में कई दशकों तक सरकार चलाई है। कांग्रेस ने असम का कुछ नहीं दिया।

### भाजपा असम को विकास और विरासत से समृद्ध बना रही

पीएम मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा असम को विकास और विरासत से समृद्ध बना रही है। असम की भाजपा सरकार नई शिक्षा नीति लागू कर रही है। कांग्रेस ने पूर्वोत्तर के महान सपूतों को सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस ने कभी योद्धाओं को सम्मान नहीं दिया। भाजपा ने इनको सम्मान दिया। कांग्रेस ने जिसकी उपेक्षा की हम उसे अग्रिम पंक्ति में लेकर चल रहे हैं। असम में हमारी सरकार मां कामाख्या कॉरिडोर बना रही है। अब असम में पर्यटन का दायरा बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा कि असम के सामने सबसे बड़ी चुनौती घुसपैठ है। कांग्रेस ने असम में घुसपैठ को बढ़ावा दिया है। आदिवासियों की जमीनें घुसपैठियों को दे दी गईं। भाजपा सरकार असम के लोगों के साथ मिलकर घुसपैठियों का मुकाबला कर रही है। घुसपैठियों से जमीन मुक्त करा रही है। आदिवासियों और लाखों परिवारों को भूमि के पट्टे दिए जा रहे हैं।

### हम आयात करके विदेशों की आमदनी बढ़ा रहे, इसे बदलना जरूरी

पीएम ने कहा, आज भारत सबसे तेज विकसित होने वाला देश है। जैसे-जैसे हम विकसित हो रहे हैं, वैसे-वैसे बिजली और ईंधन की जरूरतें भी बढ़ रही हैं। हम विदेश से बिजली और ईंधन आयात करते हैं और बदले में उन्हें लाखों रुपए देने पड़ते हैं। इससे विदेश में रोजगार और आमदनी होती है। इसे बदलना जरूरी है। इसलिए भारत को आत्मनिर्भर बनना जरूरी है और हम इस राह पर चल पड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- एक तरफ देश में कच्चे तेल के भंडार खोले जा रहे हैं, दूसरी तरफ ग्रीन एनर्जी को भी बढ़ावा जा रहा है। आप सभी ने सुना होगा लाल किले से मैंने समुद्र मंथन की घोषणा की है। एक्सपर्ट बताते हैं कि हमारे समुद्र में भी बड़ी मात्रा में ऑयल और गैस के भंडार हो सकते हैं। ये देश के काम आए, इसके लिए हम नेशनल डीप वाटर एक्सप्लोरेशन मिशन शुरू करने जा रहे हैं।

### जनजातियों के साथ हुए अन्याय को कर रहे खत्म

उन्होंने कहा कि जनजातियों के साथ हुए अन्याय को भाजपा खत्म कर रही है। हमारा मंत्र नागरिक सेवो भवः है। असम में गरीबों को ठुकराया गया। क्योंकि कांग्रेस का काम एक वर्ग से ही जाता था। भाजपा तुष्टीकरण नहीं संतुष्टिकरण पर जोर देती है। असम में 20 लाख पक्के घर गरीबों को मिल चुके हैं। घर-घर जल पहुंचाने का काम तेजी से चल रहा है। चाय बागान में काम करने वाले श्रमिकों को हम मदद दे रहे हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा पर हमारा जोर है। कांग्रेस के समय में चाय बागान श्रमिकों को फैक्टरी प्रबंधन के भरोसे छोड़ दिया गया। अब भाजपा ने इसे दूर कर दिया है। हम मिलकर विकसित भारत बनाएंगे।

### पीएम ने 5,000 करोड़ रुपए के बांस आधारित एथेनॉल प्लांट का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के नुमालीगढ़ में 5,000 करोड़ रुपए का बांस आधारित एथेनॉल प्लांट का उद्घाटन किया। यह शून्य-अपशिष्ट प्लांट हर साल 5 लाख टन बांस खरीदेगा, जिससे 50,000 से ज्यादा लोगों को लाभ होगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को 200 करोड़ रुपए का सहारा मिलेगा।

### कांग्रेस घुसपैठियों, राष्ट्रविरोधी ताकतों की संरक्षक

अपनी स्पीच के दौरान पीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस घुसपैठियों और राष्ट्रविरोधी ताकतों को संरक्षण देती है। कांग्रेस भारतीय सेना का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान द्वारा पाले गए आतंकवादियों का समर्थन करती है। मोदी ने कहा, भाजपा का उद्देश्य देश को घुसपैठियों से बचाना और उसकी अखंडता को बहाल करना है। मैं उन राजनेताओं को चुनौती देता हूं जो घुसपैठियों का बचाव करते हैं कि वे आगे आएं और इस मुद्दे का सामना करें। वे दिखाएं कि हमने घुसपैठियों को हटाने के लिए जो प्रयास किए हैं, उनकी तुलना में उन्होंने क्या प्रयास किए हैं। घुसपैठियों को पनाह देने वालों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी, देश उन्हें माफ़ नहीं करेगा।

### घुसपैठियों को हमारी जमीनों पर कब्जा नहीं करने देंगे



पीएम मोदी ने जनता को सलाह देते हुए कहा- पाकिस्तान का झूठ, कांग्रेस का एजेंडा बन जाता है। आपको कांग्रेस से बचकर रहना है। कांग्रेस घुसपैठियों की हिमायती है। कांग्रेस ने हमारे आस्था के स्थानों पर, गरीबों-आदिवासियों की जमीन पर डाका डाला है। सीएम हिमंता के नेतृत्व में असम में अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। घुसपैठियों से जमीन मुक्त कराई गई है। आज वो जमीन वापस ली गई है। वहां किसानों के लिए परियोजना चल रही है। युवा कृषि सैनिक बनकर खेती कर रहे हैं। पिछली कांग्रेस सरकारों के दौरान किसानों की जमीन और पूजा स्थलों पर अतिक्रमण किए गए थे। भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बनने के बाद से, हमने उन गलतियों को सुधारना और अवैध दावों को हटाना शुरू कर दिया है। असम में, घुसपैठियों से लाखों एकड़ जमीन वापस ली गई है।

# यूपी में भारत-पाक मैच का विरोध प्रदर्शन

लखनऊ में बीसीसीआई का पुतला छीनकर भागा दरोगा, कांग्रेसियों से झड़प, मेरठ में हथौड़े से टीवी तोड़ा, मौलाना बोले, जज्बातों का कत्ल हो रहा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान के बीच मैच रविवार को हुआ। ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच पहला इंटरनेशनल मैच था। इसे लेकर यूपी के लोग दो धड़ में बंट गए हैं। लखनऊ में मैच से पहले कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पाकिस्तान और बीसीसीआई मुर्दाबाद के नारे लगाए। हजरतगंज में बीसीसीआई का पुतला लेकर पहुंचे थे। उस पर कालिख पोतकर जलाने लगे, तभी पुलिस वालों से झड़प हो गई। इसी बीच दरोगा पुतला लेकर भाग गया। शाम करीब सवा 6 बजे एक बार फिर कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं ने बीसीसीआई का पुतला फूंका-जय शाह मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान पुलिस उनको रोकती नजर आई। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के लोगों ने भारत की जीत के लिए हवन किया। क्रिकेट पिच बनाई। विकेट और बैट बल्ले के साथ भारत माता के जयकारे लगाए। लोगों ने कहा- जैसे ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को पटका था, उसी तरह मैच में भी पटका जाएगा। काशी में भारत की जीत के लिए फैंस ने हवन और पूजन किया। काशी में फैंस गंगा में उतरकर आरती की। बैट और तिरंगा लेकर इंडिया जीतेगा जैसे नारे लगाए। कहा- भारत पाकिस्तान को धूल चटाएगा। इसकी हमने प्रार्थना की। लखनऊ में इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने भारत-पाकिस्तान मैच का बायकॉट किया है। संगठन के प्रवक्ता मौलाना सूफियान निजामी ने कहा- देश के लोगों के जज्बातों का कत्ल किया जा रहा। मेरठ में अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन ने भारत-पाकिस्तान मैच का विरोध किया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी चौराहे पर हथौड़े से टीवी को तोड़कर विरोध जताया।



### कांग्रेस कार्यकर्ता बोले, आईसीसी का भी विरोध करेंगे

कांग्रेसी कार्यकर्ता नितांत ने कहा- पुलवामा में पाकिस्तान की वजह से शहीद हुए। वह दिख नहीं रहा है। पहलगाम में हमला हुआ। वह दिख नहीं रहा है। सोए हुए हैं। बीसीसीआई को हम लोगों ने पुतला जलाकर विरोध किया है। आगे भी यह विरोध जारी रहेगा। हम मैच के साथ आईसीसी अध्यक्ष का भी विरोध कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी नेत्री नेहा यादव ने कहा- एक तरफ भाजपा के नेता कहते हैं कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता। वहीं दूसरी तरफ भारतीय टीम को पाकिस्तान से मैच खिलवा रहे हैं। इससे भारतीय जनता पार्टी का पाकिस्तान प्रेम एक बार फिर से सामने आ गया है। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सारा देश सरकार के साथ था। अखिलेश यादव ने तो यह तक कह दिया था कि आतंकवाद की जड़ खत्म करने के लिए सरकार जो भी कदम उठाएगी, उसमें हम सरकार के साथ रहेंगे। हमारी विदेश नीति पूरी तरह से फेल है। विश्व बैंक की ओर से पाकिस्तान को आर्थिक सहायता दी गई थी। पाकिस्तान के साथ भारत का क्रिकेट मैच हमारे देश के सम्मान के खिलाफ है।

### बीसीसीआई ने देश के बारे में नहीं सोचा

पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ित शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशन्या ने कहा- मैच के बाद पाकिस्तान के पास एक बार फिर पैसा होगा। वह एक बार फिर उठ खड़ा होगा और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तबाह हुए ठिकानों का पुनर्निर्माण होगा। यह उन 26 परिवारों (पहलगाम पीड़ितों) पर पाकिस्तान की ओर से सबसे बड़ा तमाचा होगा। पाकिस्तान का बहिष्कार करना और उनके खिलाफ मैच न खेलना हमारे लोगों के बस की बात नहीं है। अगर हम ऐसा कर रहे होते, तो बीसीसीआई भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए राजी नहीं होता। अगर हम बदलाव लाना चाहते, तो हमें यह फैसला लेना चाहिए था कि अगर हमें पाकिस्तान के खिलाफ खेलना ही है, तो हम एशिया कप और विश्व कप में हिस्सा नहीं लेंगे। बीसीसीआई और भारतीय क्रिकेटर आज देश के बारे में नहीं सोच पा रहे हैं। मुझे उनसे (पीड़ितों को) श्रद्धांजलि की उम्मीद नहीं है।

### लखनऊ में एनएसयूआई का जोरदार प्रदर्शन

लखनऊ में हजरतगंज चौराहे पर कांग्रेस के छात्र संगठन ने भारत-पाकिस्तान मैच का जोरदार विरोध किया। एनएसयूआई के कार्यकर्ता बीसीसीआई का पुतला लेकर पहुंचे थे। उसे आग के हवाले करने से पहले पुलिस ने छुड़ाने लगाने लगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प हो गई। पुतला जलाने से पहले ही पुलिस ने छीन लिया, लेकिन तब तक कार्यकर्ताओं ने पुतले पर कालिख पोत दी थी।

### मजबूरी में यह मैच खेलना पड़ेगा : केशव प्रसाद मौर्य

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एशिया कप 2025 में भारत बनाम पाकिस्तान मैच पर बयान दिया है। उन्होंने बातचीत में कहा- कोई भारतवासी पाकिस्तान के साथ का मैच नहीं चाहता। जब अंतर्राष्ट्रीय मैच होते हैं तो उनमें कई देश हिस्सा लेते हैं। अगर हमें विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेना है तो मजबूरी में ही हमें ऐसा करना पड़ेगा। इस पर सवाल उठाने वालों की बयानबाजी गैरजिम्मेदाराना है।

### तत्काल मैच को रद्द किया जाए

मेरठ में अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही ने कहा- पाकिस्तान ने 28 हिंदुओं का जम्मू कश्मीर में सरेआम कत्ल किया है। फिर उसके साथ भारत मैच कैसे खेल सकता है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार से तत्काल इस मैच को रद्द कराने की मांग की है। साथ ही बीसीसीआई को भी चेताया है कि वह भविष्य में इस बात का पूरा ध्यान रखें कि भारत का मैच पाकिस्तान के साथ ना हो पाए।

# ऑपरेशन सिंदूर जारी तो क्रिकेट मैच कैसे?

## पूर्व सीएम हरीश रावत ने पाक मुकाबले पर उठाए सवाल

■ एशिया कप में भारत-पाक मुकाबले से पहले उठी देशभक्ति की आवाज, आतंक पर दोहरा मापदंड नहीं चलेगा : रावत

जन एक्सप्रेस। देहरादून

एशिया कप 2025 के तहत रविवार को दुबई में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले हाई-वोल्टेज टी20 मुकाबले से पहले देशभर में विरोध के स्वर तेज हुए। पहलगाम आतंकी हमले और उसके जवाब में चल रहे ऑपरेशन सिंदूर के बीच इस मैच को लेकर लोगों की भावनाएं आहत हैं। विरोध की इस लहर में अब उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। रविवार को मीडिया से बातचीत में रावत ने स्पष्ट शब्दों में कहा, जब सरकार खुद कह रही है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, युद्ध अभी समाप्त नहीं हुआ है, तब फिर पाकिस्तान के साथ क्रिकेट कैसे हो सकता है? यह दोहरा मापदंड नहीं चलेगा।



### आतंक और क्रिकेट साथ नहीं चल सकते

रावत ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि पाकिस्तान के साथ हर मंच पर सख्ती बरतनी चाहिए। चाहे वह कूटनीति हो, व्यापार हो या खेल का मैदान। पाकिस्तान को यह एक सख्त देने की जरूरत है कि यदि वह आतंकियों को पोषित करता रहेगा, तो भारत उससे किसी भी स्तर पर संबंध नहीं रखेगा-न कूटनीतिक, न सांस्कृतिक और न खेल से जुड़े।

### सिर्फ सिंधु जल संधि रद्द करने से नहीं चलेगा काम

पूर्व सीएम ने आगे कहा कि पाकिस्तान को हर क्षेत्र में कड़ा सबक सिखाना जरूरी है ताकि उसकी आवाम खुद अपनी सरकार पर दबाव डाले और भारत को आतंकवाद के मुद्दे पर धोखा देना बंद करे। पुराने खिलाड़ी हों या नए, देश की गरिमा सबसे ऊपर है। यह वक्त मजबूत राजनीतिक और सामाजिक संदेश देने का है, रावत ने कहा। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच महज एक खेल नहीं, बल्कि एक भावनात्मक, राजनीतिक और कूटनीतिक प्रतीक बन चुका है। जब सीमा पर सैनिक शहीद होते हैं और देश के भीतर आतंक का खौफ पसरा होता है, तो खेल की भावना भी सवालों के घेरे में आ जाती है।

### जघन्य अपराधों में क्राइम सीन को तत्काल करना होगा सुरक्षित, एसओपी को लेकर डीजीपी ने दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

डीजीपी राजीव कृष्ण ने क्राइम सीन मैनेजमेंट और फोरेंसिक साक्ष्य जुटाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है, जिसमें खासकर हत्या, बलात्कार, पाक्सो आदि अपराध में क्राइम सीन को तत्काल सुरक्षित कर फोरेंसिक साक्ष्य जुटाने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 176(3) के क्रियान्वयन के लिए तकनीकी सेवा शाखा के निर्देशन में राजधानी स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला ने इसे तैयार किया है। बता दें कि एसओपी में पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी तय की गई हैं। डीजीपी ने इसका सख्ती से पालन करने और इसमें लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एसओपी के मुताबिक, ऐसे सभी अपराधों जिनमें सात साल से अधिक सजा का प्रावधान है, मुकदमा दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि फोरेंसिक विशेषज्ञ अपराध स्थल का निरीक्षण करें और साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाए। खासकर गंभीर अपराध, यौन अपराध, आतंकवाद, एनडीपीएस, हत्या, पाक्सो आदि के प्रकरणों में इस बाबत खास सावधानी बरतते हुए कार्य करना होगा।

### यूक्रेन ने रूस की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी पर किया ड्रोन हमला

## आग लगने से बढ़ा ईंधन संकट



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को

यूक्रेन के ड्रोन हमलों ने रूस की एक सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, जिससे वहां आग लग गई। रूसी अधिकारियों और यूक्रेनी सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह हमला रूस के उत्तर-पश्चिमी लेनिनग्राद क्षेत्र में स्थित कीरीशी रिफाइनरी पर किया गया। यह वही रिफाइनरी है, जिसे पिछले कई हफ्तों से यूक्रेन रूसी तेल ढांचे पर हो रहे हमलों की कड़ी में देख रहा है। यूक्रेन का कहना है कि तेल आपूर्ति से रूस की युद्ध क्षमता को ताकत मिल रही है, इसलिए ऐसे ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा है। यह रिफाइनरी हर साल करीब 1.77 करोड़ मीट्रिक टन या करीब 3.55 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करती है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ के मुताबिक, वहां कई धमाकों और आग की सूचना मिली। उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें रात के अंधेरे में आग की लपटें और धुएं के गुबार दिखाई दे रहे हैं। लेनिनग्राद क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोजडेन्को ने कहा कि कीरीशी इलाके में तीन ड्रोन को मार गिराया गया, लेकिन उनके गिरने से रिफाइनरी में आग लग गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और आग पर काबू पा लिया गया है। रूसी अधिकारियों ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। लेकिन हाल के हफ्तों में पेट्रोल की बढ़ती मांग और यूक्रेन के लगातार ड्रोन हमलों के कारण देश के कई हिस्सों में पेट्रोल की किल्लत हो गई है। कुछ क्षेत्रों में पेट्रोल पंप पूरी तरह खाली हो गए हैं।

### रूस ने दागी हाइपरसोनिक मिसाइल

रूस ने शक्ति प्रदर्शन के तौर पर हाइपरसोनिक मिसाइल दागी है। मॉस्को ने कहा कि उसने बैरेंट्स सागर में एक लक्ष्य पर जिरकॉन (सिरकोन) हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल दागी। इसके अलावा सुखोई एसयू-34 सुपरसोनिक लड़ाकू-बमवर्षकों ने बेलारूस के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास में हमले किए।

# जिलाधिकारी पौड़ी के खिलाफ इंजीनियर्स फेडरेशन आक्रोशित

## 15-16 सितम्बर को ज्ञापन और काली पट्टी पहनकर करेंगे विरोध



जन एक्सप्रेस। पौड़ी गढ़वाल

जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए अधिशासी अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग खंड, लोक निर्माण विभाग, श्रीनगर के विरुद्ध दर्ज कराई गई प्राथमिकी के विरोध में उत्तराखण्ड इंजीनियर्स फेडरेशन की प्रांतीय कार्यकारिणी की आपात बैठक आज 14 सितम्बर को ऑनलाइन आयोजित की गई। बैठक में फेडरेशन के प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, पेयजल विभाग, उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन, लघु सिंचाई, ग्रामीण निर्माण, पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन और जल विद्युत निगम के अभियंता संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि 11 सितम्बर को हुई भारी वर्षा से श्रीनगर-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग का लगभग 40-45 मीटर हिस्सा बह गया था। स्थिति विकट होने पर भी अधिशासी अभियंता द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मशीनों के माध्यम से मार्ग को न्यूनतम समय में खोल दिया गया। लगातार खतरे के बावजूद कर्मचारियों व श्रमिकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना काम किया। फेडरेशन ने आरोप लगाया कि वैली साइड में अलकनंदा नदी पर बने बांध से हुए कटाव और 35-40 मीटर जमीन धंसने की स्थिति में तत्काल तकनीकी समाधान संभव नहीं था। इस विषय की जानकारी जिलाधिकारी को होने के बावजूद उन्होंने अधिशासी अभियंता पर अनावश्यक दबाव डाला और प्राथमिकी दर्ज कराई। यह कार्रवाई हठधर्मिता और तानाशाही का उदाहरण है, जिससे समूचा अभियंता वर्ग आक्रोशित है।

### बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय

- 15 सितम्बर को सभी जिलों में अभियंता वर्ग जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन देंगे।
- 16 सितम्बर को विधायक/सांसदों के माध्यम से सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा।
- इन दोनों दिनों अभियंता काली पट्टी पहनकर कार्य करेंगे।
- यदि 16 सितम्बर तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो 17 सितम्बर को प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक में आगे के आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा।

### मुख्य मांगें

1. जिलाधिकारी पौड़ी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी को तत्काल निरस्त किया जाए।
2. आपदा के समय गैरजिम्मेदाराना रवैया अपनाने पर जिलाधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई हो।
3. यदि उनके आदेशों से कार्य बहिष्कार या हड़ताल की स्थिति बनती है तो आपदा प्रबंधन अधिनियम की धाराओं के तहत जिलाधिकारी पर मुकदमा दर्ज किया जाए।
4. भविष्य में जिलाधिकारी पद पर केवल वही अधिकारी नियुक्त हों जो धरातल की वास्तविकताओं से परिचित हों और आपदा की स्थिति में समन्वय बनाकर कार्य कर सकें।

फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि अभियंता वर्ग राज्य में आपदा प्रबंधन कार्यों के लिए निरंतर समर्पित है, लेकिन अधिकारियों की मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# एक ही परिवार के महिमामंडन में जुटी रहती है कांग्रेस: केशव

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिला मुख्यालय में रविवार को संविधान सभा के सदस्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ रतनप्पा कुम्हार की 116वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाज के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वाले युवाओं और होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

कुंभकार महासंभ के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय प्रजापति सम्मेलन में रविवार को आए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार ऐसे महापुरुषों और देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को सम्मानित कर उनके इतिहास से नई पीढ़ी को अवगत करा रही है, जो अब तक गुमनाम थे। उन्होंने कहा कि पूर्व में कौंग्रेस, सपा और बसपा सरकारों में कभी देश की आजादी के वास्तविक नायकों को आगे नहीं आने दिया, बल्कि एक ही परिवार के महिमामण्डन में जुटे रहे। पूर्व मंत्री डॉ लोकेश प्रजापति ने सामाजिक एकजुटता लाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में आए कुंभकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हमीरपुर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि डॉ रतनप्पा कुम्हार का जन्म महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के सिरोल तहसील की निमशिर गांव में एक लिंगायत कुम्हार परिवार में सितम्बर 1909 में हुआ था। उन्होंने अंग्रेजी शासन के खिलाफ प्रजा परिषद के बैनर तले समर्थन जुटाया। इसके चलते उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति समर्पण के लिए उन्हें देशभक्त रतनप्पा कुम्हार कहा जाता है। उन्होंने कहा कि संविधान आदेश अनुसूचित जाति 10 अगस्त 1950 के माध्यम से शिल्पकार को अनुसूचित जाति के रूप में अधिसूचित किया गया है। इसके बावजूद पूरे प्रदेश में जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किए जा रहे है। जबकि सभी अनुसूचित जातियों को अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र निर्गत किए जा रहे है। पूर्व में कौंग्रेस एवं अन्य दलों की गलत नीतियों के चलते शिल्पकार समाज को अनुसूचित जाति का लाभ नहीं प्राप्त हो पाया है, ऐसे में कुम्हार-शिल्पकार अनुसूचित जाति समाज को अनुसूचित जाति संवैधानिक लाभ प्रदान किया जाना चाहिए। साथ ही शिल्पकारों के आरक्षण के लिए सभी लोगों को ईमानदारी से सहयोग करना चाहिए। इससे सम्बन्धित ज्ञापन भी उन्होंने उप मुख्यमंत्री को सौंपा।

जिला पंचायत सदस्य दशरथ प्रजापति ने कहा कि भाजपा ने पिछले पंचायत चुनाव में उनको मौका देकर प्रजापति समाज को आगे बढ़ाया है, उम्मीद है कि आने वाले चुनाव में भी पार्टी युवाओं के समाज को आगे बढ़ाएगी। कैप्टन संतोष चक्रवर्ती ने कहा कि कुरीतियों से दूर रहते हुए समाज के बच्चों को शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। शिक्षा के जरिए गरीब परिवारों के बच्चे भी समाज में उच्च सम्मान प्राप्त कर सकते है। आभार प्रदर्शन महासंघ के जिलाध्यक्ष सूबेदार लोटनराम प्रजापति ने किया। संचालन पुरुषोत्तम प्रजापति एवं गौतम चक्रवर्ती ने किया। इसके पूर्व भव्य शोभायात्रा निकालकर आयोजकों ने नगर भ्रमण किया। इस मौके पर महामंत्री अमित प्रजापति, अमृतलाल, रामचन्द्र, हर्ष, रामआसरे, रामकिशुन, माया, ऊषा, मीना, मीरा, पिंकी, गंगा, रामकिशोर, रामनरेश, धर्मपाल, रिंकू, राजाराम, राजकुमार, साकेत, अमित, सुधीर, प्रदीप, पीताम्बर, शोभाराम, हरिश्चन्द्र, सुरेन्द्रनाथ, जानकीशरण आदि मौजूद रहे।

# टीईटी की अनिवार्यता वापस न होने पर देश की राजधानी में करेंगे आंदोलन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा रविवार को जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में जनपदीय शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष ने टेट (टीईटी) की अनिवार्यता वापस न लेने पर दिल्ली में होगा जोरदार आंदोलन करने की बात कही।

शिक्षक सम्मेलन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार को टेट (टीईटी) कानून को वापस ले लेना होगा। टीईटी की अनिवार्यता शिक्षकों में भय का माहौल पैदा कर रही है। कहा कि यदि इस आदेश को वापस नहीं लिया, तो दिल्ली में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। कहा कि सुप्रीम कोर्ट के टेट अनिवार्यता के निर्णय के बाद शिक्षक परेशान है। सरकार द्वारा 2009 में कानून बनाकर टेट की अनिवार्यता को लागू किया गया था। अब ऐसे में उसके पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता थोपी जा रही है। इस निर्णय के बाद से परेशान होकर कई शिक्षकों ने आत्महत्या कर ली है। कहा कि इस निर्णय को स्वीकार नहीं किया जाएगा। पहले सरकार से बात की जाएगी, अगर सरकार नहीं मानी तो दिल्ली में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि संगठन टीईटी मामले में लगातार मंथन कर रहा है तथा इस समस्या का हल खोज निकालेगा। पूर्व एमएलसी सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जब भी शिक्षकों के साथ अन्याय हुआ है, तो सरकार को संगठन के आगे झुकना ही पड़ा है। शिक्षकों की सभी समस्याओं का शिक्षक महासंघ द्वारा निस्तारण कराया जाएगा। कार्यक्रम में प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शिवशंकर पांडेय, प्रांतीय संयुक्त मंत्री देवेंद्र श्रीवास्तव, मंडल संगठन मंत्री बांदा आशुतोष त्रिपाठी, मंडल संगठन मंत्री झांसी राजेश लिटोरिया आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान संगठन के जिला पदाधिकारियों ने अतिथियों को भगवान कामतानाथ का चित्र भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया।

इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग, जिला कोषाध्यक्ष हरिशंकर त्रिपाठी, जिला मंत्री नारायण सिंह, संयुक्त मंत्री आराधना सिंह, संघर्ष समिति की अध्यक्ष शहनाज बानो, रामनगर ब्लॉक अध्यक्ष शिवभूषण त्रिपाठी, पहाड़ी ब्लाक अध्यक्ष अमित पांडेय, चित्रकूट अध्यक्ष देव यादव, मानिकपुर ब्लाक उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने किया जनपद का एक दिवसीय दौरा, की विकास कार्यों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



एक दिवसीय जनपदीय दौरे में आए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में रविवार को जनपद के विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लोनिवि के निरीक्षण गृह सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में उपमुख्यमंत्री ने मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, सीएम आवास योजना सहित अन्य योजनाओं तथा जनपद के विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद चित्रकूट आकांक्षी जनपद है, यहां पर विकास कार्य सरकार की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण होने चाहिए। आवास योजना में लाभार्थियों के साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। सभी खंड विकास अधिकारियों से कहा कि वह अपने विकासखंडों के अंतर्गत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ आम जनमानस को दिलाएं तथा निर्माण कार्य सही तरीके से कराएं। कहा कि जिले में किसानों को खाद की समस्या नहीं होनी चाहिए। हर घर जल नल योजना के अंतर्गत जो शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है, उसमें प्रगति कराई जाए। जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए कार्य का सभी अधिकारी शत-प्रतिशत अनुपालन करें, इसमें शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। जनपद चित्रकूट आकांक्षी जनपद है, यहां पर पर्यटन विकास को लेकर भगवान कामतानाथ की तीर्थ नगरी धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए भाजपा सरकार प्रयासरत है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, डीसी मनरेगा डीएन पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, अधिशासी अभियंता लोनिवि अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

बैठक से पूर्व उपमुख्यमंत्री ने द्वारा लोक निर्माण निरीक्षण गृह में गार्ड ऑफ आनर लिया तथा भाजपा के जनप्रतिनिधियों से भेंट वार्ता कर जनपद की समस्याओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए गए। जनपद के एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री का पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कर्वी नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, चंद्रपाल कुशवाहा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविंद कुमार मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद त्रिपाठी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय, जिला मंत्री मनोज तिवारी, भाजयुमो अध्यक्ष विकास मिश्रा, राम सागर चतुर्वेदी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, बाबूलाल पटेल, सुरेश अनुरागी, प्रेमलाल बाल्मिकी, राजेश जायसवाल, रवि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कोली-कोरी समाज द्वारा आयोजित किया गया नवनियुक्त पदाधिकारी सम्मान समारोह

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

अखिल भारतीय कोली-कोरी समाज के तत्वाधान में रविवार को नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों को समाज को नई दिशा में ले जाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में चंचल कोटार्य ने कहा कि महापुरुषों की विचारधारा को अपनाते हुए समाज को उस रास्ते पर चलना चाहिए, जिससे सभी का हित हो। निर्भय कोटार्य ने कहा कि संगठन को अनुशासित तरीके से आगे बढ़ाएं। शिक्षक राम सिया ने संगीत के माध्यम से समाज को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया।

जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ सक्रिय होकर कार्य करें तभी संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सफल हो पाएंगे। संगठन के प्रदेश सचिव चंद्रभान शास्त्री ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी के प्रति ध्यान देने व कार्य करने के लिए आगे किया।

समारोह का संचालन राम प्रसाद कबीर ने किया। इस मौके पर सचिव चंद्रभान शास्त्री, समाजसेवी शिव गुलाम वर्मा, डॉ सुदामा वर्मा, शिक्षक सूरज पाल, रोहित कुमार, बुद्धराज, राहुल कुमार, शैलेन्द्र वर्मा, रविशंकर कोटार्य, कल्लू प्रसाद, शिवशंकर कोटार्य, श्याम किशोर, कैलाश चंद्र, शिवलाली प्रसाद, रवि कुमार वर्मा, शारदा प्रसाद, विनीत कुमार, दिलीप कुमार, रामबालक, दीपक कुमार, रोहित भाई, सरोज यादव, श्यामलाल, आराधना देवी, पूनी कोटार्य, मानवी देवी, दिव्यांशी देवी आदि मौजूद रहे।

# लोक अदालत में 1.14 लाख मामले सुलह से निपटे

जन एक्सप्रेस । बांदा

राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को सुलह समझौते के आधार पर एक लाख 14 हजार 528 वादों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश देवेंद सिंह ने सिविल व क्रिमिनल के नौ वादों का निस्तारण किया। प्रथम पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना संजीव कुमार ने 114 वादों का निस्तारण किया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मुकेश कुमार ने पति-पत्नी के बीच छोटी-छोटी बात में चल रहे विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कर उन्हें घर भेजा। 296 पारिवारिक वाद व नौ प्री-लिटिगेशन के मामले निपटाए। उधर, विभिन्न बैंकों ने 1171 वादों का निस्तारण कर 10 करोड़ 89 लाख 95 हजार की वसूली की गई। बीएसएनएल ने 632 वाद निस्तारित किए गए। जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष द्वारिकेश यादव, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रविशंकर मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर में पौधरोपण किया। साहित्यकारों ने हिंदी पर अपने-अपने विचार रखे। हिंदी को देश की महान भाषा बताया और इसे कामकाज में लाने की बात कही। विधि सलाहकार के रूप में दुर्घटना दावा के सर्वाधिक मामलों में सुलह कराने पर वरिष्ठ अधिवक्ता कामता प्रसाद निगम को संजीव सिंह प्रथम न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। निगम को यह सम्मान चौथी बार मिला है। इसके पहले उन्हें 2021, 2023, व 2024 में भी सम्मानित किया गया था। बार संघ अध्यक्ष द्वारिकेश मंडेला, विनय श्रीवास्तव, रामेंद्र कुमार तिवारी, जगदीश प्रसाद तिवारी आदि मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय में सौहार्द व सृजनात्मक माहौल प्रदान करने के लिए की गई फ्रेशर पार्टी

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय द्वारा नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए भव्य 'फ्रेशर पार्टी' 'उड़ान- द जर्नी ऑफ ड्रीम्स' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपसी परिचय, सौहार्द और सृजनात्मक माहौल प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पाण्डेय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम नवीन विद्यार्थियों को न केवल प्रोत्साहन देते हैं, बल्कि शिक्षा के अतिरिक्त उनके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, गीत एवं रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से माहौल को हर्षोल्लास से भर दिया। फ्रेशर पार्टी में 'मिस फ्रेशर' और 'मिस्टर फ्रेशर' प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व को आधार बनाकर विजेताओं का चयन किया। जिसमें स्नातकोत्तर स्तर पर अंशिका त्रिपाठी को मिस फ्रेशर एवं अनमोल गुप्ता को मिस्टर फ्रेशर तथा स्नातक स्तर पर स्नेहा पाण्डेय को मिस फ्रेशर एवं अनुराग गोस्वामी को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। कुलाधिपति निजी सचिव रामपति मिश्रा ने बच्चों द्वारा दी गईं प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों ने अपनी कलाओं से सभी का मन मोह लिया। उन्होंने बच्चों और संकाय सदस्यों को कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्तर को बहुत ऊंचाइयों पर ले कर जाएंगे। संकाय प्रभारी डॉ अमित अग्निहोत्री ने कार्यक्रम में किए गए प्रदर्शन की सराहना की। वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग प्रभारी डॉ दलीप कुमार ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य कुलानुशासक डॉ गोपाल मिश्रा, शिक्षा संकाय प्रभारी डॉ निहार रंजन मिश्रा, ललित कला संकाय प्रभारी डॉ गुलाब धर, भाषा संकाय प्रभारी डॉ शशिकांत त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ मनोज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# आंतों के संपूर्ण स्वास्थ्य का विकल्प है उदर शक्ति विकासक योग का संकल्प- रमेश

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने उदर शक्ति विकासक सूक्ष्म योग क्रिया के भाग नौ का अभ्यास कराते हुए बताया कि पेट की समस्या एक बड़ी चुनौती है जिसमें शारीरिक और मानसिक रोग जन्म लेते हैं। पेट का कड़ापन, गैस बनना, अपच, पेट फूलना, आंतों की सूजन, मरोड़, दर्द, वजन का बढ़ना, सर दर्द, तनाव, अवसाद, नींद न आना, मन एकाग्र न रहना आदि परेशानियों का शानदार विकल्प, पेट संबंधी योग क्रियाओं को नियमित करने का संकल्प है।

बताया कि संतुलित फाइबर युक्त भोजन सायं छह के बाद और प्रातः आठ के पहले न करें अर्थात इस बीच पानी के अतिरिक्त कुछ भी नहीं लिया जाए। पूरी नींद, सकारात्मक चिंतन, रेगुलर योग व्यायाम ये सभी दवाई का काम करते हैं।

एक निश्चित प्लानिंग के साथ अपनी दिनचर्या बनाकर प्रयोग करने से इस बड़ी चुनौती से आसानी के साथ निजात पाया जा सकता है। योगाचार्य ने बताया कि इस योग को करने के लिए एड़ी पंजा मिलाकर सीधे खड़े होते हैं। कमर पर दोनों हाथ भाग आठ की भांति रखकर कमर से 90 डिग्री आगे की ओर झुक कर सामने देखते हुए पेट की पूरी सांस बाहर छोड़कर बाहर ही रोक कर पेट को ताकत के साथ अंदर की ओर खींचते हैं और बाहर की ओर फूलाते हैं। पेट को अंदर की ओर खींचना और फुलाना क्रमशः तब तक करेंगे जब तक सांस को अपनी सामर्थ्य के अनुसार बाहर रोक सकें। बाद में सीधे होकर गहरी सांस लेना होता है। इस संपूर्ण क्रिया को एक बार और दोहराते हैं। अंत में सीधे होकर शिथिल ताड़ासन में विश्राम करते हैं और पेट में हुए परिवर्तनों का अनुभव करते हैं। सावधानी के तौर पर गर्भवती महिलाएं इसे न करें।

# 'वकील और जज रथ के दो पहियों की तरह हैं, एक दूसरे के बिना इंसाफ का ये रथ आगे नहीं बढ़ सकता'



जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

वकील और जज इंसाफ रुपी रथ के दो पहियों की तरह है, जिनके बिना इंसाफ रुपी रथ किसी भी कीमत पर आगे नहीं बढ़ सकता है। एक वकील अदालत में अपनी दलीलों के जरिये हमेशा अपने मुअक्किल को बचाने की जद्दोजहद में ही लगा रहता है। ये एक वकील का अपने क्लाइंट के लिये सबसे बड़ा बलिदान है। जबकि एक जज कोई भी फैसला देने से पहले मामले से जुड़े दोनों पक्षों को सुन्ने के बाद फैक्ट और कानून के तहत दायरे में रहकर फैसला देता है, साथ ही फैसला देने से पहले इस उलझन में रहता है कि कहीं उसकी कलम से अनजाने में किसी बेगुनाह को सजा न मिल जाय। ये बातें इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के स्कालर जज सैय्यद कमर हसन रिजवी ने जिला अदालत के मीटिंग हाल में वकालत के पेशे में 50 साल पूरे करने वाले सीनियर वकीलों के सम्मान में शासकीय अधिवक्ताओं की तरफ से आयोजित किये गये प्रोग्राम के दौरान कहीं। इसके पूर्व चीफ गेस्ट को पुलिस बटालियन की तरफ से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रोग्राम की शुरुआत डीजीसी राजेश शुक्ला ने चीफ गेस्ट को बुके और मोमेंटों भेंट करने के साथ ही सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।

वही इस मौके पर बोलते हुये जिला अदालत के स्कालर जज मनोज कुमार राय ने कहा कि हमें हमेशा अपने बड़े और सीनियर से बहुत कुछ सीखने और समझने को मिलता है। क्योंकि उनके पास तजुर्बा और अनुभव होता है, जो न तो बाजार में मिलता है, और न ही ये कहीं से खरीदा जा सकता है। इसलिये अपने सीनियर के सम्मान की ये एक बेहतरीन पहल है, जो शासकीय अधिवक्ताओं और अधिवक्ता संघ की कोशिश से पूरी हो सकी है। उम्मीद है कि एसी कोशिशें आगे भी होती रहेंगी। इस मौके पर चीफ गेस्ट ने अपनी वकालत के 50 साल पूरे करने वाले सभी वकीलों को मूमेंटों और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सभी अदालतों के विद्वान जज सहित एडीजीसी विशम्भर सिंह पाल, एडीजीसी सुभाष श्रीवास्तव, प्रवीण सिंह भदौरिया, एडीजीसी राजेश तिवारी, एडीजीसी चन्द्र प्रकाश गोस्वामी, एडीजीसी मणिकर्ण शुक्ला सहित एडीजीसी सुशील त्रिपाठी सहित बुद्धिजीवी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## युवाओं को पसंद आ रहे रोजगारपरक प्रशिक्षण, आईटीआई की सीटें भरीं

बांदा। पढ़ाई के साथ युवा अब कम समय वाले रोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद बनने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इसमें आईटीआई संस्थान उनकी पहली पसंद बने हैं। बदौसा रोड स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बांसी में प्रवेश प्रक्रिया शुरु होने के कुछ दिनों के अंदर ही सभी सीटें भर गईं हैं। यहां संचालित 15 से अधिक ट्रेडों में केवल तीन काउंसलिंग के बाद ही सभी 516 सीटों पर छात्र-छात्राओं ने दाखिला लिया है। आईटीआई के प्रधानाचार्य याज्ञवल सिंह ने बताया कि कॉलेज में फिटर, टर्नर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिस्ट, डीएमसी, कोपा, ड्रेस मेकिंग, वेल्डर जैसे तकनीकी परक कोर्स के साथ युवतियों व महिलाओं के लिए ब्यूटीशियन, कॉस्मेटोलॉजी, फैशन डिजाइनिंग और कंप्यूटर एडेड एंब्रायडरी जैसे रोजगारपरक कोर्स संचालित हैं। ग्रामीण अंचल से लेकर कस्बे के छात्र-छात्राओं ने रूचि दिखाई है। प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद अनुदेशकों द्वारा नियमित कक्षाओं की शुरुआत कर दी गई है।

# सवारियों से भरी प्राइवेट मिनी बस का अगला टायर फटा, दो यात्री चोटहिल

जन एक्सप्रेस । बांदा

बांदा से सवारियां लेकर हमीरपुर की ओर जा रही सवारियों से भरी प्राइवेट मिनी बस का अगला टायर अचानक फट जाने से बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती के दलदल में जा घुसी। हादसे में एक बुजुर्ग व एक महिला घायल हुई है।

पैलानी थाना इंस्पेक्टर सुखराम सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम करीब पांच बजे बांदा से सवारियां लेकर हमीरपुर जा रही प्राइवेट मिनी बस का अगला टायर कालेश्वर-पपरेंदा मार्ग पर स्थित राजकुमार बाजपेई के निजी बोर के पास फट गया। इससे बस अनियंत्रित होकर खंती के दलदल में फंस गई। मिनी बस में 30 से ज्यादा सवारियां सवार थीं। हालांकि दलदल होने के चलते बड़ा हादसा नहीं हो सका। मिनी बस में सवार सरवरी (73) व महबरा गांव निवासी रुबीना (35) को चोट आई है। उनका उपचार कराया गया है। बस का टायर बदलकर उसे गतंव्य के लिए रवाना किया गया।

# शातिर चोर के सहयोगी/बहनोई को थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त टीम ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बांदा



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 13 सितम्बर को थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर चोर अभियुक्त के साथी को चोरी के माल के साथ किया गया गिरफ्तार।

गौरतलब हो कि दिनांक 12सितम्बर को कोतवाली नगर क्षेत्र आमबाग चुंगी के रहने रामदेव द्वारा दिनांक 04सितम्बर को अपने घर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने तथा दिनांक 07सितम्बर को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र बलखंडीनाका के रहने वाले उपेन्द्र कुमार वाजपेयी द्वारा अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने के संबंध मे सूचना प्राप्त दी थी।सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम मे सीसीटीवी फुटेज,मुखबिर व टेक्निकल साक्ष्यों के माध्यम से आज दिनांक 13सितम्बर को थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को थाना कोतवाली देहात के चिल्ली गांव से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया गया कि उसका साला राजेश जमादार पुत्र पुन्ना जमादार निवासी ग्राम चिल्ली थाना कोतवाली देहात द्वारा दिनांक 07सितम्बर को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र बलखंडीनाका में तथा 04सितम्बर को कोतवाली नगर क्षेत्र आमबाग चुंगी में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।चोरी के माल को अपने घर ग्राम चिल्ली मे रखा था जो आज चोरी का माल लेकर बेचने जा रहा था। चोरी के माल को बेचने के बाद प्राप्त रुपयों को आपस में बांट लेते थे।तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से लगभग 35.24 ग्राम पीली धातु व 555.19 ग्राम सफेद धातु बरामद किया गया है। जो मुख्य अभियुक्त द्वारा चोरी को अंजाम दिया गया था। पुलिस द्वारा मुख्य अभियुक्त राजेश जमादार पुत्र पुन्ना जमादार की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

बरामदग माल 35.24 ग्राम पीली धातु,555.19 ग्राम सफेद धातु

**गिरफ्तार अभियुक्त**-बरदानी जमादार पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम इंगोहटा थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर।

**वांछित अभियुक्त**-राजेश जमादार पुत्र पुन्ना जमादार निवासी ग्राम चिल्ली थाना कोतवाली देहात।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**-प्र0नि0 कोतवाली नगर बलराम सिंह मय टीम, प्रभारी एसओजी आनन्द कुमार मय टीम, चौकी प्रभारी बलखण्डीनाका, विवेक कुमार त्रिपाठी, उ0नि0 मनीष कुमार शर्मा, का0फिरोज, का0गजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 15 सितंबर, 2025





**आज पूर्णिया से पीएम मोदी देंगे...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को चुनावी राज्य बिहार के पूर्णिया जिले पहुंचेंगे। यहां वे एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगे और करीब 36 हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की शुरुआत करेंगे। पीएम इस दौरान पूर्णिया में बने नए हवाई अड्डा टर्मिनल का...

▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# स्टार्टअप कॉन्क्लेव का शुभारंभ

## डिप्टी सीएम ब्रजेश बोले, सीएसआईआर और सरकार की मदद से 200 स्टार्टअप लोकल से ग्लोबल बनेंगे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

एनबीआरआई लखनऊ में दो दिवसीय सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव का रविवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने फीता काटकर शुरुआत की। कार्यक्रम में पैनल डिस्कशन, टेक्नोलॉजी शो और स्टार्टअप पिच सेशन का आयोजन हुआ। इसमें सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह शामिल होंगे। डिप्टी सीएम ब्रजेश ने कहा- सीएसआईआर की मदद से 200 नए स्टार्टअप आए हैं। हमें नए स्टार्टअप के लिए काम करना है। आज पीएम भी बोल रहे थे कि लोकल फॉर वोकल को बढ़ाना है। हम इसे तभी हासिल कर पाएंगे जब नई विधाओं के माध्यम से स्टार्टअप को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा- भारत कृषि प्रधान देश है। बावजूद इसके हम पारंपरिक खेती करते रहे। हम पिछड़ रहे थे तो 2014 से पीएम ने ढेर सारे काम शुरू किए। आज लोकल फॉर वोकल स्वदेशी में औद्योगिक क्रांति को आगे बढ़ाने का काम शुरू किया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश ने कहा- स्टार्टअप को प्रमोट करने के लिए काम किया जा रहा है। आज जब हम स्टार्टअप के स्टॉल देख रहे थे वो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा नाम हासिल करेंगे। सीएसआईआर स्टार्टअप को स्थापित करने का काम कर रहा है।



### स्टार्टअप के लिए मिलकर काम करेंगे

उन्होंने कहा- इत्र, खाने-पीने के उत्पाद ,सौंदर्य प्रसाधन और एग्रीकल्चर प्रोडक्ट पर फोकस किया गया है। ओडीओपी से जोड़कर हम प्रोडक्ट को आगे बढ़ाने पर प्रतिबद्ध हैं। अगर इसमें कोई समस्या है तो हमें बताए हम मिलकर इस पर काम करेंगे। कॉन्क्लेव को ऑर्गनाइज कर रहे एनबीआरआई के निदेशक डॉ.अजीत कुमार शासनी ने बताया कि इसका मकसद नए स्टार्टअप, रिसर्चर, उनके नवाचारों, उद्योग जगत के दिग्गजों, उद्यमियों, निवेशकों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाना है।

### सीएसआईआर के 4 संस्थान कर रहे आयोजन

एनबीआरआई के निदेशक डॉ.अजीत कुमार शासनी ने बताया- इस कॉन्क्लेव का मकसद उत्तर प्रदेश और खासकर लखनऊ में नवाचार के लिए माहौल बनाना है। इस सम्मेलन के जरिए फूलों की खेती, हर्बल उत्पादों और कृषि से संबंधित स्टार्टअप्स को सशक्त बनाना है। इससे हरित अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। इस कॉन्क्लेव में एनबीआरआई के अलावा सीडीआरआई, आईआईटीआर और सीआईएसएमएपी भी शामिल होंगे। सीएसआईआर के लखनऊ के इन चारों संस्थानों की संयुक्त प्रयास से इसका आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है।

# हिंदी दिवस पर प्रो. डॉ. चंद्रप्रकाश सिंह को 'साहित्य महोपाध्याय' की मानद उपाधि

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज/लखनऊ**



हिंदी दिवस के अवसर पर प्रयागराज का राजर्षि टंडन मंडपम रविवार को साहित्यिक उत्सव और हिंदी गौरव से सराबोर रहा। हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग द्वारा आयोजित भव्य समारोह में टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ के विधि संकायाध्यक्ष एवं पूर्व डीन प्रो. डॉ. चंद्रप्रकाश सिंह को 'साहित्य महोपाध्याय' की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह केवल एक व्यक्तिगत गौरव का क्षण नहीं था, बल्कि हिंदी के विधिक क्षेत्र में उसकी प्रासंगिकता और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान का प्रतीक भी था। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण और हिंदी वंदना से हुआ। अध्यक्षीय आसन पर हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित विराजमान थे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनीस कुमार गुप्ता की उपस्थिति दर्ज कराई। जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. ललसा यादव तथा सीएमपी डिग्री कॉलेज की हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सरोज सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। सम्मेलन में अनेक विद्वानों और रचनाकारों को भी सम्मानित किया गया। सोमेश्वर शेखर चन्द्र, डॉ. सरोज गुप्ता, डॉ. कैलाशनाथ पांडेय, डॉ. लक्ष्मीकांत पांडेय, विजयशंकर मिश्र 'भास्कर', आचार्य डॉ. जयशंकर सिंह और राजीव आचार्य को भी साहित्य महोपाध्याय की मानद उपाधि प्रदान की गई। सम्मान ग्रहण करते हुए प्रो. डॉ. चंद्रप्रकाश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा, ÷हिंदी केवल भाषा नहीं है, यह भारत की आत्मा है। यह हमारी पहचान, हमारी संस्कृति और हमारी न्याय व्यवस्था की आत्मा है। उन्होंने हिंदी के महत्व और इसके विकास हेतु ठोस सुझाव भी दिए। प्रो. सिंह ने कहा कि विज्ञान, विधि, इंजीनियरिंग और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों की शब्दावली हिंदी में सुलभ होनी चाहिए और सरकारी नौकरियों में 70 प्रतिशत अवसर हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित किए जाएँ। साथ ही उन्होंने संसद और राज्य विधानमंडल में कानूनों का प्रारूप सबसे पहले हिंदी में तैयार करने का प्रस्ताव रखा। प्रो. सिंह ने अपनी शैक्षणिक यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने विधि के क्षेत्र में नौ पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें से पाँच हिंदी में हैं। उनकी रचनाएँ ÷उत्तर प्रदेश भूमि विधियाँ÷ और ÷पर्यावरण विधियाँ÷ भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा पुरस्कार प्राप्त हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें हिंदी सेवा में और अधिक समर्पण के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम का संचालन सम्मेलन के कार्यवाहक उपाध्यक्ष विष्णु मिश्र ने किया और अंत में प्रधानमंत्री कुन्तल मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उपस्थित जनसमुदाय ने प्रो. सिंह के विचारों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और लंबे समय तक तालियों से सभागार गूंजता रहा।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला



- विमान रनवे पर दौड़ रहा था, पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका, डिंपल यादव समेत 151 लोग सवार थे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट को पायलट ने टेकऑफ से पहले अचानक रोक दिया। फ्लाइट रनवे पर दौड़ चुकी थी, आखिरी वक्त पर पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। बताया जा रहा है कि फ्लाइट के इंजन को टेकऑफ के लिए थ्रस्ट यानी प्रेशर नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में पायलट ने विमान को रोकने का फैसला किया। विमान (6-ई-2111) में सपा प्रमुख अखिलेश की सांसद पत्नी डिंपल यादव समेत 151 यात्री सवार थे। अचानक विमान रुकने से यात्री सहम गए। हालांकि, बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्हें दूसरी फ्लाइट से दिल्ली भेजा गया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने घटना की रिपोर्ट मांगी है। वहीं, इंडिगो ने बयान जारी कर कहा कि तकनीकी कारण से विमान को टेकऑफ रोकना पड़ा। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि, इंडिगो ने फ्लाइट्स को क्यों रोका गया। इसकी स्पष्ट वजह नहीं बताई है। फ्लाइट 6 ई 2111 शनिवार को 11.10 बजे फ्लाइट रनवे पर दिल्ली के लिए उड़ान भरने पहुंची। यात्रियों के अनुसार, विमान ने गति पकड़ ली थी, तभी एक आवाज सुनाई दी। प्लेन को हवा में ऊपर उठने के लिए पर्याप्त थ्रस्ट नहीं मिला। एयरपोर्ट के सूत्रों के अनुसार, पायलट ने तुरंत एटीसी को अबेंडिंग टेकऑफ की सूचना दी। इसके बाद पायलट ने विमान को रोकने का फैसला किया। बाद में फ्लाइट टैक्सी-वे से वापस लौटकर बे संख्या-07 पर खड़ी हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक यात्री ने कहा- भगवान ने बचा लिया। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# महिला को चलती कार से फेंका

- लिफ्ट देने के बहाने लूटा, पुलिस ने युवती समेत 3 आरोपियों को पकड़ा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ की मलिहाबाद पुलिस ने लिफ्ट के बहाने लूट करने वाले गैंग के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गैंग में दो पुरुष और महिला शामिल है। गैंग ने हरदोई छोड़ने के बहाने एक महिला को बैठाकर उसके जेवर और नगदी लूट लिए थे। विरोध करने पर मारपीट कर महिला को चलती गाड़ी से फेंक दिया था। गैंग का मास्टरमाइंड गौतमबुद्धनगर का रहने वाला है। एडीसीपी जितेंद्र दुबे ने बताया- 1 सितंबर को गीता कनौजिया सुबह करीब 11 बजे सीतापुर बाईपास पर हरदोई जाने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रही थीं। तभी सफेद मारूति अर्टिगा कार रुकी। सण्डीला जाने की बात कहने पर कार सवारों ने बैठा लिया। उन्होंने बताया- कुछ दूर जाने पर कार में मौजूद दो पुरुष और एक महिला ने पीड़िता से मारपीट कर गहने और रुपए मांगे। मना करने पर गले से मंगलसूत्र, कानों के टप्स, झोले में रखी दो सोने की चेन और 12 हजार रुपए नगद लूट लिए। इसके बाद कार सवारों ने महिला को सरावां गांव के पास चलती गाड़ी से फेंककर फरार हो गए थे। पुलिस टीम शुक्रवार को मोहान तिराहे पर चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी एक अर्टिगा गाड़ी को रुकने का इशारा किया, लेकिन वो तेजी से मोहान रोड की तरफ चली गई। गाड़ी संदिग्ध लगने पर आगे लगी गौशालालपुर पुलिस चौकी की टीम को सूचना दी गई। गौशालालपुर पुलिस चौकी के पास चेकिंग देखकर चालक ने 20 मीटर पहले गाड़ी रोक दी। इस पर पीछे से पहुंची पुलिस टीम ने कार सवार लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान मोहन विहार कॉलोनी, दुबग्गा निवासी सतीश गुप्ता (44), दनकौर ग्रेटर नोएडा निवासी प्रेम कुमार वर्मा (56) और माधवपुर बैगरिया दुबग्गा निवासी रामरानी (35) के रूप में हुई। गाड़ी की तलाशी लेने पर 315 बोर का अवैध तमंचा और सीट के नीचे बांका मिला।

# वित्तविहीन शिक्षकों के मानदेय व ऑफलाइन तबादले के लिए होगा आंदोलन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) वित्तविहीन शिक्षकों को सरकार से मानदेय दिलाने व शिक्षकों के ऑफलाइन तबादले का आदेश जारी करने को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा। यह निर्णय संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की रविवार को शिविर कार्यालय लखनऊ में हुई बैठक में लिया गया। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कि इसके लिए जल्द ही पहले सीएम से मिलकर ज्ञापन दिया जाएगा। इसके बाद आगे के आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। इस दौरान उन्होंने सभी जिलों के सदस्यता अभियान की समीक्षा की। प्रदेश महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि संगठन शिक्षक निर्वाचन का चुनाव पूरी मजबूती से लड़ेगा। इसके लिए सभी 6 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता बनाने का काम तेज किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष मतदाता बनाने की प्रक्रिया का समय-समय पर समीक्षा करेंगे। प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि कैशलेस चिकित्सा देने की मांग सरकार ने मान ली है। तदर्थ शिक्षकों के नियमितीकरण और नियमित शिक्षकों के ऑफलाइन ट्रांसफर का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक में गोरखपुर, बरेली, मेरठ, आगरा, प्रयागराज व लखनऊ शिक्षक निर्वाचन के लिए सदस्यता प्रभारी नामित किए गए। बैठक में पूर्व एमएलसी लवकुश मिश्रा, महेश चंद्र शर्मा, मार्कण्डेय सिंह, संजय द्विवेदी, अरुण मिश्रा, रणजीत सिंह, नरसिंह बहादुर, संत सेवक सिंह, रामानंद द्विवेदी आदि शामिल हुए।

# 'श्रमदान से अपने विद्यालयों और छात्रावासों को संवारेंगे विद्यार्थी'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन को नई गति देने के लिए समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने अनूठी पहल की है। उनके निर्देश पर प्रदेश के सभी जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों और राजकीय छात्रावासों में रविवार से श्रमदानकार्यक्रम शुरू हो गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुशासन, सहयोग और श्रम के प्रति सम्मान की भावना से जोड़ते हुए उन्हें जिम्मेदार व कर्मठ नागरिक बनाना है।श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक रविवार को कक्षाओं,छात्रावासों और गलियारों की सफाई की जाएगी। टूटी हुई कुर्सियों, मेजों या अन्य फर्नीचर की मरम्मत का कार्य भी होगा। पूरे परिसर को सुव्यवस्थित करने के साथ पानी की टंकियों और नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कचरा निस्तारण पर भी ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक उपकरण जैसे झाड़ू, फावड़े, बाल्टी, तसला और कूड़ेदान आदि की व्यवस्था पहले से की गई है ताकि कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके।बागवानी पर विशेष ध्यान देते हुए पेड़-पौधों की निराई-गुड़ाई तथा नए पौधों के रोपण की योजना भी बनाई गई है। इसके साथ ही सूखे पत्तों और टहनियों को हटाकर खाद बनाने का कार्य भी किया जा सकता है। सदनवार जिम्मेदारी होगी तय विद्यालय परिसरों को अलग-अलग सदनों में विभाजित कर प्रत्येक सदन को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, जिससे विद्यार्थी न केवल प्रतिस्पर्धा की भावना से प्रेरित होंगे, बल्कि अपने क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में भी योगदान देंगे। श्रमदान कार्य के पहले और बाद की तस्वीरें निर्धारित प्रारूप में संलग्न फत् कोड के माध्यम से अपलोड की जाएंगी।

# हिन्दी भाषा को संयुक्त राष्ट्र संघ में मिलनी चाहिए मान्यता: ऋचा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा हिन्दी दिवस समारोह के शुभ अवसर पर आज एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार लखनऊ में पूर्वाह्न 10.30 बजे से किया गया।डॉ ऋचा मिश्राने कहा,हिन्दी भाषा को संयुक्त राष्ट्र संघ में मान्यता अवश्य मिलनी चाहिए। भारत का पूरे विश्व में महत्वपूर्ण स्थान है। भारत के धार्मिक ग्रंथ विदेशी विद्वानों के लिए एक मार्ग दर्शन के रूप में कार्य करते रहे हैं। विदेशों में भी कई विद्वानों ने हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार का बहुत प्रयास किया। विश्व ने भारतीय संस्कृति के महत्व वउसके प्रभाव को जाना है। हिन्दी भाषा आज पूरे विश्व में प्रचारित हो रही है। जिसमें संचार माध्यम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आज विश्व में हिन्दी की ज्ञान संपदा काफी तेजी से बढ़ रही है।डॉ हेमांशु सेन सिंह ने कहा,हिन्दी हमारे मान व सम्मान की भाषा है।हिन्दी आज नायकत्व की भूमिका में है। आज कोई संशय नहीं कि भाषा की दृष्टि से हिन्दी की विकास यात्रा पूरे विश्व में आगे बढ़ती जा रही है। हिन्दीमें विशेष गुण हैं। इसलिए इसे समावेशी भाषा के रुप में जाना जाता है।हिन्दी भाषा का वैशिष्ट्य आज विद्यमान है। महात्मा गांधी ने कहा,हिन्दी भाषा मेरे लिए स्वराज का प्रश्न है। भारतवासियों की आँखों मेंहिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में देखने की प्रबल इच्छा भी है। हिन्दी को समावेशी भाषा के रूप में बनना होगा। हिन्दी भाषा के पास एक व्यापक व्याकरण की विरासत है। हिन्दी एक सजीव भाषा है, उसका स्वरूप विराट है।हिन्दी में उदारता का गुण विश्व फलक पर उसे महत्वपूर्ण स्थान दिलाता रहा है। भाषा विचारों के आदान-प्रदान का साधन है।डॉ रामकृष्ण ने कहा, हमारा चिन्तन यदि महान होगा तो मंजिल पर पहुँचनासंभव हो जाता है। चिन्तन से ही सकारात्मक परिणाम मिलता है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहाँ पर हिन्दी बहुतायत से बोली जाती है। संयुक्तराष्ट्र संघ में हिन्दी की मान्यता की पूर्ण संभावनाएं हैं। भारत को हिन्दी की राष्ट्र भाषा के रूप में मान्यता देनी होगी। विश्व मंच पर भारत को हिन्दी भाषा के संदर्भ में प्रभावशाली भूमिका निभानी होगी।

# मुख्यमंत्री योगी ने आम जनता से यूपी को आत्मनिर्भर बनाने के मांगे सुझाव, अब तक डेढ़ लाख फीडबैक आए

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध यूपी के निर्माण के लिए जनता से सुझाव देने की अपील की है। उन्होंने रविवार को प्रदेशवासियों से अपील की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में यूपी आज देश के ग्रोथ इंजन के रूप में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का संकल्प आवश्यक है। विकसित उत्तर प्रदेश@2047 के लक्ष्य को पाने के लिए आपके अमूल्य सुझाव महत्वपूर्ण हैं। ये सुझाव समर्थ उत्तर प्रदेश की संकल्पना की पूर्णता में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। सीएम ने कहा कि हम सब मिलकर अपने विचारों व सुझावों से एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध नए उत्तर प्रदेश का निर्माण करें। प्रदेशवासी अपने सुझाव क्यूआर कोड अथवा पोर्टल के माध्यम से दे सकते हैं। बता दें कि रविवार तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में नोडल अधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने भ्रमण कर छात्रों, शिक्षकों, व्यवसायियों, उद्यमियों, कृषकों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संगठनों, मीडिया और आम जनमानस से संवाद किया। जिसमें बीते आठ वर्षों की विकास यात्रा साझा करने के साथ भविष्य की दिशा तय करने हेतु रोडमैप पर चर्चा और फीडबैक प्राप्त किया गया। वहीं पोर्टल पर अब तक करीब डेढ़ लाख से अधिक फीडबैक दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें से करीब एक लाख फीडबैक ग्रामीण क्षेत्रों से, जबकि बाकी नगरीय क्षेत्रों से आए हैं।

### इन जिलों से अधिक सुझाव

कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, जौनपुर, बलरामपुर, प्रतापगढ़ और फिरोजाबाद जैसे जनपदों से सबसे अधिक भागीदारी रही। इन जिलों से कुल 53,996 से अधिक फीडबैक प्राप्त हुए, जो दर्शाता है कि जनता इस अभियान को गंभीरता से ले रही है।

# उपमुख्यमंत्री ने चित्रकूट धाम में भगवान कामतानाथ मंदिर में किया दर्शन पूजन

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने रविवार को प्रभु श्रीराम की पावन तपस्थली चित्रकूटधाम के पवित्र कामदगिरि पर्वत पर स्थित कामतानाथ गिरि मंदिर में भगवान के दिव्य दर्शन एवं पूजन कियाव भगवान कामतानाथ से प्रार्थना की कि भगवान समस्त प्रदेशवासियों के जीवन में सुख समृद्धि का आशीर्वाद दे। मंदिर के व्यवस्थापक संत मदन गोपाल दास द्वारा उप मुख्यमंत्री को भगवान का चित्र, श्री राम चरित मानस और प्रसाद भेट किया गया। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सीपी उपाध्याय, आनंद शुक्ला महेंद्र कोटार्य सहित अन्य तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम से मिले 69000 शिक्षक अभ्यर्थी, कहा सुप्रीम कोर्ट में 23 बार लगी है डेट, नहीं हुई सुनवाई

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

69000 शिक्षक भर्ती के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का प्रतिनिधिमंडल रविवार को एक बार फिर उपमुख्यमंत्री केशव मौर्या से उनके आवास पर मिला। उन्होंने इस मामले में न्याय दिलाने की मांग की। केशव मौर्य ने कहा कि वे विभागीय अधिकारियों से इस पर बात करेंगे। अभ्यर्थियों ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि 69000 शिक्षक भर्ती का प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में एक साल से चल रहा है। इसमें 23 बार डेट लग चुकी है, मगर सरकारी अधिवक्ता आज तक उपस्थित नहीं हुए। छात्रों ने मांग की कि आगामी डेट पर सरकारी अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित होकर उचित पैरवी करें ताकि हमें न्याय मिल सके। अभ्यर्थियों का नेतृत्व कर रहे धनंजय गुप्ता ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों की लापरवाही से हमारा प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में लटका हुआ है। हम राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से जीत चुके हैं। हाईकोर्ट से जीत चुके हैं। फिर भी लग लोगों को न्याय नहीं दिया जा रहा है। वहीं विक्रम यादव ने कहा कि समय रहते अगर हमारी बातें नहीं सुनी जाती है तो हम एक बार फिर से लखनऊ में आंदोलन को मजबूर होंगे। उप मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले में अमित मौर्या भी शामिल थे।

# भारत–पाकिस्तान मैच: बीसीसीआई के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले दस छात्रों पर एफआईआर, फूंका था पुतला



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ शहर में लागू निषेधाज्ञा के बावजूद बिना अनुमति लखनऊ विश्वविद्यालय में बीसीसीआई के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले दस नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ हसनगंज थाने में दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर हसनगंज प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि शनिवार की दोपहर राष्ट्रीय छात्र पंचायत संगठन के छात्रों ने लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट- 3 के पास भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को लेकर बीसीसीआई के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका था। इस मामले में चौकी इंचार्ज लविवि शिशिर कुमार सिंह की तहरीर पर शिवम पांडेय, अमन बहादुर, हिमांशु तिवारी, अमन पटेल, रूद्र प्रताप सिंह, प्रियांशु पांडेय, अभय वर्मा, अंकित निषाद, विवेक पांडेय, अमन यादव, और चार-पांच अज्ञात युवकों के खिलाफ हसनगंज थाने में बीएनएस की धारा 223 (लोक सेवक द्वारा जारी किए गए विधिवत आदेशों की अवज्ञा) के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। इस धारा के तहत आरोपी को छह महीने तक का कारावास या 2,500 रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। अगर उल्लंघन से मानव जीवन, स्वास्थ्य या सुरक्षा को खतरा होता है, तो उसे एक साल तक का कारावास और 5,000 तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलें में लाभान्वित हुए 198207 रोगी

- 1043 गम्भीर रोगियों का उच्च चिकित्सालयों में उपचारार्थ संदर्भन, 3279 गोल्डेन कार्ड वितरित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

स्वास्थ्य सुविधायें एवं सेवायें जनसामान्य, विशेषकर समाज के अन्तिम पायदान पर स्थित लोगों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा 2 फरवरी 2020 से शुभारम्भ किये गये मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के 218 वां मेला आज पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया। मेलों के प्रारम्भ से ही स्वास्थ्य सुविधाओं यथा जॉच-उपचार, गोल्डेन कार्ड के वितरण के साथ स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धता के कारण यह मेला जनता में निरन्तर लोकप्रिय रहा है। इन आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में सभी आगन्तुकों/रोगियों को स्वास्थ्यसुविधायें उपलब्ध कराने के अतिरिक्त व्यक्तिगत व पर्यावरणीय स्वच्छता कीस्वास्थ्य के सन्दर्भ में महत्ता के विषय में अवगत कराया गया। जल-जनितरोगों से बचाव के विषय में चर्चा की गयी। मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचने के लिये सोते समय मच्छरदानी लगाने एवं आस-पास पानी न जमा होने देने की सलाह दी गयी। मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु उपायों का व्यापकप्रचार-प्रसार मेले में किया गया। शुद्ध पेयजल तथा मरीजों के बैठने कीसमुचित व्यवस्था की गयी। तम्बाकू प्रयोग के कारण होने वाली हानि एवंगैर संचारी रोगों से सुरक्षित रहने के सन्दर्भ में भी स्वस्थ जीवन शैलीका अनुसरण करने के विषय में संवेदीकृत किया गया। संतुलित आहार तथा व्यायाम की आवश्यकता के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के विषय में भी लोगों की जिज्ञासाओं का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त गम्भीर रोगियों कोनिःशुल्क एम्बुलेंस से उच्चतर चिकित्सा केन्द्रों पर संदर्भित किया गया। मेले में गोल्डेन कार्ड भी बनाकर वितरित किये गये।आज 218 वां मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलें में 198207 रोगी 83757 पुरूष 80832 महिलाये 33618 बच्चे लाभान्वित हुए एवं 1043 गम्भीर रोगियों का उच्च चिकित्सालयों में उपचारार्थ संदर्भन किया गया तथा 3279 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये।मेले में कुल 5036 चिकित्सक तथा 15344 पैरामेडिकल स्टाफ एवं 2502 आईसीडीएस स्टाफ ने अपनी सेवायें दीं। आज के मेले में 15167 फीवर केसेज आये। डेंगू के 1724 टेस्ट किये गये, जिसमें 14 मरीज धनात्मक पाये गये। आजके आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 176 कोविड एन्टीजन टेस्ट किये गये जिनमें कोविड के लिए धनात्मक पाये गये।अब तक आयोजित कुल मेलों में 139687639 रोगी लाभान्वित हुये, 354408 गम्भीर रोगियों को उच्च केन्द्रों पर संदर्भित किया गया तथा 1935910 गोल्डेन कार्ड बने।

# हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत सरयू दास से अभद्रता, जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद के रामगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भरतगंज स्थित प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर में रविवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब मंदिर के महंत सरयू दास और उनके शिष्य पुजारी साकेत दास से कुछ लोगों ने अभद्रता की।महंत का आरोप है, कि इस दौरान न केवल गाली-गलौज की गई, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी गई। **सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक** महंत सरयू दास रोज की तरह मंदिर परिसर में सफाई कर रहे थे। तभी गनीपुर संसारीपुर गांव निवासी शरद प्रकाश सिंह और उनका पुत्र सौरभ सिंह वहां पहुंचे। दोनों ने महंत और पुजारी के साथ बदसलूकी की। विवाद इतना बढ़ा कि मंदिर में मौजूद भक्त भी हैरान रह गए। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। वीडियो में दोनों आरोपियों को महंत से अभद्रता करते हुए साफ- साफ देखा जा सकता है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। श्रद्धालुओं का कहना है, कि आस्था के स्थल पर इस तरह की हरकत बेहद निंदनीय है। महंत सरयू दास ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि कुछ लोग लंबे समय से मंदिर से पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है, कि यह पूरी घटना उसी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मामले पर प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि पुलिस को शिकायत मिली है। वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। जांच पूरी होते ही आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से स्थानीय श्रद्धालुओं में गुस्सा है। उनका कहना है कि हनुमानगढ़ी मंदिर क्षेत्र की आस्था का केंद्र है।यहां इस तरह की घटनाओं से माहौल खराब हो रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाए और दोषियों को तुरंत जेल भेजा जाए।

## आज हिंदी दिवस बड़े ही प्रेरणादायक ढंग से मनाया गया

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। कार्यक्रम का संचालन बी.पी. सिंह ने किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि डॉ. किरण श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर, फिरोज गांधी कॉलेज रायबरेली रहीं। उन्होंने हिंदी और रायबरेली के संबंध तथा हिंदी के महत्व पर शानदार व्याख्यान प्रस्तुत किया आठ बच्चों को सम्मानित किया गया, प्रतिदिन योग शिविर में उपस्थिति देने वाली दो मातृ शक्तियों को भी सम्मानित किया गया मिशन प्रत्येक माह मातृ शक्तियों को सम्मानित करता रहेगा मातृभूमि सेवा मिशन ने सभी अतिथियों व योग साधकों का आभार व्यक्त किया रायबरेली जिले के वरिष्ठ पत्रकार शिव प्रसाद को मातृभूमि सेवा मिशन के स्मृति चित्र देखकर सम्मानित किया गया। **सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया: और भारत माता की जय घोष** के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# पुलिस की त्वरित कार्रवाई: पांच घंटे में लापता लड़की सकुशल बरामद

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी



मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के आशापुर रुरु गांव में शनिवार देर रात करीब 12 बजे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी बेटी अचानक घर से गायब हो गई है। परिजनों को आशंका थी, कि किसी ने उसका अपहरण कर लिया है। सूचना मिलते ही मोहनगंज पुलिस सक्रिय हो गई और रातभर तलाश अभियान शुरू किया।

आसपास के इलाकों में छानबीन के साथ ही पुलिस ने ग्रामीणों से भी पूछताछ की। लगातार पांच घंटे की मशक्कत के बाद सुबह करीब पांच बजे पुलिस ने लड़की को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने जब लड़की से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह खुद ही घर का ताला खोलकर बाहर निकली थी।किसी ने उसका अपहरण नहीं किया था। इसके बाद पुलिस ने औपचारिकताएं पूरी कर लड़की को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस त्वरित कार्रवाई के बाद परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। वहीं स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की तत्परता और सक्रियता की सराहना की।मोहनगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि लड़की पूरी तरह सुरक्षित है। और मामला अब सुलझ चुका है।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को रौंदा हालत नाजुक, लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद के कमरौली थाना क्षेत्र के रोड नंबर-4 पर रविवार को सराय आलम नियावा निवासी 22 वर्षीय आलोक शुक्ला बाइक से ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि आलोक बाइक समेत करीब 100 मीटर तक ट्रक के नीचे घसीटते चले गए। इस हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद घायल आलोक को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही एम्बुलेंस बुलाई गई। और आलोक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि बाइक और युवक को रोकने का मौका ही नहीं मिला।हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। और चालक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर अंधाधुंध रफ्तार से चलने वाले भारी वाहनों पर नियंत्रण लगाया जाए। आए दिन इस मार्ग पर हादसे होते रहते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग अगर सख्ती से नियम लागू करें तो ऐसी घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। कमरौली थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रक चालक की शिनाख्त की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि घायल युवक की हर संभव मदद के लिए स्थानीय प्रशासन तत्पर है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया हिंदी दिवस

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मातृभाषा हिंदी को समृद्ध करने की प्रार्थना की, कार्यक्रम में हिंदी शिक्षक द्वारा बताया गया कि हमारे देश में सांस्कृतिक और भाषाई विविधता के बावजूद हिंदी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, इसीलिए 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में सर्वसम्मति से हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया और 14 सितम्बर 1953 से हिंदी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए प्रतिवर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। छात्र-छात्राओं द्वारा मातृभाषा हिंदी को संरक्षित और प्रचारित करने का संकल्प लेते हुए प्रसिद्ध हिंदी कवियों के दोहे और कविता का पाठ किया गया। प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे देश की संस्कृति, संस्कार और एकता की प्रतीक राजभाषा हिंदी पर हमें गर्व है।

# हिंदी दिवस पर विद्याकलश हाई स्कूल में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- निबंध,भाषण,कविता और चित्रकला से सजा विद्यालय का प्रांगण

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद के तिलोई तहसील क्षेत्र अंतर्गत खानापुर चपरा स्थित विद्या कलश हाई स्कूल का रविवार का दिन कुछ अलग ही रहा। सुबह से ही विद्यालय परिसर में छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मौका था, हिंदी दिवस समारोह का। बच्चे रंग-बिरंगे परिधान पहनकर अपनी-अपनी प्रस्तुतियों की तैयारी में जुटे हुए थे। और शिक्षक उन्हें प्रोत्साहित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.रामकल्प तिवारी और मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि शिव किशोर तिवारी 'खंजन' ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जैसे ही दीप की लौ जली, पूरे प्रांगण में एक पवित्र और साहित्यिक वातावरण बन गया। कार्यक्रम संयोजक सुरभि शुक्ला ने बताया कि विद्यालय के चारों सदनों मेजर ध्यानचंद, रानी लक्ष्मीबाई, स्वामी विवेकानंद और कल्पना चावला के बीच अंतर- सदनीय प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। निबंध लेखन, भाषण, कवितापाठ स्लोगन निर्माण और चित्रकला प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।मंच पर जब-जब छात्र-छात्राएँ आए,तो उनकी आवाज़ और कला देखकर दर्शक तालियाँ बजाने से खुद को रोक नहीं पाए। कहीं कोई बालक महात्मा गांधी पर प्रभावशाली भाषण दे रहा था,तो कहीं कोई बालिका हिंदी भाषा पर अपनी कविता सुना रही थी। चित्रकला में बच्चों ने भारत माता, स्वतंत्रता सेनानियों और हिंदी दिवस पर आधारित सुंदर चित्र बनाए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ.रामकल्प तिवारी ने हिंदी की महत्ता पर विस्तार से विचार रखते हुए कहा कि हिंदी हमारी पहचान है, हमारी संस्कृति है, और इसी के जरिए विश्व पटल पर भारत की अस्मिता को बल मिलता है। वहीं मुख्य अतिथि शिव किशोर तिवारी 'खंजन' ने अपनी कविताओं के माध्यम से मातृभाषा हिंदी को पुष्पांजलि अर्पित की। उनकी कविताओं ने उपस्थित छात्रों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित होते ही विजेता छात्रों के चेहरे खुशी से चमक उठे। भाषण प्रतियोगिता में आरज़ू ख़ान, अक्षत तिवारी और वैष्णवी निबंध में नंदिनी और अक्षत, चित्रकला में साक्षी और अंकुर स्लोगन में श्वेता, वहीं कविता पाठ में तुबा ख़ान, कुलसुम ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधक डॉ. आलोक तिवारी, डॉ.जया त्रिपाठी समेत शिक्षकगण और अभिभावक मौजूद रहे। समारोह का संचालन हिमांशु मिश्रा ने किया। हिंदी दिवस पर आयोजित यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल प्रतियोगिता का मंच बना, बल्कि अपनी मातृभाषा के प्रति प्रेम और सम्मान प्रदर्शित करने का अवसर भी साबित हुआ।

## गांव की महिला को मनाने के लिए अपनाया साम, दाम, दंड, भेद का फार्मूला

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र से एक बेहद गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, एक महिला प्रकरण को हल करने के लिए अपने **मैनेजमेंट गुरु** कहे जाने वाले सहयोगी को बड़ी **डील** सौंप दी है। आदेश स्पष्ट है- जमुरावां गांव की महिला को किसी भी कीमत पर संतुष्ट किया जाए, चाहे उसके लिए साम, दाम, दंड या भेद-कोई भी तरीका अपनाना पड़े। इस मामले को एक तेजतर्रार महिला सिपाही को सौंपा गया है, जिससे सवाल उठता है कि पुलिसिया तंत्र इस मामले को हल करना चाह रहा है या दबाना? अब सभी की निगाहें सोमवार पर टिकी हैं—क्या पीड़िता सीधे कप्तान साहब की चौखट पर पहुंचेगी, या मामला किसी समझौते के तहत खत्म कर दिया जाएगा? आखिर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही महराजगंज कोतवाली पुलिस? स्थानीय सूत्रों का दावा है कि यह कोई पहला मामला नहीं है।

# परिवार परामर्श केंद्र की बैठक आयोजित, 05 विवादों का मौके पर किया निस्तारण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर में रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आयोजित परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में 5 पारिवारिक विवादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया गया।

जानकारी के अनुसार 14 सितंबर को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आयोजित परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में पारिवारिक विवाद पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें 05 पत्रावलियों का सफल निस्तारण संभव हुआ, परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी एवं अन्य परिजनों के मध्य सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया, कि बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। अब हम अपने परिवार के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पक्षों को सलाह दी गयी कि अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरुआत करें। पारिवारिक विवाद निस्तारण में परामर्शदाता अरून कुमार यादव, तनवीर जहाँ, देवतादीन दूबे, महिला थाना प्रभारी पूनम यादव व महिला कां0 मनीषा, म0कां0 पूजा व ज्योति का सराहनीय योगदान रहा। बैठक में यासमीन बनाम आजाद निवासी थाना को0 नगर जनपद बलरामपुर, पिंकी पाण्डेय बनाम राजन पाण्डेय निवासी थाना को0 देहात बलरामपुर, ताहिरा बनाम सलमान खान निवासी थाना हर्रैय्या बलरामपुर, प्रीती बनाम अखिलेश कुमार निवासी थाना हर्रैय्या बलरामपुर व लाल बछरु बनाम इस्तिखार अहमद निवासी श्रीदत्तगंज बलरामपुर के आपसी विवादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराया गया।

## थाना दिवस पर मिल एरिया में डीएम-एसपी ने सुनी लोगों की शिकायतें, समयबद्ध निस्तारण का दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस/रायबरेली ।जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने मिल एरिया में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने भूमि पर अवैध कब्जे, मारपीट, आपसी रंजिश, महिला उत्पीड़न आदि से संबंधित शिकायतें आयीं। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाए। डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। जिससे कि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा।

# पति ने पत्नी की प्रेमी से करवा दी शादी

- कमरौली क्षेत्र का अनोखा मामला, बना चर्चा का विषय

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद के कमरौली थाना क्षेत्र के दीना का पुरवा मजरे सिंदूरवा गाँव में एक विवाहिता अपने प्रेमी के मोह से निकल नहीं पाई और आखिरकार पति ने ही सामाजिक विवाद से बचने के लिए पत्नी की शादी उसके प्रेमी से करवा दी। यह मामला पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। गाँव निवासी शिवशंकर का विवाह बीते दो मार्च को रानीगंज उत्तरगाँव निवासी उमा प्रजापति से सामाजिक और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ था। शादी के बाद उमा ससुराल पहुँची और कुछ समय तक वहीं रही। लेकिन इसी दौरान उसका अपने पुराने प्रेमी से बातचीत और मुलाकात का सिलसिला जारी रहा। पति को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने पहले समझाने-बुझाने का प्रयास किया। मगर उमा अपने प्रेमी से रिश्ता तोड़ने को तैयार नहीं हुई। और उसी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही।इससे परिवार में लगातार तनाव और विवाद की स्थिति बनने लगी। पति शिवशंकर को भी आशंका सताने लगी कि कहीं मामला और गंभीर रूप न ले ले। आखिरकार आपसी सहमति से शिवशंकर ने बड़ा कदम उठाते हुए पत्नी उमा को उसके प्रेमी के साथ विदा कर दिया। यह विदाई जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक मंदिर में सम्पन्न हुई, जहाँ बाकायदा वरमाला और सिंदूर चढ़ाकर दोनों को सामाजिकमान्यता दी गई। गाँव और आसपास के क्षेत्रों में यह घटना चर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई है।

# पैरामेडिकल के नाम पर फर्जीवाड़ा: दर्जनों छात्राएं ठगी का शिकार, इंस्टीट्यूट मालिक फरार

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद में शिक्षा के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे, अमेठी इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एंड साइंस के खिलाफ छात्राओं ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। संस्थान पर आरोप है कि पैरामेडिकल कोर्स में दाखिले के नाम पर मोटी रकम ली गई, लेकिन न तो सही ढंग से कक्षाएं संचालित की गई और न ही किसी मान्यता प्राप्त संस्था से परीक्षा व प्रमाणपत्र दिलाए गए। रविवार को दर्जनों छात्राएं और अभिभावक कोतवाली अमेठी पहुंचे और संस्थान संचालक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित छात्राओं का कहना है कि उन्हें बेहतर भविष्य और डिप्लोमा की गारंटी का झांसा देकर प्रवेश कराया गया था,लेकिन पढ़ाई बीच में ही ठप हो गई।कई महीनों से न तो शिक्षक आते थे और न ही कक्षाएं नियमित रूप से चल रही थीं। छात्राओं का आरोप है कि जब वे अपने कोर्स और प्रमाणपत्र की मांग करने लगीं तो संस्थान का मालिक अचानक फरार हो गया।इस घटना के सामने आने से अभिभावकों में गहरा आक्रोश है। फर्जी संस्थान के खुलासे के बाद अमेठी कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित छात्राओं से तहरीर ली गई है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में शिक्षा और रोजगार के नाम पर ऐसे फर्जीवाड़े लगातार बढ़ रहे हैं और प्रशासन को समय रहते कठोर कदम उठाने चाहिए ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एंड साइंस का मालिक अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर है।उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश तेज कर दी गई है।

## कोयलावास इंडो-नेपाल सीमा पर आवागम धीरे-धीरे हो रहा सामान्य

बलरामपुर। जनपद बलरामपुर से सटे हुए नेपाल राष्ट्र की सीमा कोयलावास पर स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। भारत से नेपाल तथा नेपाल से भारत में आने वाले लोगों की वैधानिकता की जांच कर आने जाने की इजाजत दी जा रही है ।

आवागमन में सुधार होने से सीमावर्ती बाजारों में भी अब रौनक लौट रही है। जानकारी के अनुसार भारत नेपाल सीमा पर सघन जांच एवं परीक्षण के उपरांत वर्तमान में आवश्यक आवागमन बिना किसी रुकावट के जारी है। नेपाल की स्थिति सामान्य होने के साथ-साथ धीरे धीरे जनजीवन पटरी पर लौट रहा है। भारत नेपाल के जरवा कोयलवास स्थित चेक पोस्ट एवं अन्य आवागमन पथों पर आने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की नागरिकता की सघन जांच एवं सत्यापन सशस्त्र सीमा बल के कार्मिकों द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। जांच उपरांत नागरिकों को निर्बाध रूप से आवागमन की अनुमति प्रदान की जा रही है। साथ ही राष्ट्रविरोधी तत्वों पर सशस्त्र सीमा बल की कड़ी निगरानी निरंतर जारी है ताकि सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सामान्य स्थिति बनी रहे।

# हिंदी-दिवस के अवसर पर विद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन

जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में रविवार को तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में रविवार को हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 14 सितंबर को आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस हर्षोल्लासके साथ मनाया गया। यह आयोजन हिंदी भाषा की समृद्ध परंपरा, उसके महत्व और राष्ट्रीय एकता में उसकी भूमिका को समर्पित था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। विद्यालय की हिंदी प्रवक्ता बीना पाण्डेय ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि हिंदी केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और आत्मगौरव का परिचायक है। हमें चाहिए कि हम अपने दैनिक जीवन में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें और इसे नई पीढ़ी तक गर्व के साथ पहुंचाएं। हिंदी संस्कृत की वंशज हैं हिंदी हमारी मातृभाषा है और अपनी ही भाषा में अपने भावों और विचारों को अच्छे से व्यक्त कर सकते हैं सब उन्नति का आधार है हिंदी। हमें हमेशा सभी भाषाओं में इसे शीर्ष स्थान पर रखना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ डी पी सिंह ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंदी राष्ट्र की आत्मा है और इसका संरक्षण तथा संवर्धन प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। विद्यालय की शिक्षिका काजल मिश्रा ने हिंदी दिवस पर एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया और सब के मन को मोह लिया। छात्र-छात्राओं ने काव्य पाठ, भाषण, निबंध लेखन, वाद-विवाद एवं लघु नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से हिंदी के महत्व को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। इन गतिविधियों ने दर्शकों में अपार उत्साह एवं गर्व की भावना का संचार किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की छात्रा वंशिका वर्मा कक्षा 11 द्वारा किया गया। कशिश सिंह, अंशिका कसौधन, रिमझिम जयसवाल, अमन सोनी, प्रतिभा मौर्या व नैंसी तिवारी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी, जिससे विद्यालय प्रांगण हिंदीमय हो गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की हिंदी विभाग की ओर से किया गया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर हेमलता सिंह, आकांक्षा सिंह, ज्ञानेश्वर नाथ मिश्रा, आनंद पांडेय, आकाश श्रीवास्तव, अभिलेश मिश्रा, आदित्य पांडेय सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे और भाषा प्रेम को विद्यार्थियों के चरित्र में आत्मसात किया जाएगा। '**राजभाषा हिंदी गौरव हमारी पहचान**' इस मूल मंत्र के साथ हिंदी दिवस समारोह का समापन हुआ।

# उत्तराखंड एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्स प्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 15 सितंबर, 2025






**नेपाल हिंसा: मौतों का आंकड़ा पहुंचा 72...**

नेपाल में भ्रष्टाचार और आर्थिक असमानता के खिलाफ भड़केजेन-जेड प्रदर्शनों में अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 59 प्रदर्शनकारी, तीन पुलिसकर्मी और 10 कैदी शामिल हैं, जो जेल से भागने की कोशिश कर रहे थे। हालात बिगड़ने के बीच देश की... पढ़ें पेज 12 पर...

# हरिद्वार अर्द्धकुंभ 2027

## पहली बार शाही स्नान में जुटेंगे अखाड़े और साधू-संन्यासी

- रविवार को निरंजनी अखाड़े में सभी अखाड़ों की बैठक आयोजित की जाएगी...
- नासिक में सिंहस्थ कुंभ 2 अगस्त 2027 से 24 जुलाई 2028 तक चलेगा...

**जन एक्सप्रेस । हरिद्वार**



**शाही स्नान की तिथियां:**
- पहला स्नान: 2 अगस्त 2027 (दर्श अमावस्या)
- दूसरा स्नान: 31 अगस्त 2027
- तीसरा स्नान:12 सितंबर 2027
- समापन: 24 जुलाई 2027

उत्तराखंड के हरिद्वार में 2027 का अर्द्धकुंभ मेला 6 मार्च महाशिवरात्रि से शुरू होगा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि ने तिथियों की घोषणा करते हुए बताया कि इस बार पहली बार कुंभ की तरह अर्द्धकुंभ में भी अखाड़े और साधु-संन्यासियों के शाही स्नान होंगे। नासिक में सिंहस्थ कुंभ 2 अगस्त 2027 से 24 जुलाई 2028 तक चलेगा। श्रीमहंत हरि गिरि ने कहा कि हरिद्वार अर्द्धकुंभ मेले में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे।
रविवार को निरंजनी अखाड़े में सभी अखाड़ों की बैठक आयोजित की जाएगी जिसका सानिध्य जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि महाराज करेंगे।
बैठक की अध्यक्षता निरंजनी अखाड़े के सचिव व अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी करेंगे। बैठक में साधु-संतों से सुझाव लिए जाएंगे, ताकि 2027 का हरिद्वार अर्द्धकुंभ मेला ऐतिहासिक और यादगार बने।
अखाड़ा परिषद और उत्तराखंड सरकार अर्द्धकुंभ को ऐतिहासिक और याद गार बनाने के लिए सभी पहल कर रही हैं।

### सांसद खेल महोत्सव: 20 सितंबर तक पंजीकरण जरूरी

**जन एक्सप्रेस । हरिद्वार**

प्रधानमंत्री मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों के लिए हरिद्वार में बैठक हुई। सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि यह महोत्सव केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं में ऊर्जा, अनुशासन और राष्ट्रीय चेतना जगाने का अभियान है। 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की जयंती पर पंजीकरण अभियान की शुरुआत हुई थी।
उन्होंने, अफसरों को निर्देश दिए कि 20 सितंबर तक हर विद्यालय और महाविद्यालय से न्यूनतम 10 प्रतिभागियों का पंजी करण कराया जाए। हरिद्वार जिले में करीब 2400 विद्यालयों से सह भागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## ऋषिकेश में भारी बारिश से ढालवाला जलमग्न, कई वाहन डूबे, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

**जन एक्सप्रेस । ऋषिकेश**



उत्तराखंड में आज भी मौसम बदला हुआ है। सुबह ऋषिकेश में हुई तेज बारिश से ढालवाला क्षेत्र पूरी तरह जलमग्न हो गया। अचानक आए पानी में कई वाहन डूब गए और कई वाहन फंसकर क्षतिग्रस्त हो गए। बारिश थमने के बाद राहत कर्मियों और पुलिस की मदद से यातायात को सुचारू किया गया। ऋषिकेश के अन्य इलाकों में भी जलभराव की स्थिति बनी रही।

**कई जिलों में बारिश का अलर्ट**

मौसम विभाग ने देहरादून, पौड़ी, नैनीताल और बागेश्वर जिलों के कुछ इलाकों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि बारिश के दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन और मैदानी इलाकों में जलभराव की स्थिति बन सकती है।

**18 सितंबर तक बनी रहेगी बारिश की संभावना**

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, प्रदेश में 18 सितंबर तक रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है।

# एआई के भविष्य पर हरिद्वार में भव्य अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार

**जन एक्सप्रेस । चंद्रप्रकाश बहुगुणा**



**हरिद्वार।** उत्तराखंड की पावन धरती, देवभूमि हरिद्वार, 16 सितंबर को एक ऐति हासिक आयोजन का गवाह बनने जा रहा है। देवसंस्कृति विश्व विद्यालय (डीएसवीवी), हरिद्वार में पहली बार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के विश्वास और भविष्य को लेकर एक भव्य अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एआई की ओर बढ़ती दुनिया में भारत के बढ़ते महत्व और वैश्विक नेतृत्व को दर्शाता है।
इस सेमिनार का उद्घाटन समारोह बेहद खास होगा, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, और देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहेंगी। इन गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि एआई जैसे महत्वपूर्ण विषय पर एआई के गम्भीर पक्ष के लिए भारत सरकार और विश्व की ख्याति प्राप्त संस्थाएं, दोनों की गहरी रुचि है।
इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर, एआई के भविष्य पर चर्चा करने के लिए 20 से अधिक देशों से नामचीन वैज्ञानिक, विचारक, नीति-निर्माता और टेक्नोलॉजी लीडर्स हरिद्वार आ रहे हैं। इनमें संयुक्त राष्ट्र (यूएन), अमेरिका, इटली और स्विट्जरलैंड जैसे देशों के विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस सेमिनार में नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रमुख एआई संगठनों के सीईओ भी अपनी विशेषज्ञता साझा करेंगे।
यह देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है कि वह ऐसे वैश्विक दिग्गजों को एक साथ ला पा रहा है यह सेमिनार सिर्फ तकनीकी पहलुओं तक सीमित नहीं रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य एआई के बढ़ते उपयोग से उत्पन्न होने वाली संभावनाओं और चुनौतियों का वैश्विक स्तर पर शोध-आधारित चर्चा करना है। मंच पर एआई के तकनीकी पक्ष, जैसे मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और ऑटोमेशन, पर तो बात होगी ही, साथ ही इसके सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक प्रभावों पर भी गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।
एआई समाज को कैसे प्रभावित करेगा, रोजगार के अवसर कैसे बदलेंगे, और नैतिक सीमाएं क्या होनी चाहिए, इन सभी पहलुओं पर विशेषज्ञों द्वारा प्रकाश डाला जाएगा। यह सेमिनार देवसंस्कृति विश्व विद्यालय, इंटर- पार्लियामेंट्री यूनियन (स्विट्जरलैंड), फ्यूचर ऑफ लाइफ इंस्टीट्यूट (अमेरिका) और इंडिया एआई मिशन (भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जो इसके महत्व को और बढ़ाता है। यह साझेदारी दिखाती है कि एआई जैसे विषय पर वैश्विक सहयोग कितना जरूरी है।
सेमिनार का समापन समारोह उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह की अध्यक्षता में होगा, जो इस आयोजन को एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष की ओर ले जाएगा। यह आयोजन न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे भारत के लिए एक महत्वपूर्ण इतिहास लिखने जा रहा है, जो एआईके भविष्य को एक नई दिशा देने में मदद करेगा।
इस सेमिनार से निकलने वाले निष्कर्ष एआई के उपयोग के लिए एक वैश्विक रोडमैप बनाने में सहायक हो सकते हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह तकनीक मानवता के कल्याण के लिए काम करे, न कि उसके खिलाफ। यह आयोजन एआई के युग में भारत को एक नैतिक और दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान करने के लिए एक मजबूत कदम साबित होगा।

### कल्पना वर्मा ने उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2025 के लिए बनाई जगह

**जन एक्सप्रेस । रुद्रपुर**

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा और पंत नगर की एकमात्र महिला क्रिकेटर कल्पना वर्मा ने क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। अंडर-19 और अंडर-23 टीमों में चयनित होने के बाद अब वह उत्तराखंड प्रीमियर लीग 2025 के लिए भी चयनित हुई हैं। वर्तमान में कल्पना सीनियर महिला क्रिकेट टीम के कैम्प में अभ्यास कर रही हैं और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने की तैयारी कर रही हैं। साधारण परिवार से आने वाली कल्पना के पिता उमेश वर्मा विश्व विद्यालय के कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में कार्यरत हैं। उनकी सफलता में अमृति देवी क्रिकेट एकेडमी, बिंदुखत्ता का भी अहम योगदान रहा, जहाँ उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण मिला।
विश्वविद्यालय परिवार और प्रदेश वासियों ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व जताया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पिथौरागढ़ में पुलिस ने सुनी बुजुर्गों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस/पिथौरागढ़।** जनपद पुलिस इन दिनों विशेष पहल के तहत बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रही है। इसी क्रम में कोतवाली पिथौरागढ़ के एसएचओ ललित मोहन जोशी के नेतृत्व में एंचोली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कमलेश जोशी और उपनिरीक्षक मनोज जलाल ने क्षेत्र के कई बुजुर्गों से भेंट की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बुजुर्गों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली और आश्वस्त किया कि किसी भी परेशानी में वे नि:संकोच पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी।

### अल्मोड़ा में 17 सितंबर से चलेगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

**जन एक्सप्रेस/अल्मोड़ा।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' चलाया जाएगा। इस दौरान सीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और पीएचसी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनसी तिवारी ने बताया कि शिविरों में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग और जांच के साथ ही नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे और रक्तदान शिविर भी लगाए जाएंगे।

### पूर्व मंत्री भौर्याल ने जाना आपदा प्रभावितों का हाल, हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

**जन एक्सप्रेस/ बागेश्वर।** पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने विधानसभा क्षेत्र कपकोट की पिंडर घाटी का दौरा कर आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने तल्ला वाछम और बदियाकोट क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर दैवीय आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। भौर्याल ने प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद किया और उन्हें, हर संभव सहायता एवं सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि विक्रम सिंह शाही, भाजपा नेता लक्ष्मण देव, विक्की देवली, लोकपाल दानू, ग्राम प्रधान दिनेश दानू, कमला आर्या और आनंद राम सहित कई लोग मौजूद रहे।

### हरिद्वार में हरियाणा पुलिस पर बदमाश की फायरिंग, सब-इंस्पेक्टर गंभीर

**जन एक्सप्रेस/ हरिद्वार।** हरियाणा पुलिस हरिद्वार बस अड्डे पर एक बदमाश को पकड़ने पहुंची थी, तभी बदमाश ने सब-इंस्पेक्टर पर गोली चला दी। पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल होकर नीचे गिर गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल दरोगा को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें, हायर सेंटर रेफर किया गया।
घटना के दौरान बदमाश मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, आरोपी सुनील ने पहले भी भिवानी के एसपी को जान से मारने की धमकी दी थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।

### धारचूला पुलिस ने लोगों के साथ की बैठक, समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

**जन एक्सप्रेस/पिथौरागढ़।** थल में उत्तर प्रदेश से भेजी गई आपदा राहत सामग्री और खाद्यान्न किट आपदा प्रभावित परिवारों को बांटी गई। नायब तहसीलदार शंकर लाल वर्मा ने बताया कि वितरण कार्य जारी है। इस दौरान रजिस्ट्रार कानूगो सुरेश गिरी और राजस्व उपनिरीक्षक दीपक पंचोली भी मौजूद रहे।

### एमबीपीजी के दो प्राध्यापक जेएनयू में उच्च शिक्षा प्रशिक्षण के लिए चयनित

**जन एक्सप्रेस/हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन एवं ज्ञानवर्धन प्रशिक्षण योजना के तहत एमबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की दो प्राध्यापिकाएं-गृह विज्ञान विभाग की डॉ. दीपा सिंह और इतिहास विभाग की डॉ. ज्योति टम्टा- जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में विशेष प्रशिक्षण के लिए चयनित हुई हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को और उन्नत करना है। प्राचार्य प्रोफेसर एनएस बनकोटी और डॉ. बीआर पंत ने चयन पर खुशी जताई।

### छात्रों ने वाद-विवाद में जताए विचार: क्या एआई मानव नौकरियां छीन लेगा

**जन एक्सप्रेस/देहरादून।** सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 9 से 11वीं के छात्रों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्रों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मानव नौकरियों के बीच संभावित प्रतिस्पर्धा पर पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे। विजयी छात्रों को बलूनी ग्रुप के एमडी विपिन बलूनी और स्कूल प्रिंसिपल पंकज नौटियाल ने प्रमाणपत्र प्रदान किए।
इस मौके पर एमडी विपिन बलूनी ने कहा कि स्कूल का उद्देश्य छात्रों का चतुर्मुखी विकास करना है। उन्होंने, छात्रों की सक्रिय भागीदारी, भाषण कौशल, आत्मविश्वास और उच्चारण की सराहना की। प्रतियोगिता ने छात्रों को सम-सामयिक विषयों पर सोचने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और चुनौती का सामना करने का अवसर प्रदान किया।

### अंतरराष्ट्रीय सफेद छड़ी दिवस समारोह की तैयारी, दिव्यांगों ने समस्याएं साझा कीं

**जन एक्सप्रेस/अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय दृष्टि हीन संघ की मासिक बैठक में दिव्यांगों ने अपनी समस्याएं साझा कीं और 15 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय सफेद छड़ी दिवस समारोह घूम-घाम के साथ मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सभी दृष्टि दिव्यांग प्रतिभाग करेंगे। बैठक में डॉ. जेसी दुर्गापाल, प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य चन्दमणी भट्ट, महेंद्र सिंह अधिकारी, स्वाति तिवारी, सुनैना मेहरा, तनुज भट्ट, अमित कुमार, प्रमोद कुमार, दिनेश वाल्मीकि, हेमा डालाकोटी और रेशमा परवीन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### अब देहरादून में ही रेल कर्मचारियों का पीएमई, मुरादाबाद जाने की आवश्यकता नहीं

**जन एक्सप्रेस/देहरादून।** रेलवे कर्मचारियों को अब प्री मेडिकल एग्जामिनेशन (पीएमई) के लिए मुरादाबाद नहीं जाना पड़ेगा। यह सुविधा अब देहरादून के अस्पताल में शुरू कर दी गई है। नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के शाखा अध्यक्ष नरेश गुरुंग ने बताया कि रेल कर्मचारियों को समय पर पीएमई कराना अनिवार्य है, जिससे प्रमाण पत्र भी जारी होता है।
पहले इसके लिए मुरादाबाद जाना पड़ता था, लेकिन यूनियन के प्रयासों से यह सुविधा देहरादून में उपलब्ध हो गई है। शनिवार को कर्मचारियों ने पीएमई टेस्ट करवाकर प्रमाण पत्र बनाए। इस अवसर पर सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र कुमार त्यागी भी मौजूद रहे।

## तीसरी बार बने यूकेडी के जिला अध्यक्ष गणेश काला

- निर्विरोध चुने गए गणेश काला, कार्यकर्ताओं ने जताया विश्वास...

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**




**विकास नगर।** रविवार को जिला पछवादून के डाक पत्थर रोड, विकास नगर स्थित कार्यालय में केंद्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला पछवादून का द्विवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ।
अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखण्ड क्रांति दल के केंद्रीय संरक्षक सुरेंद्र कुकरेती तथा पर्यवेक्षक मीनाक्षी घिल्डियाल, प्रभारी मनोज कंडवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।
कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिला अध्यक्ष पछवादून गणेश प्रसाद काला ने अपने 2 वर्षो के कार्यकाल की रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत की। तत्पश्चात उन्होंने अपना इस्तीफा पर्यवेक्षक को सौंपा। इसके उपरांत पर्यवेक्षक ने जिला अध्यक्ष पद हेतु सदन से आवेदन आमंत्रित किए।
सर्वसम्मति और निर्विरोध निर्णय के पश्चात, सदन ने पुनः गणेश प्रसाद काला पर अपना विश्वास व्यक्त किया और पर्यवेक्षक की संस्तुति पर उन्हें पुनः जिला अध्यक्ष, पछवादून नियुक्त किया गया।
इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष गणेश प्रसाद काला ने दल के शीर्ष नेतृत्व के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवसर केवल सम्मान नहीं बल्कि बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने, कहा कि पछवादून के वरिष्ठ पदाधिकारियों और समर्पित कार्यकर्ताओं ने जिस विश्वास और समर्थन के साथ उन्हें पुनः जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है, वह उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है।
श्रीकाला ने कहा कि वे सदैव कार्य कर्ताओं और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और हर परिस्थिति में संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे।
उन्होंने, कहा कि अब समय आ गया है कि युवा शक्ति, महिला शक्ति, पूर्व सैनिकों और वरिष्ठजनों की अनुभव संपदा को एकजुट कर उत्तराखण्ड क्रांति दल की विचारधारा को घर-घर पहुँचाया जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे किए जाएं।
इस मौके पर कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह नेगी,उपाध्यक्ष जितेन्द्र पंवार, महामंत्री मायाराम ममगाई, महामंत्री अतुल बैजवाल, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुकरेती (ठेकेदार ),सचिव सुमित राणा, सचिव अनिल पंवार, सह सचिव हरिश कुनियाल, सह सचिव मनीष पाल, प्रवक्ता नरेन्द्र कुकरेती, जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ प्रवीण सिंह नेगी, उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बीना पंवार आदि।

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले में सेवा पखवाड़ा, तैयारियों को लेकर सीडीओ ने ली बैठक

**जन एक्सप्रेस । उत्तरकाशी**



मुख्य विकास अधिकारी एस.एल सेमवाल की अध्यक्षता में विकास भवन कार्यालय में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा थीम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान और पर्यावरण सरंक्षण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
मुख्य विकास अधिकारी ने आगामी 17 सितंबर को समस्त ब्लॉकों में बहुउद्देशीय शिविर तथा सेवा पखवाड़ा को लेकर सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत संचालित की जाने वाली गति विधियों को समयबद्ध ढंग से, जन भागीदारी सुनिश्चित करते हुए संपादित किया जाए। आगामी 17 सितंबर को बहुउद्देशीय शिविर विकासखंड मोरी, नौगांव, चिन्यालीसौड़, डुंडा, भटवाड़ी विकासखण्ड मुख्यालयों तथा विकास खण्ड पुरोला में शिविर का आयोजन तहसील परिसर पुरोला में आयोजित किया जाएगा।
मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा की शुरुआत स्वच्छता कार्यक्रम से की जाएगी तथा 17 सितंबर को बहुउद्देशीय शिविर में विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित करने के साथ ही राज्य सरकार की जन- कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। बहुउद्देशीय शिविर में जन प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिकों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।
सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत समस्त विकासखंडों में स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य और दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण के साथ दिव्यागजनों से संबंधित योजनाओं की जानकारी और यूडीआईडी कार्ड भी बनाए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन 17 सितंबर को भटवाड़ी विकासखण्ड मुख्यालय, 19 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुंडा, 22 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़, 23 सितंबर को सामु - दायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव, 24 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी तथा 25 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरोला में किया जाएगा।
बैठक में पुलिस उपाधीक्षक जनक पंवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएस रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी वीसी के माध्यम से भी उपस्थित रहे।

## हिंदी दिवस पर राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में विविध कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । रुद्रप्रयाग**




राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई,राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग एवं माय भारत-रुद्रप्रयाग के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विविध सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।
कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, हिंदी क्विज और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर राहुल डबराल, उपनिदेशक माय भारत ने हिंदी भाषा के महत्व पर जानकारी दी और इसे हमारी सांस्कृतिक विरासत की आत्मा बताया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आशीष नौटियाल ने अपनी कविता के माध्यम से हिंदी की भावनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की, जिसे जनसमूह ने सराहा। एनएसएस नोडल अधिकारी श्रीकांत नौटियाल ने हिंदी दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से भाषा के प्रचार-प्रसार में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन अंविता सिंह ने किया। समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## डाकपत्थर बैराज पुल से युवक ने उफनती नदी में छलांग लगाई, हिमाचल प्रदेश निवासी, पुलिस तलाश में जुटी

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**

**विकास नगर।** डाकपत्थर पुलिस क्षेत्र अंतर्गत डाकपत्थर बैराज पुल पर रविवार को एक दर्दनाक घटना ने सबको स्तब्ध कर दिया। एक युवक ने पुल के ऊपर से उफनती यमुना नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक हिमाचल प्रदेश का निवासी है, लेकिन उसकी पहचान अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।
घटना के बाद पुलिस ने व्यापक खोजबीन की, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला है। चौकी प्रभारी डाकपत्थर विवेक गुप्ता ने कहा कि घटना रविवार की है। जब पुल पर से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने देखा कि एक 20-25 वर्षीय युवक अचानक रेलिंग के ऊपर चढ़ गया और बिना किसी देरी के तेज बहाव वाली नदी में कूद पड़ा। चीख-पुकार मचने पर आस पास के लोग दौड़े, लेकिन तेज बहाव के कारण कोई बचाव संभव नहीं हो सका। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक के हाथ में कोई सामान नहीं था और वह उदास मुद्रा में पुल पर टहल रहा था, इससे पहले कि वह अचानक कूद पड़े।
पुलिस को सूचना मिलते ही डाक पत्थर थाने की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने नदी के आसपास के क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चला रही है।
हालांकि, उफनते पानी और तेज धारा के कारण अब तक कोई सफलता नहीं मिली है।
पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है और आसपास के जिलों सहित हिमाचल प्रदेश पुलिस से भी संपर्क किया गया है ताकि, युवक की पहचान हो सके।
प्रत्यक्षदर्शी ने बताया हम पुल से गुजर रहे थे तभी देखा कि लड़का ऊपर चढ़ गया। हमने चिल्लाकर रोका, लेकिन वह नहीं माना और कूद गया। नदी का पानी इतना तेज था कि कुछ ही सेकंड में वह बह गया।?एक अन्य स्थानीय निवासी ने कहा कि युवक हिमाचल के लहजे में बोल रहा था, जो घटना स्थल पर कुछ देर पहले देखा गया था।
पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है, लेकिन, सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। युवक के परिजनों से संपर्क की कोशिश की जा रही है। क्षेत्र में मानसून के कारण नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है, जिससे बचाव कार्य में कठिनाई हो रही है। सर्च ऑपरेशन सोमवार सुबह फिर से शुरू होगा।
यह घटना क्षेत्र में सनसनी फैला रही है और स्थानीय प्रशासन ने पुल पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। यदि युवक का शव मिलता है, तो पोस्टमॉर्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई जानकारी हो तो थाने में संपर्क करें।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# नेपाल के जेन–जी के साथ फिर बड़ा धोखा हो गया क्या?

**राष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से यह भी बताया गया है कि अंतरिम प्रधानमंत्री को छह महीने के भीतर देश में चुनाव कराने का निर्देश दिया गया है। गौर कीजिएगा, सुशीला कार्की के शपथ ग्रहण समारोह का नेपाल की संसद के दोनों सदनों के अध्यक्षों और सांसदों ने बहिष्कार किया। राष्ट्रपति भवन से निमंत्रण मिलने पर भी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देवराज घिमिरे और राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष नारायण दहल शपथ ग्रहण समरोह में नहीं पहुंचे। ध्यान रहे, घिमिरे केपी ओली की पार्टी के सांसद हैं जबकि दहल पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचण्ड की पार्टी के नेता है।**

*नेपाल और नेपाल जैसे कई लोकतांत्रिक देशों में युवाओं के साथ लगातार छल होता रहा है। कई देशों में युवाओं ने सड़क पर उतर कर अपने साथ किए गए धोखे का जवाब भी देने की कोशिश की लेकिन विडंबना देखिए कि एक लंबी लड़ाई लड़ने के बावजूद भी युवाओं के हाथ अंत में खाली ही रह जाते हैं। नेपाल के ज्यादातर युवा आंदोलनकारी अपने आपको अब इसी स्थिति में महसूस कर रहे हैं। हिंसा या हिंसक आंदोलन को किसी भी स्थिति में जायज नहीं ठहराया जा सकता। यह भी अपने आप में एक तथ्य है कि नेपाल में जिस तेजी से अचानक जेन-जी युवा आक्रमक अंदाज में सड़कों पर उतर गए, उसमें किसी विदेशी ताकत के हाथ से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन यह भी यह स्थापित तथ्य है कि दुनिया का कोई भी देश किसी भी देश में गड़बड़ी तभी करा पाता है,जब उस देश में लोगों का असंतोष चरम पर पहुंच जाता है। नेपाल में उसी तरह के हालात बन गए थे,इससे भला कौन इनकार कर सकता है। नेपाल की सड़कों पर उतर कर हंगामा करने वाले जेन-जी प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगों में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना, राजनीतिक अव्यवस्था एवं भाई-भतीजावाद को खत्म करने के साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगे प्रतिबंध को हटाना था। लेकिन सड़कों पर उतरे युवा एक सुर में कह रहे थे कि उन्होंने अपने देश में बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर आंदोलन किया है। नेपाली युवा एक सुर में सत्ता सुख भोग रहे या सत्ता सुख भोग चुके नेताओं को पूरी तरह से हटा देना चाहते थे। लेकिन क्या वाकई उनकी यह मंशा पूरी हुई ? नेपाल में शांति स्थापित करने के नाम पर पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में सत्ता सौंप दी गई है। आपको बता दें कि, 7 जून 1952 को जन्मी सुशीला कार्की, नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय की प्रथम महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही, वह नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गई हैं। लेकिन बुजुर्ग नेताओं से त्रस्त नेपाल को शांति स्थापित करने के नाम पर 73 वर्ष की एक नई प्रधानमंत्री के हाथों में सौंप दिया गया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल तो यही खड़ा हो रहा है कि क्या 73 वर्ष की सुशीला कार्की नेपाल के जेन-जी प्रदर्शनकारियों के साथ न्याय कर पाएंगी? उनकी परेशानियों और दिक्कतों को समझ कर, दूर कर पाएंगी ? अगर सिर्फ चुनाव करा देना ही समस्या का समाधान होता तो नेपाली युवाओं को सड़कों पर क्यों उतरना पड़ता? यह भी ध्यान रखिएगा कि जो भी व्यक्ति (भले ही वह किसी भी पद पर रहा हो) सत्ता प्रतिष्ठान का हिस्सा रहा हो वो उस व्यवस्था में कभी भी बड़ा और व्यापक बदलाव नहीं ला सकता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इतने बड़े बवाल के बावजूद बुजुर्ग नेताओं के रवैए में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। ये सब आज भी अपने-अपने राजनीतिक दलों पर कब्जा जमाए बैठे हैं और अभी से इन्होंने बदलाव का विरोध करना शुरू कर दिया है। नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने शुक्रवार शाम को सुशीला कार्की को शीतल निवास में अंतरिम प्रधानमंत्री के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति पौडेल ने संविधान के अनुच्छेद 61 के तहत कार्की को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। 2015 में नए संविधान के लागू होने के बाद से सभी पिछली सरकारें अनुच्छेद 76 के तहत गठित हुई थीं लेकिन पहली बार अनुच्छेद 61 के तहत कार्की को नेपाल का प्रधानमंत्री बनाया गया है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**तमिलनाडु और केरल में अगले साल अप्रैल–मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। कह सकते हैं कि इन राज्यों में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। तमिलनाडु में जिस गठबंधन के पास पैंतीस प्रतिशत वोट होगा, उसकी जीत सुनिश्चित है। पिछले आम चुनाव में अन्नाद्रमुक को करीब साढ़े बीस प्रतिशत वोट मिले थे। अन्नाद्रमुक के साथ राज्य में उसका गठबंधन बन चुका है। पिछले आम चुनाव में मिले दोनों को मिल वोट को जोड़ दें तो यह तकरीबन बत्तीस प्रतिशत पड़ता है। सीपी राधाकृष्णन के चेहरे के सहारे बीजेपी अपने गठबंधन के वोट प्रतिशत में पांच प्रतिशत की बढ़त करने की तैयारी में है।**

# दक्षिण का द्वार भेदने की राधाकृष्णन कोशिश



**उमेश चतुर्वेदी**

**यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल महाबलिपुरम तमिलनाडु के पल्लव राजवंश के दौरान विकसित भारतीय कला का प्रतीक है। इस मुलाकात को भी तमिलनाडु की जनता को साधने की बीजेपी और मोदी की कोशिश के रूप में देखा गया था। प्रधानमंत्री मोदी का अरियलूर जिले के गंगैकोंड चोलपुरम का दौरा हो या यहां के नजदीक स्थित बृहदीश्वर मंदिर में पूजा अर्चना हो, सबका संदेश एक ही है।**

जगदीप धनखड़ के औचक इस्तीफे से खाली हुए उपराष्ट्रपति पद को नया चेहरा मिल गया है। दक्षिण बनाम दक्षिण की जंग में तमिलनाडु बीजेपी का चेहरा रहे सीपी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति होंगे। झारखंड की धरती से द्रौपदी मुर्मू की तरह उनका भी नाता रहा है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती झारखंड के सर्वोच्च पद पर रही शख्सियतों के लिए सुनहरा दौर चल रहा है। झारखंड की राज्यपाल रहीं द्रौपदी मुर्मू देश के शीर्ष पर तीन साल पहले से ही काबिज हैं। देश के निर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भी झारखंड के संवैधानिक प्रमुख के पद की शोभा बढ़ा चुके हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु की तीसरी शख्सियत हैं, जो उपराष्ट्रपति पद पर पहुंचने में कामयाब हुए हैं। इसके पहले तमिलनाडु के सर्वपल्ली राधाकृष्णन और आर वेंकटरमण उपराष्ट्रपति रह चुके हैं। नरेंद्र मोदी के उभार के पहले तक बीजेपी की छवि ब्राह्मण-बनिया समुदायों की बुनियाद पर टिकी उत्तर भारतीय पार्टी की रही है। मोदी की राजनीतिक छाया में बीजेपी ने इस छवि को काफी हद तक तोड़ते हुए अखिल भारतीय राजनीतिक दल बन चुकी है। इसके बावजूद तमिलनाडु, केरल, पंजाब जैसे राज्यों में बीजेपी प्रभावी नहीं बन पाई है। इनमें भी तमिलनाडु पार्टी के लिए अब भी प्रश्न प्रदेश बना हुआ है। पूर्व अधिकारी और तेज-तर्रार नेता अन्नामलाई के आक्रामक अभियान के चलते राज्य में पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी का समर्थक आधार दहाई के आंकड़े में पहुंच चुका है। बीते लोकसभा चुनाव में पार्टी को करीब साढ़े ग्यारह प्रतिशत और गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ करीब बीस प्रतिशत वोट मिला था। बीजेपी ही क्यों, राज्य में राजनीतिक और चुनावी कामयाबी हासिल करने वाले किसी भी दल के लिए इतना वोट नाकाफी है। शायद यही वजह है कि बीजेपी तमिलनाडु में अपना समर्थक आधार बढ़ाने के लिए प्रयोग-दर-प्रयोग कर रही है। सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाना और उन्हें चुनाव जिताना उसी प्रयोग का विस्तार कहा जा सकता है। सीपी राधाकृष्णन के सामने उपराष्ट्रपति के रूप में कुछ चुनौतियां जरूर रहेंगी। राधाकृष्णन कामचलाऊ हिंदी समझ तो लेते हैं, दो-एक लाइनें बोल भी लेते हैं। उपराष्ट्रपति के रूप में राधाकृष्णन की जिम्मेदारी राज्यसभा की कार्यवाही चलाना होगी। राज्यसभा में ज्यादातर सांसद हिंदीभाषी हैं और वे अपनी बात हिंदी में ही रखते हैं, हंगामा भी हिंदी में करते हैं और बहसें भी हिंदी में ही करते हैं। राधाकृष्णन को इन पर पार पाने के लिए मेहनत करनी होगी। वैसे वे कहते रहे हैं कि राजनीति में अखिल भारतीय छवि बनाने के लिए हिंदी बोलना जरूरी है। वे तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति की तरह हिंदी के विरोधी नहीं है। वे हिंदी सीखना भी चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। अब उन्हें कामचलाऊ से कुछ ज्यादा हिंदी तो सीखनी ही



**नरेंद्र मोदी के उभार के पहले तक बीजेपी की छवि ब्राह्मण-बनिया समुदायों की बुनियाद पर टिकी उत्तर भारतीय पार्टी की रही है। मोदी की राजनीतिक छाया में बीजेपी ने इस छवि को काफी हद तक तोड़ते हुए अखिल भारतीय राजनीतिक दल बन चुकी है।**

पड़ेगी। मोदी और शाह की जोड़ी ने तमिलनाडु को साधने के लिए रणनीतिक तौर पर खूब कोशिशें की हैं। संसद के नए भवन में तमिल राजदंड के प्रतीक सेंगोल की स्थापना हो या फिर वाराणसी में तमिल-काशी संगम का आयोजन हो, तमिल जनमानस तक मोदी और बीजेपी की बैठ बढ़ाने की कोशिश का ही प्रतीक है। अक्टूबर 2019 में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत का दौरा किया था। उस वक्त जिनपिंग का मोदी ने तमिलनाडु के खूबसूरत पर्यटक स्थल महाबलिपुरम में स्वागत किया था। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल महाबलिपुरम तमिलनाडु के पल्लव राजवंश के दौरान विकसित भारतीय कला का प्रतीक है। इस मुलाकात को भी तमिलनाडु की जनता को साधने की बीजेपी और मोदी की कोशिश के रूप में देखा गया था। प्रधानमंत्री मोदी का अरियलूर जिले के गंगैकोंड चोलपुरम का दौरा हो या यहां के नजदीक स्थित बृहदीश्वर मंदिर में पूजा अर्चना हो, सबका संदेश एक ही है, तमिलनाडु के दिलों में अपनी पैठ बनाना। ध्यान देने की बात यह है कि तमिलनाडु का चोल राजवंश बहुत प्रभावी रहा है। ग्यारहवीं सदी से लेकर तेरहवीं सदी तक गंगैकोंड चोलपुरम् चोल वंश की राजधानी रहा। सीपी राधाकृष्णन् तमिलनाडु में बीजेपी का बड़ा चेहरा रहे हैं। 1998 और 1999 में कोयंबटूर से बीजेपी के सांसद रहे सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु में तमिल मोदी के तौर पर भी प्रसिद्ध हैं। इस नाते तमिलनाडु कह सकता है कि देश के शीर्ष पदों पर दो-दो मोदी हैं। राधाकृष्णन राज्य में पिछड़े वर्ग में शामिल गौंडर जाति से आते हैं। इस जाति का विस्तार विशेष रूप से तमिलनाडु के पश्चिमी इलाके में है। दिलचस्प यह है कि इस जाति के वोटर कन्नड़ ब्राह्मण महिला जे जयललिता की अन्नाद्रमुक मुनेत्र कषगम के समर्थक माने जाते हैं। यह बात और है कि अन्नाद्रमुक की अगुआई कर रहे ई पलानिसामी और बीजेपी के फायरब्रांड नेता अन्नामलाई भी इसी बिरादरी के हैं। इस लिहाज से देखें तो सीपी राधाकृष्णन को बीजेपी ने शीर्ष पर बैठाकर गौंडर समुदाय को साधने की कोशिश की है। यह एक तरह से अन्नाद्रमुक को भी संकेत है। सीपी राधाकृष्णन के वैसे तो राज्य के तकरीबन हर दल के शीर्ष नेतृत्व से बेहतर संबंध है, लेकिन वे अन्नाद्रमुक के बेहद करीबी रहे हैं। 2010 के विधानसभा चुनावों में अन्नाद्रमुक ने उन्हें पार्टी में शामिल होने और चुनाव लड़ने का खुला आमंत्रण दिया था। अगर वे शामिल होते और चुनाव लड़ते तो तमिल सत्ता में उनकी हिस्सेदारी तय थी। लेकिन राधाकृष्णन ने अपनी प्रतिबद्धता नहीं तोड़ी। बहरहाल राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने के बाद अन्नाद्रमुक को एक तरह से साथ आने का भी संदेश है। क्योंकि बीजेपी को भी आभास है कि तमिलनाडु की राजनीति में शीर्ष स्थान पर अकेले पहुंचना फिलहाल संभव नहीं है। आजादी के बाद से ही तमिलनाडु की राजनीति में पिछड़ा और दलित समुदाय का प्रभुत्व रहा है। तमिलनाडु की राजनीति में अगड़ा समुदाय एक तरह से किनारे पर आजादी के बाद से ही है। चूंकि बीजेपी की राज्य में सवर्ण जातियों की उत्तर भारतीय पार्टी की छवि है। तमिलनाडु में बीजेपी के उभार की बड़ी बाधा यह वजह भी रही है। गौंडर समुदाय के राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति बनाकर बीजेपी ने एक तरह से अपनी वह छवि तोड़ने की कोशिश की है। बेशक गौंडर समुदाय बहुत बड़ा नहीं है। लेकिन उसकी शख्सियत को देश के दूसरे सर्वोच्च पद पर पहुंचाकर मोदी-शाह की जोड़ी ने एक तरह राज्य के पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को संकेत दिया है कि बीजेपी उनकी वैचारिकी और सोच का सम्मान करती है। वह सवर्ण नहीं, सर्व समाज की पार्टी है। निश्चित तौर पर आज भारतीय जनता पार्टी का उत्तर, पश्चिम और पूर्वी भारत में प्रभाव है। पारंपरिक और प्रचलित राजनीतिक नजरिए के लिहाज से वह उपराष्ट्रपति के सम्मानित पद पर देश के इन इलाकों के अपने किसी प्रतिबद्ध और प्रतिष्ठित कार्यकर्ता को पहुंचा सकती थी। लेकिन उसने ऐसा न करके तमिलनाडु के अपने कार्यकर्ता पर विश्वास जताया। यहां यह भी ध्यान देने की बात है कि केरल की पिछली विधानसभा चुनाव के दौरान सीपी राधाकृष्णन केरल बीजेपी के प्रभारी थे। राधाकृष्णन जिस तिरूपुर इलाके से आते हैं और जिस कोयंबटूर के सांसद रहे हैं, वह केरल का नजदीकी है। इस लिहाज से मान सकते हैं कि बीजेपी ने उनके जरिए भगवान के अपने देश यानी केरल को भी साधने की कोशिश की है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख ले, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | नवमी 25:33 तक |
| नक्षत्रः | मृगशीर्षा 07:30 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | व्यतिपाता, 26:29 तक |
| सूर्योदयः | 06:06 |
| सूर्यास्तः | 18:19 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 07:38-09:09 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | अश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:48 -12:37 |

## जन एक्सप्रेस

**छिड़ा घमासान !**

*लेकर रिटायरमेंट को ।*
*छिड़ा घमासान ।।*
*मिल गया है मौका ।*
*छेड़ने को तान ।।*
*ताने और तंज में ।*
*गया दशक है बीत ।।*
*खुल कर लेकिन कोई भी ।*
*ना मिली है जीत ।।*
*हुए लाख प्रयास पर ।*
*नहीं मिला उपहार ।।*
*मुद्दा चाहे कोई भी पर ।*
*नहीं मददगार ।।*
*बल लगाना व्यर्थ ।*
*है दरवाजा बंद ।।*
*है रोना बेकार ।*
*मुसकाओ बस मंद ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# दांत का इंफेक्शन बन रहा है सिर और कान दर्द की वजह?



**दांत** में दर्द होना एक आम लेकिन गंभीर समस्या है, जो हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है। जब दांत में तेज दर्द उठता है तो इंसान का रोजमर्रा का जीवन काफी मुश्किल हो जाता है। यह दर्द कभी हल्का-फुल्का झनझनाने जैसा हो सकता है तो कभी इतना तेज कि सिर तक चढ़ जाए। अक्सर लोग इसे मामूली समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन असल में दांत का दर्द शरीर में किसी बड़ी समस्या का संकेत भी हो सकता है। सिरदर्द और कान दर्द के कई सामान्य कारण हो सकते हैं, जैसे माइग्रेन, साइनस या कान का इंफेक्शन। डॉक्टर सुरभि श्रीवास्तव बताती हैं कि दांत में दर्द होना आम समस्या है, लेकिन कई बार दांत का इंफेक्शन सिर्फ मुंह तक ही सीमित नहीं रहता। यह सिरदर्द, कान दर्दऔर अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है। दांत का इंफेक्शन तब होता है जब दांत की जड़ या उसके आसपास की टिशूज में बैक्टीरिया की वजह से सूजन या पस जमा हो जाता है। इसे डेंटल अब्सेस भी कहा जाता है। इस स्थिति में दर्द तेज होता है और बिना इलाज के यह आसपास की हड्डियों, मांसपेशियों और नसों तक फैल सकता है।

**साइनस और दांत की नसें:** ऊपरी जबड़े के दांत साइनस और चेहरे की नसों के करीब होते हैं। अगर दांत में इंफेक्शन है, तो यह नसों के माध्यम से सिर और साइनस में दर्द पहुंचा सकता है।

**नर्वस कनेक्शन:** चेहरे की नसें दांतों, कान और माथे से जुड़ी होती हैं। इसलिए दांत का इंफेक्शन सिरदर्द या कान दर्द का कारण बन सकता है।

**ऊपरी और निचले जबड़े के दांत:** खासकर दाढ़ के दांत का इंफेक्शन कान के पीछे दर्द, गले में खराश या कंधे में दर्द भी पैदा कर सकता है।

**डेंटल चेकअप:** दांत में दर्द या इंफेक्शन महसूस होने पर तुरंत डेंटिस्ट से मिलें। समय पर इलाज से सिरदर्द और कान दर्द जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।

**एंटीबायोटिक थेरेपी:** डेंटिस्ट की सलाह से एंटीबायोटिक दवाएं लेने से बैक्टीरिया खत्म होते हैं और सूजन कम होती है।

**रूट कैनाल या एक्सट्रैक्शन:** अगर दांत में गहरा इंफेक्शन है तो रूट कैनाल ट्रीटमेंट या जरूरत पड़ने पर दांत निकालना पड़ सकता है।

**निष्कर्ष:** दांत का इंफेक्शन सिर्फ मुंह तक सीमित नहीं रहता। यह सिरदर्द, कान दर्द और चेहरे में सूजन जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। इसलिए दांत में दर्द, सूजन या संक्रमण के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज न करें। समय पर डेंटिस्ट से चेकअप, उचित इलाज और ओरल हाइजीन अपनाने से सिरदर्द और कान दर्द जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# नेपाल का लोकतंत्र : पुराने वर्चस्व से नई चुनौती तक



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**नेपाल आज दो राहों पर खड़ा है। एक तरफ पुरानी राजनीति है, जहाँ सत्ता कुछ जातियों के बीच बंटी हुई है। दूसरी तरफ नई राजनीति है, जो समावेशी, पारदर्शी और युवाओं से जुड़ी है। असली सवाल यह है कि क्या नेपाल जातीय ढांचे वाली राजनीति से आगे बढ़ पाएगा या नहीं।**

**भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों में भी राजनीति अक्सर वंशवाद और जातीय समीकरण में उलझी रहती है। नेपाल अगर इस ढांचे से बाहर निकलता है तो यह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा होगी। लेकिन अगर पुरानी सत्ता संरचना कायम रहती है, तो लोकतंत्र अधूरा ही रहेगा। युवाओं का भरोसा टूटेगा और यह भरोसा टूटना किसी भी लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक स्थिति होती है।**

**नेपाल** हिमालय की गोद में बसा छोटा-सा देश है। आकार में भले छोटा हो, लेकिन राजनीति और जातीय समीकरण के लिहाज से इसकी जटिलता किसी बड़े देश से कम नहीं। नेपाल पिछले तीन दशकों से लोकतंत्र का प्रयोग कर रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि यह लोकतंत्र अब भी अधूरा है। सत्ता और संसाधनों पर एक ही वर्ग का कब्ज़ा है–पहाड़ी ब्राह्मण और क्षत्रिय जातियाँ। संसद से लेकर प्रशासन और सेना तक, हर जगह यही जातियाँ हावी हैं। मधेशी, जनजातीय, दलित और महिलाएँ अब भी सत्ता की सीढ़ियों के निचले पायदान पर खड़ी हैं। 1990 में नेपाल में बहुदलीय लोकतंत्र की वापसी हुई थी। जनता को उम्मीद थी कि अब सत्ता में विविधता आएगी और हर समुदाय को बराबरी का अवसर मिलेगा। लेकिन हुआ इसके ठीक उल्टा। 1990 से अब तक नेपाल ने 13 प्रधानमंत्री देखे। इनमें से 10 पहाड़ी ब्राह्मण और 3 क्षत्रिय रहे। यानी 35त्न मधेशियों की आबादी होने के बावजूद एक भी मधेशी प्रधानमंत्री नहीं बन पाया। जनजातीय और आदिवासी समूह संसद में मौजूद हैं, लेकिन उनके नेता केवल प्रतीकात्मक पदों तक सीमित रहे। दलित और महिलाएँ तो आज भी सत्ता के सबसे हाशिये पर खड़ी हैं। यह तस्वीर बताती है कि नेपाल का लोकतंत्र कितनी गहरी जातीय असमानता से ग्रस्त है। लोकतंत्र के नाम पर चेहरे तो बदले, लेकिन सत्ता का चरित्र वही रहा–ब्राह्मण और क्षत्रिय केंद्रित। नेपाल की आधी से ज़्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र की है। यही वह नई पीढ़ी है जिसे जनरेशन-ै कहा जाता है। यह सोशल मीडिया, पॉप कल्चर और वैश्विक राजनीति से जुड़ी हुई है। इनके लिए जाति और वंश की राजनीति पुरानी और अप्रासंगिक है। यह पीढ़ी पारदर्शिता चाहती है, समान अवसर चाहती है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह बदलाव को केवल सोचती नहीं बल्कि मांग भी करती है। सवाल यही है कि क्या नेपाल की पुरानी सत्ता संरचना इतनी आसानी से टूट जाएगी? नेपाली कांग्रेस, स्र्ू और माओवादी जैसे दल दशकों से सत्ता पर काबिज हैं। इनके नेता ब्राह्मण और क्षत्रिय समुदाय से आते हैं और इनकी पकड़ प्रशासन, सेना और नौकरशाही तक फैली हुई है। सबसे बड़ी बात यह है कि सत्ता में बैठे लोग कभी आसानी से अपनी कुर्सी नहीं छोड़ते। अगर बदलाव की इस मांग को दबाया गया, तो इसके नतीजे गंभीर होंगे। युवा पीढ़ी पहले ही अधीर है। वे सोशल मीडिया पर अपनी नाराज़गी और सपनों को साझा कर रहे हैं। अगर उनकी आवाज़ दबाई गई, तो असंतोष सड़क पर आंदोलन में बदल सकता है। नेपाल ने पहले भी जनआंदोलन देखे हैं और इतिहास गवाह है कि जब जनता चाहती है, तो कोई भी सत्ता ढांचा स्थायी नहीं रह पाता। नेपाल आज दो राहों पर खड़ा है। एक तरफ पुरानी राजनीति है, जहाँ सत्ता कुछ जातियों के बीच बंटी हुई है। दूसरी तरफ नई राजनीति है, जो समावेशी, पारदर्शी और युवाओं से जुड़ी है। असली सवाल यह है कि क्या नेपाल जातीय ढांचे वाली राजनीति से आगे बढ़ पाएगा या नहीं। अगर नेपाल ऐसा कर पाता है तो दक्षिण एशिया में एक मिसाल बन सकता है। भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों में भी राजनीति अक्सर वंशवाद और जातीय समीकरण में उलझी रहती है। नेपाल अगर इस ढांचे से बाहर निकलता है तो यह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा होगी। लेकिन अगर पुरानी सत्ता संरचना कायम रहती है, तो लोकतंत्र अधूरा ही रहेगा। युवाओं का भरोसा टूटेगा और यह भरोसा टूटना किसी भी लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक स्थिति होती है।



# बरखेड़ा के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद- जनहित और विकास की आवाज़



■ मुख्यमंत्री से भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं को रखा, शिक्षा व किसानों के भविष्य के लिए उठाई मजबूत पहल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बरखेड़ा विधानसभा के विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने रविवार को लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को विस्तार से रखा। इस दौरान उन्होंने दो अहम मुद्दों उच्च शिक्षा की सुविधा और बाढ़ से प्रभावित किसानों की पीड़ा को विशेष रूप से मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया। स्वामी प्रवक्तानंद ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बरखेड़ा क्षेत्र के हजारों विद्यार्थी आज भी उच्च शिक्षा के लिए अन्य जनपदों और दूरस्थ नगरों की ओर जाने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति न केवल विद्यार्थियों के समय और संसाधनों की बर्बादी है, बल्कि उनके भविष्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रही है।

इस संदर्भ में उन्होंने बरखेड़ा में एक महाविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव रखा और मुख्यमंत्री से शीघ्र निर्णय की मांग की। ग्रामीणों व अभिभावकों का मानना है कि यदि बरखेड़ा में महाविद्यालय स्थापित होता है, तो यह कदम क्षेत्र के शैक्षिक भविष्य को नई दिशा देगा।

### बाढ़ से प्रभावित किसानों के लिए मुआवजे की मांग

विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष यह भी रखा कि हाल ही में आई भारी वर्षा और बाढ़ के कारण बरखेड़ा क्षेत्र के कई गांवों में किसानों की धान व गन्ने की फसलें बर्बाद हो गई हैं। खेत कटान और मकानों के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीण गहरे संकट में हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि किसानों को शीघ्र मुआवजा प्रदान कर उनके नुकसान की भरपाई की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि सरकार किसानों और आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बरखेड़ा क्षेत्र की आवश्यकताओं पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी।

### जनता में विधायक स्वामी प्रवक्तानंद के समक्ष बढ़ा विश्वास

बरखेड़ा क्षेत्र की जनता ने विधायक स्वामी प्रवक्तानंद की इस पहल का स्वागत किया है। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक हमेशा जनता के बीच रहते हैं, उनकी समस्याओं को सुनते हैं और समाधान के लिए निरंतर प्रशासनिक स्तर पर प्रयासरत रहते हैं। बाढ़ के समय उन्होंने किसानों से वादा किया था कि मुख्यमंत्री से मिलकर मुआवजे की मांग करेंगे और उन्होंने अपना वादा निभाया।

### एक जागरूक जनप्रतिनिधि के रूप में पहचान

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने विधायक बनने के बाद से अब तक 128 विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र के विकास, किसानों की समस्याओं और शिक्षा के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया है। जनता उन्हें एक जागरूक और सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में देखती है, जो क्षेत्र की आवाज़ को सरकार तक पहुंचाने का साहस और संकल्प रखते हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ क्रिकेट मैच पर शिवसेना का उग्र विरोध

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



पाकिस्तान के साथ 14 सितम्बर 2025 को खेले जाने वाले क्रिकेट मैच को लेकर शिवसेना ने कड़ा विरोध जताया। रविवार को जिले में शिवसेना पदाधिकारियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर पाकिस्तान का झंडा जलाया और जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान जिला अध्यक्ष शैली शर्मा ने कहा कि जब तक हमारे जवान शहीद हो रहे हैं और माताओं-बहनों का सिंदूर उजड़ रहा है, तब तक पाकिस्तान से क्रिकेट खेलना देश और शहीदों के बलिदान का अपमान है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष लोगों और सुरक्षाबलों को निशाना बनाया गया। इससे पहले 2008 का मुंबई हमला और 2019 का पुलवामा हमला भी देश कभी नहीं भूल सकता। ऐसे समय में बीसीसीआई द्वारा पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलने का निर्णय केवल आर्थिक लाभ का खेल है, जो शहीदों के लहू से विश्वासघात है। शैली शर्मा ने कहा कि खून और क्रिकेट एक साथ नहीं बह सकते।

प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह ने भी कड़ा बयान देते हुए कहा कि बीसीसीआई ने पाकिस्तान से मैच तय कर देशभक्ति का मजाक उड़ाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की कि इस मैच को तत्काल रद्द कराया जाए और बीसीसीआई पर कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जब माताओं के सिंदूर की राख ठंडी भी नहीं हुई है, तब पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना गद्दार राष्ट्र से रिश्ता निभाने जैसा है।

इस विरोध प्रदर्शन में शिवसैनिकों ने भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद और जय हिंद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने साफ कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद का गढ़ है और उससे किसी भी प्रकार का संबंध या खेल स्वीकार्य नहीं होगा।

प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्यारे लाल प्रजापति, कानूनी सलाहकार एडवोकेट आर.के. शर्मा, जिला सचिव सोनू सिंह, तहसील अध्यक्ष कलीनगर सोनू गोस्वामी, जिला महामंत्री ऋषभ सिंह, प्रेम, ताराचंद, झंडू सिंह, संजीव कोहली, अचल शर्मा, शिबम शर्मा, नितिन गुप्ता, शुधिर कुमार माथुर, अभिलाष गुप्ता, लकी राजपूत, हर्षित गंगवार, राजेश मौर्य सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक मौजूद रहे।

शिवसेना नेताओं ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान से किसी भी तरह का संबंध देश के शहीदों की शहादत का अपमान है और इस प्रकार की दोस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अंत में सभी शिवसैनिकों ने एक स्वर में जय हिंद, जय भारत, जय उत्तर प्रदेश के नारे लगाकर विरोध दर्ज कराया।

# ट्रांस शारदा क्षेत्र में महिलाओं ने जीउतिया पर्व धूमधाम से मनाया, विधि विधान से किया पूजन

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



**हजारा।** जिउतिया पर्व के दौरान ट्रांस शारदा क्षेत्र में महिलाओं ने पुत्रों एवं पति की लंबी आयु के लिए कठोर निर्जला व्रत रखते हुए जिउतिया पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया है तो वहीं विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए व्रत का पारण किया है। पूर्वांचल में विशेष रूप से मनाये जाने वाले पर्वों में जिउतिया पर्व एक विशेष स्थान रखता है। ट्रांस शारदा क्षेत्र में जिउतिया पर्व के मौके पर महिलाएं घर की साफ सफाई करने के उपरांत शनिवार की साम को शुद्ध एवं विशेष भोजन करके व्रत रखते हुए सोमवार को पूजा-अर्चना करने के उपरांत इस कठोर निर्जला व्रत का पारण किया है।जिउतिया पर्व पर व्रत धारी महिलाएं अपने पुत्रों की लंबी आयु और उन पर आने वाले संकट को दूर करने के लिए साथ ही घर परिवार की सलामती एवं खुशहाली के लिए नहाय खाय के उपरांत कठोर निर्जला व्रत रखती हैं। यह जिउतिया पर्व विशेष रूप से पूर्वांचल में मनाया जाता है चूंकि ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में अधिकांश लोग पूर्वांचल के रहने वाले हैं जिस कारण यहा भी जिउतिया एवं महा छठ पर्व बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है। रविवार को व्रत धारी महिलाएं साम के समय साफ सुथरे एवं नवीन वस्त्र धारण कर साथ में पूजन सामग्री लेकर पास के पवित्र नदी पोखर तालाब एवं नालों पर पहुंचकर स्नान कर पूजा-अर्चना किया है। ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव क्रमशः राणा प्रताप नगर, राजीवनगर, चिरैया टोला, श्रीनगर, मुरैना गांधीनगर, गौतमनगर, विजय नगर, आजाद नगर, शांति नगर, रामनगर, चंदनगर, बहादुर नगर, अशोकनगर, नेहरु नगर, लक्ष्मण नगर, सिद्ध नगर, शास्त्री नगर, टांगिया सहित अन्य गांवों में जिउतिया पर्व बहुत ही धूमधाम एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया गया है।

# किशोर का फिरौती के लिए अपहरण

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



भीरा थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोर की हत्या उसके ही दोस्तों ने कर दी थी। मृतक सौरभ लालजीपुरवा गांव का निवासी था। पुलिस ने मुख्य आरोपी इरशाद को पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया। उसके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपी इरशाद ने पुलिस पूछताछ में बताया कि अपने तीन साथियों - शादाब, रियासत खान और जीशान के साथ मिलकर सौरभ को पूर्व मित्रता का फायदा उठाते हुए अपने निर्माणाधीन मकान पर बुलाया। आरोपियों की मंशा परिवार से फिरौती वसूलने के लिए किशोर को बंधक बनाने की थी।सौरभ के विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। फिर दो मोटरसाइकिलों से शव को लगभग 4 किलोमीटर दूर गन्ने के खेत में छिपा दिया। किशोर के घर न पहुंचने पर पिता विजय कुमार ने थाना भीरा में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी शादाब और रियासत को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों ने जुर्म कबूल करते हुए सौरभ का शव और मोबाइल फोन बरामद करवाया। मुख्य आरोपी इरशाद मूल रूप से पीलीभीत के पूरनपुर का रहने वाला है, जो वर्तमान में भीरा के सलामत नगर भट्ठा में रह रहा था।ये पूरी घटना 7 सितंबर की शाम करीब 7-30 बजे की है। सौरभ भीरा स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान से घर लौट रहा था। रास्ते में उसके दोस्तों ने उसका अपहरण कर लिया। जब सौरभ घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने दुकान मालिक से संपर्क किया।मालिक ने बताया कि सौरभ दुकान से निकल चुका था।

# स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबंधक संघ की बैठक सम्पन्न





जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबंधक संघ की तथागत मैरिज लॉन में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह बोले प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं के संचालन में शासन-प्रशासन स्तर से जो समस्याएं आयेंगी में उनके निराकरण का पूर्ण प्रयास करूंगा और इस संगठन के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। प्रबंधक संघ की बैठक का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं मंचासीन विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मंचासीन अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्यअतिथि सुनील सिंह के साथ मंच पर प्रबंधक संघ के पूर्व अध् यक्ष / वर्तमान संरक्षक रघुवीर सिंह यादव, नवभारत इण्टर कालेज के प्रबंधक स्वर्ण सिंह कम्बोज, उमा शंकर मिश्रा, बलवीर सिंह, गुरूनानक इण्टर कालेज के प्रबंधक सेवक सिंह अजमानी तथा संघ के अध्यक्ष/जनता माण्टेसरी स्कूल के प्रबंधक अरविन्द गुप्ता विराजमान रहे।

बैठक में सिटी माण्टेसरी इण्टर कालेज के प्रबंधक विशाल सेठ, आचार्य संजय मिश्रा व जसमीत सिंह अजमानी आदि ने अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये। बैठक में विद्या निकेतन (गोला) के प्रबंध एक महेन्द्र त्रिपाठी, सांई पब्लिक के राजीव मिश्रा, गुरूनानक के प्रबंध एक सेवक सिंह अजमानी, अजमानी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक एच0एस0 अजमानी, तथा विमल तिवारी, मोहन लाल शर्मा, कमलेश वर्मा, जफर अली, सुधीर कुमार सिन्हा सरोज शर्मा आदि संघ के सदस्य/ प्रबंध किगण एवं व्यापार मण्डल से श्याम कुमार तिवारी मामा मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता ने की तथा बैठक का सफल संचालन संघ महामंत्री रमेश पाण्डिया ने किया।

# दशहरा मेले को ठेके पर देने का सभासदों ने किया विरोध



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

दशहरा मेला एक बार फिर विवादों में आ गया है।इस बार मेले को ठेके पर दिए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।सभासदों ने नगर पालिका के ईओ संजय कुमार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।सभासदों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ईओ अपने निजी लाभ के लिए मनमाने तरीके से लोगों को टेंडर दिलाना चाहते हैं। उनकी मांग है कि मेले को पहले की तरह परंपरागत तरीके से नगर पालिका द्वारा कराया जाए। सभासदों का कहना है कि ठेका प्रक्रिया से मेला महंगा होगा, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।सभासदों ने बताया कि पहले सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया था कि मेला नगर पालिका द्वारा ही कराया जाएगा। इसके बावजूद ईओ मेले को ठेके पर देने के लिए दबाव बना रहे हैं। सभासदों ने चेतावनी दी है कि वे सड़कों पर प्रदर्शन करेंगे और जरूरत पड़ी तो न्यायालय भी जाएंगे। मेले को पारदर्शी और सुलभ तरीके से कराने के लिए टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू की जा रही है। सभी प्रक्रिया पोर्टल पर होगी, इसलिए भ्रष्टाचार की कोई संभावना नहीं है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### स्टेशन पर ट्रेन पलटने की फर्जी सूचना से खलबली

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** स्टेशन से एक व्यक्ति ने इमरजेंसी नंबर पर ट्रेन पलटने की फर्जी सूचना दे दी इससे खलबली मच गई। पुलिस स्टेशन पहुंच गई। सूचना फर्जी होने पर सभी ने राहत की सांस ली। पुलिस ने सूचना देने वाले के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। रविवार को गांव खमरिया पट्टी से एक व्यक्ति ने मोबाइल में मौजूद इमरजेंसी नंबर 112 पर पूरनपुर स्टेशन पर ट्रेन पलटने की सूचना दी। सूचना देने वाले के नाम पता और पूरी जानकारी सही देने से घटना सही मान ली गई। उसके रेल विभाग सहित पुलिस, जीआरपी और आरपीएफ में हड़कंप मच गया। स्टेशन पर रेल विभाग के अधिकारियों के फोन बजने लगे। जीआरपी से भी सूचना ली गई। इसके अलावा कोतवाली पुलिस और डायल 112 पुलिस भी तुरंत स्टेशन पहुंच गई। सही जानकारी लेने पर सूचना फर्जी पाई गई। जीआरपी ने फोन कर फर्जी सूचना देने वाले को ट्रेस किया। इस दौरान स्टेशन पर घूम रहे एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उसने अपना नाम सुनील निवासी खमरिया पट्टी बताया। जीआरपी ने उससे पूछताछ की। सुनील ने बताया कि उसे सूचना देने के बारे में जानकारी नहीं है। घर में बच्चे मोबाइल चला रहे थे। जीआरपी ने सुनील का शांतिभंग में चालान किया है। जीआरपी चौकी इंचार्ज विपिन कुमार ने बताया कि फर्जी सूचना बच्चे ने नहीं किसी समझदार व्यक्ति के द्वारा दी गई। इमरजेंसी नंबर पर उसने पूरी जानकारी दी। हालांकि ऐसी कोई घटना नहीं हुई। सूचना देने वाले खिलाफ करवाई की गई है।

### अवशेष मिलने के मामले में दो को भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** एक सप्ताह पहले खेतों में गौवंश के अवशेष बिखरे हुए मिले थे। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को जेल भेजा है।कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास के पास बीते 4 सितंबर को खेतों में गोवंश पशु के अवशेष पड़े मिले थे। सूचना पर पहुंचे हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने खेतों में बिखरे पड़े अवशेषों को एकत्र किया। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस मामले में ठेकेदार अशोक कुमार की ओर से अज्ञात के खिलाफ प्रतिबंधित पशु की हत्या करने का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी थी। रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गौकशी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों ने अपने नाम मुन्ना पुत्र कलुआ और सोनू पुत्र नत्थू निवासी साहूकारा बताया। उनके पास पशु वध करने के उपकरण और तमंचे बरामद हुए। कोतवाल सतेंद्र कुमार ने बताया कि सबलपुर गांव के पास की गई गौकशी की घटना का खुलासा कर दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### महिलाओं के साथ की गाली गलौज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बख्तापुर के रहने वाले ओमकार पुत्र मोहन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव में मौजूद पुस्तैनी जगह पर वह लगभग 40 वर्षों से काबिज हैं। आरोप है गांव के कुछ लोग उनकी जगह पर कब्जा करना चाहते हैं। रविवार को उन लोगों ने जगह में रखे उपले और भूसा तालाब में फेंक दिया। विरोध पर घर की महिलाओं के साथ गाली गलौज की। जब ओमकार मामले की शिकायत करने पूरनपुर कोतवाली आ रहे थे। उक्त लोगों ने रास्ते में घेर कर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

### अतहर हुसैन बने संग्रह अमीन संघ के जिलाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** रविवार को तहसील सभागार में उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ की जिला कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। इसमें जिला अध्यक्ष पद के लिए अतहर हुसैन और शंभू नाथ ने नामांकन किया। मतदान में अतहर हुसैन को 37 और शंभू नाथ को 23 मत मिले। इस पर अतहर हुसैन संग्रह अमीन संघ के जिला अध्यक्ष घोषित किए गए। इसके अलावा अन्य पदों के सभी चयन निर्विरोध हुए। इनमें जिला अध्यक्ष अतहर हुसैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष ओमेंद्र कुमार, जिला मंत्री रामचरन राणा, जिला उपमंत्री अजीत बाबू, कोषाध्यक्ष रामचंद्र, संगठन मंत्री विनोद कुमार, ऑडिटर राजीव कुमार शर्मा निर्वाचित हुए। निर्वाचन के बाद सभी पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर बधाई दी गई।



# शरदकालीन गन्ना बुआई का विधि विधान के साथ हुआ शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला के मिल गेट जोन के ग्राम तिलकपुर में प्रगतिशील कृषक अवधेश कुमार पुत्र रमेश चन्द्र के खेत पर गन्ना प्रजाति कोलख. 16202 के एक आँख के टुकड़े काटकर ,बीज का उपचार थायोफिनेट मिथाइल से एवं भूमि उपचार ट्राइकोडर्मा से कराकर शरदकालीन गन्ना बुआई का शुभारंभ विधिवत पूजापाठ करके मंत्रोउच्चार के साथ शुरु किया गया।शरदकालीन गन्ने की बुआई चीनी मिल के इकाई प्रमुख नीरज बंसल एवं वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पी.एस.चतुर्वेदी ने अपने कर कमलो से एक-एक आंख के टुकड़ों को ट्रेंच(4 फ़ीट) विधि से तैयार खेत में डालकर प्रारंभ कराई।गन्ना बुआई के उपरान्त खेत पर ही एक कृषक गोश्ठी का आयोजन किया गया,जिसमें इकाई प्रमुख ने कृषकों से अपील की कि जल्द ही शुरू हो रहे पेराई सत्र में अपना समस्त गन्ना अपनी चीनी मिल गोला में ही आपूर्ति करें साथ ही ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रफल में शरदकालीन गन्ने की बुआई करें।वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना ने बताया कि सर्वे सट्टा सुधार हेतु गन्ना समिति में 16 सितम्बर से 26 सितम्बर तक सुधार का अन्तिम अवसर मेले का आयोजन होगा जिसमें किसान भाई सर्वे सट्टे में जो भी त्रुटि हो उसको प्रार्थना पत्र देकर सुधार अवश्य करा लें। साथ ही नए सदस्य बनने की तथा उपज बढ़ोत्तरी की रसीद भी इसी मेले में काटी जाएगा।शरद कालीन गन्ना बुआई से होने वाले लाभ की जानकारी किसानों को दी गई। उनसे एक या दो आँख के टुकड़े काटकर लाइन से लाइन की दूरी कम से कम 4 फीट पर गन्ना बुआई करना चाहिए, इस विधि से गन्ना गिरता नहीं है तथा सिंचाई, खाद व कीटनाशक का प्रयोग आसानी से लाईनों में किया जा सकता है,

साथ ही इसके साथ सहफसल के रूप में आलू, सरसों, मटर, मूली, लहसुन आदि की भी बुआई करके दोहरा लाभ ले सकते हैं। मिल क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में शरद कालीन गन्ना बुआई हेतु उन्नतशील प्रजातियों जैसे को0 118, कोलख 014201, कोलख 016202 एवं को 015023 का बीज उपलब्ध है तथा मृदा उपचार हेतु ट्राइकोडर्मा व बीज उपचार हेतु थायोफिनेट मिथाइल मिल द्वारा कृषकों को छूट पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कृषकों से अपील की कि अस्वीकृत व अनामित प्रजातियों की बुआई कदापि न करें।

गोष्ठी में क्षेत्र के प्रगतिशील किसान वीरेन्द्र मिश्र (डेलीगेट), श्री कृष्ण(डेलीगेट), छत्रपाल, बाबूराम, ओमप्रकाश, अनिलकुमार, अजीत कुमार सहित तमाम कृषक उपस्थित रहे तथा चीनी मिल के सहायक महाप्रबंधक गन्ना ओ.डी. शर्मा, सतेन्द्र मिश्रा गन्ना प्रबंधक, उप प्रबन्धक गन्ना शिवांशु शुक्ला एवं कामदार अमरनाथ, संजय प्रजापति, आशीष वर्मा सहित समिति भी उपस्थित रहे।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जन एक्सप्रेस। मिर्ज़ापुर।** चील्ह थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव में ममता (24) की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने शव को 3 घंटे तक पुलिस से छिपाने का प्रयास किया। विवाहिता के पिता ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। भदोही के ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के वेदपुर निवासी ममता पुत्री हरगेन का विवाह चील्ह थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव निवासी शिव पूजन से चार वर्ष पहले हुआ था। एक डेढ़ वर्ष की लड़की भी है। शनिवार की दोपहर 12 बजे ममता की कमरे में मौत हो गई। परिजनों ने शव को छिपाए रखा। मृतक विवाहिता के पति ने विवाहिता के पिता हरगेन को शनिवार को दोपहर एक बजे स्वास्थ्य खराब होने की सूचना दी।

# सिंगापुर में नौकरी दिलाने पर 9 लाख 50 हजार रुपए ठगे

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

गांव शाहपुर राजा में एक विधवा से उसके पुत्र को सिंगापुर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपियों ने 950000 हजार की ठगी कर ली पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने नामित दो आरोपियों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज कर लिया है।शाहपुर राजा निवासी किरन देवी के पुत्र सूरज को सिंगापुर में नौकरी दिलाने को लेकर दूर के रिश्तेदार भावलखेड़ा बंडा निवासी विजय गंगवार ने नौकरी के लिए 9 लाख 50 हजार रुपया खर्च होना बताया जिस पर राजी हो जाने पर उसने अपने सहयोगी पड़ोसी गांव गौहनिया बंडा निवासी गुरदीप सिंह उर्फ गप्पू सरदार के साथ घर पर पहुंचकर तय रकम देने पर राजी हो गई थी। किसके चलते 5 लाख से अधिक रकम खाते में ट्रांसफर कर ली और चार लाख की नकदी लेकर चले गए 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी सिंगापुर का वीजा न मिलने पर पीड़िता ठगी का शिकार होने पर उसने अपनी रकम वापस मांगने पर आजकल की बात कह कर टरकाते रहे कड़ाई से मांगने पर जान से मार डालने की धमकी देकर भगा दिया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने नामित आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

# आज की हमारी सबसे बड़ी समस्या सिर्फ साफ, कर्मठ और ईमानदार नेतृत्व की कमी है विजय शंकर पांडे

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



रविवार को लोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देश के जाने-माने प्रशासनिक अधिकारी रहे। विजय शंकर पांडे पूर्व सचिव भारत सरकार व पूर्व जिलाधिकारी सीतापुर ने प्रेस वार्ता में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भी आम लोगों का कोई भी सही कार्य सामान्यतः बिना रिश्वत या सिफारिश के नहीं होता है जबकि हर सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह व्यवस्था को ईमानदार बनाये और सारी सरकारी मशीनरी को केवल जनहित में ही कार्य करना चाहिए। लेकिन हो रहा इसके विपरीत। सभी दलों की सरकारों को जनता ने बार बार मौका दिया लेकिन भ्रष्टाचार को रोकने का गंभीर प्रयास करता हुआ कोई भी दिखा जिसका नतीजा हम सभी के सामने है।इस स्थिति में बदलाव लाना बहुत जरूरी है और यह बदलाव तभी आएगा जब आम लोग जाति, धर्म और पैसे के आधार पर नहीं बल्कि ईमानदारी लाने के लिए अपना समर्थन दें। उन्होंने आगे कहा कि लोग पार्टी का गठन सिर्फ इसी उद्देश्य के लिए किया गया है कि आज की जो राजनीति सिर्फ लोगों को को जाति, धर्म में बाट कर की जा रही है उसके स्थान पर राजनीति को लोगों की मूल समस्याओं से जोड़ कर केवल जनहित के लिए उन्मुख किया जाए। उन्होंने कहा कि आज भी हमारी जनता तहसील, ब्लॉक, थानों, एवं अन्य सरकारी कार्यालयों में व्याप्त अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार जूझ रही है और उसे न्याय पाने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है उन्होंने आगे कहा कि स्थितियों में बदलाव लाने के लिए लोग पार्टी ने आगामी पंचायत चुनाव में प्रत्येक ग्राम पंचायत से सक्षम लोगों का चयन करके उनको जनता की समस्याओं की जानकारी करने के लिए घर घर भेजा जाएगा ताकि जनता का समर्थन मिलने पर उन सारी समस्याओं का तत्परता से समाधान किया जा सके। उन्होंने जनता का आह्वाहन किया कि इस बार वह जाति, धर्म और अन्य किसी प्रलोभन को छोड़ कर सिर्फ और सिर्फ़ ईमानदारी का साथ दें और सुखद बदलाव का भागी बनें।

उन्होंने कहा कि मैं अपने प्रशासनिक अनुभव के आधार पर यह कहूँगा कि आज की हमारी समस्या सिर्फ साफ, कर्मठ और ईमानदार नेतृत्व की कमी है क्योंकि यही सरकारी तंत्र सही नेतृत्व मिलने पर पूरी तत्परता और निष्ठा से काम करता है, जैसा कि आप सभी ने स्वयं अनुभव किया है। इसलिय हम सब को मिलकर इस बार के पंचायत चुनावों में लोग पार्टी के समर्थित उम्मीदवारों को सभी पदों पर जिताने के लिए जुट जाना होगा क्योंकि उसके बाद कुछ ही दिनों में आम लोगों की सभी समस्याओं का समाधान यही व्यवस्था कर देगी।

### कबाड़ की गोदाम में आग लगने से लाखों का सामान जला

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** स्टेट हाईवे पर मंडी गेट के पास एक कबाड़ के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने 1 घंटे की कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया जा सका तब तक लाखों का कीमती सामान चलकर राख हो गया था।गोदाम मालिक अशफाक मंसूरी ने पुलिस को सूचना देकर बताया रविवार सुबह 6 बजे करीब हाईवे के किनारे उसकी कबाड़ की गोदाम थी जिसमें पुराना और नया स्पेयर पार्ट रखा हुआ था अचानक आग लग जाने से अफरातफरी मच गई मौके पर आग इतनी तेज थी पाल झपकते ही सब कुछ नष्ट हो गया सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग पर काबू पाती तब तक लाखों का कीमती सामान जलकर राख हो गया था।

# सीएचसी पनवाड़ी में बिना सुविधा शुल्क के नहीं होता सुरक्षित प्रसव

■ बगैर नजराना दिए सीएचसी पनवाड़ी नहीं होता प्रसव

जन एक्सप्रेस। पनवाड़ी, महोबा




जनपद महोबा के पनवाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव कराने के नाम पर कथित रूप से सुविधा शुल्क वसूले जाने के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहाँ प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं को सुरक्षित प्रसव की सुविधा तभी मिलती है, जब उनके परिजन स्टाफ को नकद राशि उपलब्ध कराते हैं। रकम 500 से लेकर 1000 रुपये तक बताई जाती है।

भटेवरा कला निवासी बुधिया ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी बहू, प्रेम पत्नी देव सिंह को प्रसव पीड़ा होने पर वह सीएचसी पनवाड़ी लेकर आईं। मैटरनिटी वार्ड में भर्ती करने के बाद सफलतापूर्वक प्रसव तो हो गया, लेकिन इसके तुरंत बाद मौजूद स्टाफ ने नजराने के तौर पर पाँच सौ रुपये की माँग की। बुधिया के अनुसार जब उन्होंने यह कहकर पैसे देने से इनकार किया कि वे मजदूरी करके किसी तरह गुजर-बसर करते हैं, तब भी उन्हें मजबूरी में रकम देनी पड़ी।

गौर करने वाली बात यह है कि अस्पताल परिसर की दीवारों पर बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा हुआ है कि यहाँ ÷प्रसव सुविधा 24 घंटे निःशुल्क उपलब्ध है÷। लेकिन ज़मीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट नज़र आती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि तीमारदार पैसे नहीं देते तो प्रसव में अनावश्यक देरी की जाती है या फिर उन्हें बाहर किसी निजी चिकित्सक के पास जाने की सलाह दे दी जाती है।

मामले की शिकायत कई बार महिलाओं द्वारा प्रसव के बाद की परेशानियों को लेकर नायब तहसीलदार और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से की जा चुकी है। शिकायतों पर कभी-कभार मौके पर जांच भी की जाती है और दबाव बनने पर लिया गया पैसा वापस करा दिया जाता है। इसके बावजूद ऐसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इस संबंध में जब सीएचसी पनवाड़ी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.जी. शंखवार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी दी जाएगी। यदि किसी महिला या तीमारदार से सुविधा शुल्क लिया गया है तो उसे वापस कराया जाएगा और संबंधित स्टाफ को कड़ी हिदायत भी दी जाएगी।

ग्रामीणों का कहना है कि शासन-प्रशासन को इस मामले में सख्त कदम उठाने चाहिए ताकि गरीब महिलाओं को प्रसव के समय किसी तरह की आर्थिक लूट या मानसिक प्रताड़ना न सहनी पड़े और उन्हें वास्तव में निःशुल्क एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## हैंडपंप लगाने गए मिस्त्री की पहूज नदी में डूबने की आशंका, तलाश जारी

**माधौगढ़।** दो दिन पहले हैंडपंप लगाने की बात कह कर घर से निकला युवक अचानक लापता हो गया। नदी में डूबने की आशंका पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी खोज शुरू करवा दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सूपा निवासी मुनेश जाटव हैंडपंप लगाने का काम करता था। जिससे अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बुधवार की सुबह वह हैंडपंप लगाने के लिए मध्यप्रदेश के ग्राम मछंड के पास अहरौली जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन दो दिन बीतने के बाद भी अबतक वह घर नहीं आया और हैंडपंप लगाने के लिए भी नहीं पहुंचा। घर न पहुंचने पर नदी में डूबने की आशंका जताते हुए स्वजनों ने शुक्रवार को जानकारी पुलिस को दी। खबर मिलते ही कोतवाल बिकेश बाबू पुलिस फोर्स के साथ पहुज नदी किनारे पहुंचे और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी। पत्नी गीता देवी का कहना है कि आशंका है कि वह नदी में डूब सकते हैं। कोतवाल बिकेश बाबू का कहना है कि स्वजन व ग्रामीणों के बताए गए स्थान के आसपास नदी में गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की जा रही है।

# मवई अहीर प्रधान ने एक बाद एक अब तीसरे मामले में निकाला फर्जी पैसा

## बाउंड्री वॉल के बाद एक सीसी ही नहीं अब दूसरी सीसी का भी फर्जी भुगतान

जन एक्सप्रेस। उरई/जालौन

कदौरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मवई अहीर में ग्राम प्रधान इस समय खुलकर भ्रष्टाचार को अंजाम तक पहुंचाकर पहले से डाली गयी सीसी सड़क का दूसरी बार भुगतान निकालकर प्रदेश की योगी सरकार को चुनौती देने के प्रयासों में जुटे हुये हैं। हैरानी की बात तो यह है कि ग्राम प्रधान का फर्जीबाड़ा ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारियों ने किन कारणों के चलते नहीं पकड़ पाया यह भी कम गंभीर बात नहीं हैं।

इससे पहले भी प्रधान द्वारा स्कूल की बाउंड्री वॉल निर्माण में भी फर्जी तरीके से पैसा निकालने का मामला आया था, जिसकी जांच अभी अधूरी पड़ी हुई है कोई कार्रवाई नहीं अमल में लाई गई है। लेकिन इसी बीच इस यह एक और गंभीर मामले को लेकर ग्राम मवई के ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गांव के वर्तमान प्रधान ने पूर्व प्रधान ने वर्ष 2019-20 में रोड से सुदर्शन (बउआ) के मकान तक मनरेगा योजना से सीसी सड़क का निर्माण 3 लाख 12 हजार 500 रुपये में बनवायी थी। लेकिन इसी बीच इस यह एक और गंभीर मामले को लेकर ग्राम मवई के ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गांव के वर्तमान प्रधान ने पूर्व प्रधान ने वर्ष 2019-20 में रोड से सुदर्शन (बउआ) के मकान तक मनरेगा योजना से सीसी सड़क का निर्माण 3 लाख 12 हजार 500 रुपये में बनवायी थी। लेकिन प्रधान ने भ्रष्ट कारनामों को अंजाम देने का ऐसा फुलप्रूफ ब्लूप्रिंट तैयार कर उसे अमली जामा पहनाने के लिये पूर्व में डाली गयी सीसी सड़क में कुछ नामों की हेराफेरी कर उसे कल्लू के मकान से बउआ के नाम कागजों में दर्शाकर फर्जीबाड़ा करते हुये 2 लाख 62 हजार 78 रुपये का ग्राम निधि से बगैर सीसी सड़क डाले ही भुगतान निकालकर हजम करने की पटकथा लिख डाली। जब उक्त फर्जीबाड़े की जानकारी ग्रामीणों को पता चली तो उन्होंने ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारियों से लिखित व मौखिक शिकायत की ताकि ग्राम प्रधान पर कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा सके। लेकिन ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायत को तबज्जो न देकर उसे रद्दी की टोकरी में फेंक दिया और सीसी सड़क के नाम पर गोलमाल करने वाले ग्राम प्रधान से सांठगांठ कर मामले को सुलटा दिया था। हैरानी की बात तो यह है कि ग्राम प्रधान के फर्जीबाड़े का तीसरा प्रकरण है। इसी प्रकार से वह एक और सीसी सड़क का बगैर काम कराये भुगतान निकालकर उसे भी हजम कर चुके हैं। साथ ही स्कूल की बाउंड्री वॉल निर्माण का भी फर्जी तरीके से पैसे निकालने का मामला सामने आया था, जिसकी जांच अधूरी पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि वह जल्द ही जिलाधिकारी से मिलकर ग्राम प्रधान के क्रियाकलापों की लिखित शिकायत करेंगे, ताकि उससे सरकारी धन की रिकवरी सुनिश्चित करायी जा सके।

# वृद्ध महिला की हत्या में शामिल दूसरा आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। उरई



कोंच कोतवाली के भदेवरा में वृद्ध महिला की हत्या के मामले में फरार चल रहे दूसरा आरोपी प्रेमी पुलिस के हाथ लग गया। प्रेमी के साथ मिलकर दादी की हत्या करने वाली नातिन को पुलिस गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी है। कोंच के ग्राम भदेवरा में बीते शुक्रवार को 72 वर्षीय परमा देवी उर्फ तेलरानी की उसकी सगी नातिन पल्लवी उर्फ मिनी और प्रेमी दीपक ने सिलबट्टे से कूचकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। हत्या का कारण इतना था कि दादी ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। शोर मचाने पर दोनों ने मिलकर परमा देवी की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद रेढ़र थाना के ग्राम तोरना निबासी दीपक फरार हो गया और पल्लवी के जुर्म कबूलने पर पुलिस ने जेल भेज दिया था। रविवार को पुलिस ने इस हत्याकांड के दूसरे आरोपित दीपक निबासी ग्राम तोरना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस हत्या कांड को पल्लवी और दीपक ने मिलकर अंजाम दिया था। हत्या में शामिल दोनों आरोपित गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके है। हत्या में प्रयुक्त किये गए सिलबट्टे व आरोपित के खून से रंगे कपड़े भी बरामद कर लिए गए। पूछताछ में दोनों आरोपितों ने हत्या किए जाने की बात स्वीकारी है।

## हादसे में घायल ट्रक चालक की उपचार के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

सड़क हादसे में घायल हुए ट्रक चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम तरसौर के मजरा पुरवा निवासी 44 वर्षीय निसार खान ट्रक चालक था।बताया गया कि गुरुवार की रात ट्रक को जालौन में खड़ा करके वह बाइक से गांव आ रहा था। जैसे ही उसकी बाइक जालौन-औरैया राजमार्ग पर सहाव मोड़ के पास पहुंची थी। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी थी। जिसे मौके पर पहुंचे राहगीरों व पुलिस ने गम्भीर हालत में उपचार के लिए सीएचसी से मेडिकल कालेज भेजा था। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे ग्वालियर रेफर कर दिया था। जहां शनिवार की शाम को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके मौत की सूचना जब स्वजन को मिली तो घर में चीख-पुकार मच गई।

# श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के द्वारका गमन की कथा का किया वर्णन

जन एक्सप्रेस। महोबा



मेला जलविहार महोत्सव कुलपहाड़ में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथा व्यास पंडित कृष्णा महाराज ने गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाने की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि जो निष्काम भाव से गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करते हैं उनके सभी मनोरथ गिरिराज पूर्ण करते हैं द्य नंद बाबा की एकादशी व्रत की कथा का वर्णन किया कि अर्ध रात्रि में किसी भी नदी सरोवर में स्नान नहीं करना चाहिए इससे वरुण देवता का अपमान होता है द्य भजन के माध्यम से कहा कि राधे-राधे गाने को जी चाहता है वृंदावन जाने को जी चाहता है कथा में उद्धव का मथुरा से वृंदावन जाना भगवान कृष्ण के बिरह में तथा जब भगवान कृष्ण गोकुल से वृंदावन जाने लगे तो गोपिकाओ ने बिरह गीत गाते हुए कहा कि न जाओ मोहन भागवत वृंदावन हमारे प्राण जाते हैं द्य कंस वध की लीला का वर्णन किया कहा कि **जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी** कृष्ण का कंस वध के उपरांत संदीपनी मुनि के आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने जाने की कथा सुदामा के मित्र बनाने की कथा का वर्णन किया। तत्पश्चात भगवान श्रीकृष्ण के द्वारका गमन की कथा का वर्णन किया। तत्पश्चात भगवान श्रीकृष्ण के रुक्मणी के साथ विवाह की कथा में बताया कि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की तथा रुकमी की बहिन रुक्मणी से हुआ। कथा में मां बाघ बिराजन धाम मंदिर के पुजारी पंडित नरेंद्र दुबे महाराज पंडित सुनील महाराज द्वारा पूजन अर्चन किया जा रहा है। कथा के यजमान हरिओम यादव आचार्य सपत्नीक मालती देवी हैं।

कथा में राकेश अर्जरिया राम अवतार सोनी बाबूजी कल्लू कारीगर देवेश सक्सेना अशोक अग्रवाल पत्रकार सीताराम स्वर्णकार पत्रकार सुनील मिश्रा जैलवारा अनिल राजपूत सुरेंद्र बहादुर सक्सेना धर्मेंद्र सिंह तोमर धीरेंद्र तिवारी राघवेंद्र यादव सहित भारी संख्या में भक्तगण ने श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनकर अपने जीवन को कृतार्थ किया। रुक्मणी विवाह में विवाह गीत हरे बांस मंडप छाए रुक्मणी को कृष्ण ब्याहन आये पर उपस्थित भक्तों ने जमकर नृत्य कर खुशियां मनाईं।

# प्रतियोगिताओ में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। महोबा




अंबेडकर पाठशाला शिक्षा सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में निरंतर संचालित निशुल्क अम्बेडकर पाठशाला खंदिया चरखारी में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर कविता, कहानी, निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरुस्कृत कर उत्साह वर्धन किया गया। कक्षा 1 से 5 तक के कुल 10 बच्चों का चयन किया गया प्रत्येक कक्षा के दो- दो बच्चों का चयन कर किया। कक्षा 1 से 5 के बच्चों को पुरस्कार में बस्ता, कॉपी पेन, ज्योमेट्री बॉक्स पुरस्कार में दिया गया एवं कक्षा 6 से 8 में प्रथम स्थान संध्या, द्वितीय इच्छा, तृतीय स्थान नैतिक ने प्राप्त किया उन्हें ट्राफी देकर सम्मानित किया। आधा सैकड़ा बच्चों ने प्रतिभाग किया कुल 13 बच्चों का चयन किया गया द्य स्थान के अनुसार बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में गौरव सक्सेना उ.प्र. पुलिस एवं इन्द्र कुमार कुशवाहा डायरेक्टर एवं अनिल कुशवाहा अध्यक्ष व भरत वर्मा शिक्षा प्रभारी व उपाध्यक्ष मनोज यादव, पाठशाला शिक्षक मनीष अहिरवार, रोहित सहित उपस्थित रहे। अनिल कुशवाहा ने बच्चों को मातृ भाषा पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि हिंदी दिवस हर साल 14 सितंबर को मनाया जाता है जो हिंदी भाषा के महत्व और उसकी गरिमा को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। हिंदी न केवल भारत की राजभाषा है, बल्कि यह हमारे देश की संस्कृति और विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों का उत्साह वर्धन किया और प्रतिदिन अच्छे से पढ़ने के लिए के लिए प्रेरित किया।

## युवक ने किशोरी के साथ की छेड़खानी, पुलिस से शिकायत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेत से घर लौट रही किशोरी के साथ मनचले युवक ने छेड़छाड़ कर दी। किशोरी के मामा ने छेड़छाड़ के साथ दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्जकर किशोरी को मेडिकल परिक्षण के लिए भेज दिया।

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की शाम को 13 वर्षीय किशोरी पशु चरा रहे नाना को खेत पर खाना देने के लिए गई थी। तभी खेत से लौटते समय रास्ते में ही 35 वर्षीय युवक माखन पाल ने जबरन उसे पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। इतना ही नहीं बल्कि उसने किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म करने की कोशिश भी की। इस दौरान किसी तरह किशोरी छूटकर भागी और घर पहुंचकर सारी बात मामा को बताई। इसके बाद ग्रामीणों के साथ देर शाम मामा कोतवाली पहुंचा और पुलिस को शिकायती पत्र दिया। मामा ने भांजी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। कोतवाली पुलिस ने किशोरी से पूछताछ करने के बाद छेड़खानी का मुकदमा दर्जकर लिया और साथ ही किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।घटनास्थल पर जांच के लिए फील्ड यूनिट की टीम भी पहुंची है। मामले में कोतवाली प्रभारी बिकेश बाबू का कहना है कि मुकदमा छेड़खानी का दर्ज कर लिया गया है। डाक्टरी परीक्षण के आधार पर आगे की धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 55 हजार 506 वादों का किया गया निस्तारण

जन एक्सप्रेस। महोबा

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ शनिवार को जनपद न्यायालय के बैठक कक्ष में जनपद न्यायाधीश डॉ0 विदुषी सिंह द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिसमें विपिन कुमार मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, अशोक कुमार यादव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ध्रुव राय नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम लखविन्दर सिंह सूद अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश एस0सी0, एस0टी0 कोर्ट, तेन्द्र पाल, अपर जिला जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सर्वोत्तमा नागेश शर्मा, अपर जिला जज, एफ0टी0सी0, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नितिन कुमार राठी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके पश्चात जनपद न्यायाधीश द्वारा न्यायालय परिसर मे आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत एवं समन्त न्यायालयों का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण दौरान जनपद न्यायाधीश द्वारा अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 55 हजार 506 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें सिविल के 13 वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के 24 वादों, बैंक ऋण एवं अन्य फाइनेंस कम्पनी एवं बैंक से सम्बन्धित प्रीलिटिगेशन स्तर के 670 वादों, लघु अपराधिक मामलों के 1241 वादों का निस्तारण किया गया एवं उत्तराधिकार के कुल 1 मामलों, विद्युत अधि0 के 31 मामलों तथा अन्य प्रकार कुल 53 हजार 526 वादों का निस्तारण किया गया। अयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वादों में प्रतिकर धनराशि के रूप में मु0 1 करोड़ 45 लाख 62 हजार 200 रू0, अर्थदण्ड के रूप में मु0 8 लाख 80 हजार 330 रू0 एवं विभिन्न बैंकों के मु0 5 करोड़ 45 लाख 48 हजार 651 रू0 तथा उत्तराधिकार के वादों में 40 हजार 499 की धनराशि दिलायी गयी। तदुपरान्त सांय 5 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का समापन किया गया।

## मुनीम ने भाई संग मिलकर कराई थी लूट

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना गोरई क्षेत्र में हाथरस के पीतल कारोबारी के मुनीम दीपक संग मथुरा-बरेली हाईवे पर 10.40 लाख रुपये की लूट खुद मुनीम ने अपने भाई संग मिलकर कराई थी। पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा करते हुए मुनीम व उसके भाई कृष्णा को गिरफ्तार कर उसके घर से नकदी बरामद कर ली है। शुक्रवार देर रात तक अन्य पहलुओं पर दोनों से पूछताछ की गई। इसके बाद शनिवार को दोनों को जेल भेज दिया है।

हाथरस के चामड़ गेट निवासी पीतल कारोबारी नितिन अग्रवाल का मुनीम दीपक बृहस्पतिवार को बाइक पर 10.40 लाख रुपये बैग में लेकर मथुरा पार्टी को भुगतान देने जा रहा था। तभी हाईवे पर गोरई क्षेत्र में साथिनी के पास पहुंचने पर उसने करीब साढ़े तीन बजे पुलिस को खुद के साथ लूट की सूचना दी। उसने बताया कि काली स्कॉर्पियो सवार चार बदमाश उससे उसका मोबाइल व रुपयों का बैग लेकर भाग गए। घटना के बाद से लेकर देर रात तक पुलिस की तीन टीमों ने पूरे हाईवे के साथ-साथ उसके लिंक मार्ग, संपर्क मार्ग व कट मार्गों के सीसीटीवी देखे। इस बीच साफ हुआ कि घटना के समय के आसपास कोई स्कॉर्पियो मुनीम के आगे या पीछे नहीं निकली। एक बुलट जरूर उसके आगे पीछे चलती दिख रही थी।

घटनास्थल पर दोनों बाइक एक साथ साइड में रुकी। इसके बाद एक सीसीटीवी में इसी बुलट पर सवार नकाबपोश मुनीम से लूटे गए बैग सहित दिखाई दिया। जिसे खुद मुनीम व कारोबारी नितिन ने स्वीकारा। यह बुलट हाईवे से उतरकर बेसवां इगलास के रास्ते हाथरस की ओर जाती दिखी है। झूठ बोलने पर मुनीम पर यहीं से संदेह गहरा गया। शुक्रवार को बुलट सवार की पहचान मुनीम के सगे भाई कृष्णा के रूप में हुई। बस इसके बाद मुनीम टूट गया।

उसने खुद भाई संग मिलकर लूट का नाटक रचना स्वीकार लिया। इसके बाद पुलिस ने मुनीम के घर से उसके भाई को दबोचकर घर से ही पूरी रकम बरामद कर ली।

# टीईटी से छूट की मांग के लिए शिक्षकों का धरना आज

जन एक्सप्रेस। महोबा

शिक्षकों को दो साल में टीईटी पास करने की अनिवार्यता में छूट की मांग को लेकर सोमवार को जिले के शिक्षक धरना-प्रदर्शन करेंगे। हजारों शिक्षक कलक्ट्रेट पहुंचकर सरकार से सुप्रीम कोर्ट के आदेश को बदलने की मांग रखेंगे। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रशांत सक्सेना ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में सभी सेवारत शिक्षकों को दो वर्ष में शिक्षक पात्रता परीक्षा यानि टीईटी पास करने की अनिवार्यता संबंधी आदेश दिया है। टीईटी पास नहीं कर पाने वाले शिक्षकों को दो वर्ष बाद अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का भी आदेश है। इसमें केवल उन शिक्षकों को छूट दी गई है, जिनकी सेवा अवधि 5 साल से कम शेष रह गई है। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से देश के लाखों शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। अकेले महोबा जिले में सैकड़ों शिक्षक इस आदेश के कारण प्रभावित होंगे। आदेश आने के बाद से शिक्षक तनाव में हैं। पिछले दिनों जिले के एक शिक्षक मनोज साहू ने आत्महत्या कर ली तो वहीं शुक्रवार को राठ में भी शिक्षक गणेशीलाल ने टीईटी के मानसिक दबाव के कारण अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। काफी शिक्षक उम्र इसके ऐसे पड़ाव पर हैं, कि वे टीईटी पास करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एनसीटीई की गाइडलाइन भी सेवारत शिक्षकों को इस उम्र में टीईटी के लिए अहर्य नहीं मानती है। इसलिए शिक्षक परेशान है। शिक्षकों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश नेतृत्व के आह्वाहन पर सोमवार को दोपहर तीन बजे से कलक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन आयोजित होगा।

# 800 मीटर दौड़ किशोर वर्ग में दिबियापुर के प्रशांत तो लंबी कूद में ध्रुव कुमार ने मारी बाजी

■ स्टेडियम में विद्या भारती खेलकूद प्रतियोगिता का एमएलसी ने कराया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। महोबा

परंपरागत रूप से विद्या भारती के 36 वें प्रांतीय खेलकूद समारोह का शुभारंभ निश्चित समय पर विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में आतिशबाजी गुब्बारे और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह सेंगर विधान परिषद सदस्य चित्रकूट बांदा महोबा हमीरपुर से एव विशिष्ट अतिथि चित्रगुप्त जिला पर्यटन एवं संस्कृति अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में जैसे ही शुभारंभ की घोषणा हुई वैसे ही राजकीय स्टेडियम में उपस्थित जन समुदाय छात्र अभिभावक और दर्शकों ने करतल ध्वनि के साथ वातावरण को गुंजायमान कर दिया आतिशबाजी की आवाज से एक और जहां लोगों ने अपने कानों में उंगली लगाई वही स्टेडियम ग्राउंड में दिन में भी दीपावली जैसा जगमग नजारा देखने को मिला द्य अतिथियों की पावन श्रृंखला में जिला क्रीडाअधिकारी संदीप गुप्ता, विद्या भारती संभाग निरीक्षक शिवकरण कानपुर संभाग के संभाग निरीक्षक अजय, जिला वनाधिकारी नरेंद्र सिंह ने मंच की शोभा बढ़ाकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए दिवियापुर, कानपुर, कन्नौज, जालौन, हमीरपुर, बांदा फतेहपुर एवं झांसी संकुल से आए 495 प्रतिभागियों ने खेल परिसर में मार्च पास कर खूबसूरती की छटा बिखेर दी साथ ही मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी गई द्य सबसे आगे सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र स्काउट गाइड बैंड बजाते चल रहे थे।

मुख्य अतिथि एमएलसी विधायक जितेंद्र सिंह सेंगर, विशिष्ट अतिथि



चित्रगुप्त ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। अखिल भारतीय खेलकूद समारोह की स्वर्ण पदक विजेता संध्या राजपूत झांसी और अखिल भारतीय खेलकूद समारोह की कांस्य पदक विजेता राशि कश्यप कानपुर ने जलती हुई मसालों के साथ खेल परिसर का तेज गति में भ्रमण कर कार्यक्रम का आगाज किया। आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने तीन दिवसीय खेलकूद समारोह में आए अतिथियों का परिचय कराया। प्रांतीय शारीरिक प्रमुख राकेश बधवार ने खेलकूद प्रतियोगिताओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। छात्राओं ने शुभारंभ की बेला पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी तत्पश्चात् प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। गोला अंडर 14 बाल वर्ग में बहन अदिति दिवियापुर ने प्रथम स्थान मरियम फतेहपुर ने द्वितीय स्थान छवि राजपूत जालौन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया द्य लंबी कूद तरुण वर्ग भैया में बांदा से आए लक्ष्मी प्रसाद ने प्रथम स्थान झांसी से प्रिंस ने द्वितीय स्थान कन्नौज के अर्चित यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ शिशु वर्ग भैया में बांदा से आए आशुतोष ने प्रथम स्थान दिबियापुर के नैतिक ने द्वितीय स्थान बांदा के आदित्य तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।800 मीटर दौड़ किशोर वर्ग भैया में दिबियापुर के प्रशांत ने प्रथम स्थान फतेहपुर के मयंक ने द्वितीय स्थान कन्नौज के शिवांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया 800 मीटर दौड़ किशोर वर्ग बहन में संध्या झांसी प्रथम स्थान गौरी जालौन द्वितीय स्थान विधि केसरवानी कानपुर तृतीय स्थान पर रही। 600 मी बाल वर्ग भैया में श्यामजीत कन्नौज प्रथम स्थान राज सहरिया झांसी द्वितीय स्थान सौरभ फतेहपुर तृतीय स्थान पर रहे। 600 मीटर दौड़ बहन बाल वर्ग में नैंसी राजपूत झांसी प्रथम स्थान आरुषि सिंह हमीरपुर द्वितीय स्थान शताक्षी हमीरपुर तृतीय स्थान पर रही। लंबी कूद बाल वर्ग भैया में ध्रुव कुमार कन्नौज प्रथम स्थान हर्ष कुशवाहा झांसी द्वितीय स्थान संस्कार जालौन तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर राकेश बधवार प्रांत शारीरिक प्रमुख कानपुर प्रांत प्रभाकर त्रिपाठी सह प्रांत शारीरिक प्रमुख कानपुर प्रांत, निर्णायक मंडल में लक्ष्मीकांत बाजपेई झांसी, शैलेंद्र सिंह यादव झांसी, जितेंद्र त्रिपाठी कन्नौज, घनश्याम शुक्ला बांदा, संतोष चिरगांव झांसी, नरेंद्र सिंह सेंगर चरखारी, सुधीर कानपुर, शिशिर पाठक फतेहपुर, अनूप खरे महरौनी धर्मेंद्र बरुआसागर झांसी उपस्थित रहे।

संगीताचार्य पंडित जगप्रसाद तिवारी के संचालन में हुए आयोजन में पूर्व प्रधानाचार्य समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रोफेसर लालचंद्र अनुरागी एडवोकेट लायक सिंह परिहार, आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह, विद्या भारती से संचालित नगर के अन्य विद्यालय के प्रधानाचार्यों में अरुण उपाध्याय, अर्चना वर्मा, जगदीश के अलावा आचार्य, छात्र भैया छात्रा बहन एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# नेपाल : जेल से फरार भारतीय कैदी सीमा पर खुलेआम घूमने से बढ़ा खतरा

- नेपाल की सशस्त्र बल और दो पुलिसकर्मी को बंधक बना फरार हुए थे सभी कैदी
- भारतीय कैदियों की वापसी पर नेपाल कानून बना अड़चन, एजेंसियों में समन्वय की कवायद

जन एक्सप्रेस। ठूठीबारी/महराजगंज

भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के लिए नई चुनौती खड़ी हो गई है।

सूत्रों की मानें तो पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के नवलपरासी जिला कारागार से हाल ही में हुए सामूहिक फरार कांड के बाद अब जेल से भागे भारतीय कैदी खुलेआम भारतीय बाजारों और गांवों में देखे जा रहे हैं। यह स्थिति न केवल कानून-व्यवस्था बल्कि दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी चिंता का विषय बन गई है।

मिली जानकारी के अनुसार नवलपरासी जिला जेल में विभिन्न अपराधों में बंद 41 भारतीय कैदी भी सैकड़ों नेपाली कैदियों के साथ फरार हो गए थे। जेएनजी आंदोलन के दौरान उपजे बवाल में कैदियों ने जेल परिसर में आगजनी की और चार सशस्त्र बल कर्मियों व दो नेपाल पुलिसकर्मियों को बंधक बनाकर जेल की दीवारें तोड़कर भाग निकले। मामले में नवलपरासी के जेल प्रशासन ने बताया कि फरार कैदी लगभग 11 किलोमीटर पैदल चलकर आसानी से भारतीय सीमा में दाखिल हो गए। नेपाल जिला प्रशासन ने बार-बार अपील की है कि कैदी खुद वापस जेल आ जाएं। शनिवार दोपहर तक 87 कैदी लौट भी चुके थे, लेकिन अभी भी 460 से अधिक कैदी फरार हैं। इनमें बड़ी संख्या भारतीय नागरिकों की है।




**सीमा पर सक्रिय भारतीय एजेंसियां**

भारतीय सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) और स्थानीय पुलिस को नेपाल प्रशासन ने समन्वय स्थापित करने का आग्रह किया है। अब तक एक भारतीय कैदी को एसएसबी की मदद से नवलपरासी जेल में लौटाया जा चुका है, जबकि शेष कैदियों की तलाश जारी है। हालांकि, ग्रामीण इलाकों और कस्बाई बाजारों में खुले आम घूमते भारतीय कैदियों को लेकर स्थानीय लोग दहशत में हैं।

### भारतीय कैदियों की वापसी पर संशय

नवलपरासी जिला प्रशासन के सूचना अधिकारी बीर दत्त पंथ ने साफकहा है कि नेपाल के कानून के तहत वे भारतीय नागरिकों को भारत से पकड़कर वापस नहीं ला सकते। ऐसे में भारतीय कैदियों की वापसी को लेकर संशय गहराता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में केवल भारत की सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से ही भारतीय कैदियों को वापस भेजा जा सकता है।

### स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल

ठूठीबारी, सोनौली और आसपास के बाजारों में कैदियों को देखे जाने की सूचनाएं लगातार आ रही हैं। अपराधी पृष्ठभूमि के इन लोगों की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का वातावरण है। वहीं, प्रशासनिक स्तर पर अभी तक किसी बड़े अभियान की शुरुआत नहीं हुई है, जिससे असुरक्षा की भावना और गहराती जा रही है।

### कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती

सीमा पर भारतीय कैदियों की मौजूदगी और उनकी वापसी को लेकर संशय न केवल नेपाल बल्कि भारत की कानून-व्यवस्था के लिए भी चुनौती बन चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर समय रहते इन फरार कैदियों को पकड़कर जेल नहीं भेजा गया, तो सीमा क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# जन शिकायतों पर डीएम और एसपी की संयुक्त जनसुनवाई

## फरियादियों को मिला त्वरित समाधान का भरोसा, जिम्मेदारों को मिली चेतावनी

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर महराजगंज सदर कोतवाली में शनिवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा व पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने संयुक्त जनसुनवाई की। अधिकारियों ने एक-एक प्रार्थना पत्र पर गंभीरता से सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान चौपरिया मुख्यालय तहसील गेट निवासी राम गोपाल व रामचन्द्र के मारपीट संबंधी प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी ने तत्काल मौके का निरीक्षण करवाते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के आदेश दिए।

पूर्व थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों पर भी जिलाधिकारी ने स्वयं पहल की। शायरा खातून (ग्राम रामपुर बुजुर्ग) तथा इन्द्रजीत साहनी (नेहरू नगर, नगर पालिका महराजगंज) से डीएम ने मोबाइल पर संपर्क कर समाधान की जानकारी ली।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उनकी समस्या का निस्तारण हो चुका है और वे संतुष्ट हैं। इसी क्रम में प्रेमशीला देवी पत्नी जुगुल किशोर (बैजनाथपुर), रिंकु कुमार, संजय शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा (गौनरिया बाबू) तथा राजवती देवी पत्नी रामकृष्ण (ग्राम सिसवा) की शिकायतों पर अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई कर शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम नागरिकों की समस्याओं का निवारण ही प्रशासन की प्राथमिकता है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार, एसएचओ निर्भय सिंह, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता मौजूद रहे।

# विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने की अपील

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



भाजपा ने ट्रंप टैरिफ के जवाब में राष्ट्रीय स्तर पर स्वदेशी जागरण अभियान की शुरुआत की है। इसी क्रम में महराजगंज जनपद के महुअवा बाजार में स्वदेशी जनजागरण हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राकेश गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों और नागरिकों ने विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करते हुए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लिया।

राकेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति देने के लिए यह जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ बढ़ाए जाने के बाद अब समय आ गया है कि हम विदेशी वस्तुओं की निर्भरता खत्म कर अपने देश में निर्मित उत्पादों को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा स्वदेशी सामान अपनाने से स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को सीधा लाभ मिलेगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। विदेशी वस्तुओं का अधिक प्रयोग विदेशों को लाभ पहुंचाता है और हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करता है। इस मौके पर व्यापारियों ने ऑनलाइन खरीदारी का विरोध करते हुए स्थानीय बाजार से खरीदारी करने की अपील की। हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में व्यापारियों और नागरिकों ने भाग लिया और स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। जन एक्सप्रेस संवाददाता से बातचीत में राकेश गुप्ता ने कहा कि स्वदेशी उत्पाद केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। जब हम अपने देश में बने उत्पादों का प्रयोग करते हैं तो स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन मिलता है और देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता सुदृढ़ होती है।

# सलेमपुर में मोबाइल फोन की दुकान में जीएसटी टीम का छापा

जन एक्सप्रेस। देवरिया

सेवा एवं वस्तु कर (जीएसटी) की एसआईबी टीम ने शनिवार को सोहनाग रोड स्थित मोबाइल फोन की एक दुकान पर छापा मारा। कार्रवाई से अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जीएसटी को सूचना थी कि दुकानदार की तरफ से हर माह कर चोरी की जा रही है।

शासन के निर्देश पर डिप्टी कमिश्नर ममता राठौर के नेतृत्व में गठित टीम ने शनिवार की दोपहर सलेमपुर पहुंची। टीम पहले से चिह्नित सोहनाग रोड स्थित एक मोबाइल फोन की दुकान पर पहुंची। टीम के सदस्यों ने दुकान में उपलब्ध बिल व अन्य कागजात खंगाले। साथ ही, संचालक से खरीद-बिक्री के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। टीम दुकान की कई दिनों से रेकी कर रही थी। विभागीय सूत्र बताते हैं कि दुकानदार द्वारा लंबे समय से जीएसटी की चोरी की जा रही है।

# सूखे की मार : बारिश के अभाव में बर्बाद हो रही धान की फसलें, किसान परेशान

जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज

पनियरा क्षेत्र के किसान इस वर्ष बारिश की कमी के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। पिछले 20 दिनों से क्षेत्र में वर्षा नहीं होने के कारण धान की फसलें सूखने लगी हैं और किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। फसल बचाने के लिए किसान बोरिंग, ट्यूबवेल और डीजल पंप जैसे महंगे साधनों पर निर्भर हो गए हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और भी कमजोर हो रही है। बड़वार गांव के किसान विजय सिंह ने बताया कि पिछले तीन हफ्तों से बारिश नहीं हुई है, जिससे धान की फसलें सूख रही हैं। अगर यही हाल रहा तो पूरी मेहनत बर्बाद हो जाएगी। महुअवा शुक्ल गांव के किसान रमाकांत प्रजापति ने कहा कि बारिश न होने के कारण फसलें बर्बादी की कगार पर हैं और उन्हें अपनी फसल बचाने के लिए बोरिंग और अन्य संसाधनों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। किसान राजेंद्र चौरसिया ने कहा इस साल धान की पैदावार पर बहुत बुरा असर पड़ा है। बारिश नहीं होने से हमें अपनी फसल को पानी देने के लिए डीजल इंजन का उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे लागत बढ़ गई है और हमारी परेशानी और भी गंभीर हो गई है।



**डीजल की बढ़ती लागत से किसानों की मुसीबत बढ़ी**

सिंचाई के लिए निजी संसाधनों पर निर्भर रहना किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। डीजल से इंजन चलाने में होने वाला अतिरिक्त खर्च और पहले से बढ़ती महंगाई से जूझ रहे किसानों की आर्थिक स्थिति को और भी कमजोर कर रहा है। इधर किसान सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं और उम्मीद भी जता रहे है कि प्रशासन जल्द ही इस समस्या का समाधान निकालेगा। वैसे क्षेत्र के किसान इस समय फसलों को बचाने के लिए हरेक संभव उपाय कर रहे हैं, लेकिन मौसम में सुधार न होने पर उनकी मेहनत और लागत दोनों ही जोखिम में हैं।

# विधायक ने फेसबुक पर लगाया धर्मांतरण का आरोप

जन एक्सप्रेस। देवरिया

शनिवार को सदर विधायक ने अपने फेसबुक वॉल पर पोस्ट किया कि रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के रहने वाले हिंदू दंपती के गरीबी का फायदा उठाकर एसएस मॉल के मालिक ने धर्मांतरण करा दिया था। उसे अपने धर्म में वापसी कराई गई।

शहर के एसएस मॉल के मालिक इन दिनों चर्चा में बने हैं। युवती की ओर से धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने का मामला शांत नहीं हुआ था कि सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने फेसबुक पर एसएस मॉल के मालिक के झांसे में आकर मॉल में काम करने वाले एक दंपती पर मुस्लिम धर्म स्वीकार का आरोप लगाया है।

विधायक ने आधार कार्ड, शपथपत्र समेत दंपती का फोटो भी वायरल किया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक शख्स इजी मॉर्ट में काम करता था।

गांव वालों के अनुसार, वर्ष 2019 में उसने पत्नी के साथ लखनऊ में जाकर एसएस मॉल के मालिक से संपर्क किया। वहां पर दंपती के आर्थिक कमजोरी का फायदा उठाते हुए मॉल का मैनेजर बनाने का प्रलोभन एसएस मॉल का मालिक उस्मान गनी ने दिया और ब्रेन वॉश कर धर्मांतरण करा दिया।

शनिवार को सदर विधायक ने अपने फेसबुक वॉल पर पोस्ट किया कि रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के रहने वाले हिंदू दंपती के गरीबी का फायदा उठाकर एसएस मॉल के मालिक ने धर्मांतरण करा दिया था। उसे अपने धर्म में वापसी कराई गई। सीओ सिटी संजय रेड्डी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच कराई जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

# सरकारी आईटीआई में 20 और निजी में 30 तक मिलेगा प्रवेश

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले के सभी सरकारी और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। यह प्रवेश प्रक्रिया का चौथा और अंतिम चरण है। इच्छुक उम्मीदवार अब 30 सितंबर तक प्रवेश ले सकते हैं। राजकीय आईटीआई कॉलेज पडरौना के प्रधानाचार्य आलोक कुमार मौर्या बताया कि संस्थान और ट्रेड (व्यवसाय) के अनुसार खाली सीटों की जानकारी एससीवीटी पोर्टल पर उपलब्ध है। जिन उम्मीदवारों ने पहले पंजीकरण करवा लिया है, वह एससीवीटी पोर्टल पर खाली सीटों के अनुसार अपने नए विकल्प चुनकर मूल दस्तावेजों के साथ वॉक इन के माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं।

# पंडित दीनदयाल इण्टर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया हिन्दी दिवस

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

पंडित दीनदयाल इण्टर कॉलेज, महराजगंज में हिन्दी दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी, पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्था के डायरेक्टर दुर्गेश कुमार सिंह ने कहा कि हिंदी राष्ट्र को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हिंदी का स्वरूप निरंतर निखर रहा है और यह भारत की अस्मिता का प्रतीक है।

वहीं प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हिंदी केवल भाषा ही नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति की पहचान भी है। हिंदी से मिट्टी और मन दोनों जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि विविध भाषाओं वाले भारत में हिंदी संवाद की साझा भाषा बनकर लोगों को जोड़ने का कार्य करती है।

हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। पोस्टर प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से सार्थक भारती ने प्रथम, अंकुश प्रजापति ने द्वितीय और अंशु कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी में सीनियर वर्ग से आदित्य गौड़ प्रथम, शैलजा द्विवेदी द्वितीय और आँचल गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से नबी आलम ने पहला, अंजली रौनियार ने दूसरा और जया ने तीसरा स्थान अर्जित किया। सीनियर वर्ग से कृष्णानंद द्विवेदी प्रथम, कमलेश भारती द्वितीय और तन्नू वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। सभी प्रतियोगिताएं विद्यालय के हिन्दी प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

# ठूठीबारी कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक

जन एक्सप्रेस। ठूठीबारी/महराजगंज

आगामी त्यौहार नवरात्र, रामनवमी दशहरा को लेकर रविवार को ठूठीबारी कोतवाली परिसर के आनंद सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता निचलौल पुलिस क्षेत्राधिकारी शिव प्रताप सिंह ने की। इसमें क्षेत्र के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। उक्त त्योहार में किसी प्रकार का वाद विवाद न हो तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

सीओ शिव प्रताप सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। किसी भी तरह की अफवाह या अराजक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इंटरनेट के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भड़काऊ व अनर्गल बातें लिखने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी समस्या उत्पन्न होती है तो लोग स्वयं निर्णय न लेकर तत्काल पुलिस को सूचना दें।



थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा ने बताया कि त्योहारों के दौरान पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान उपनिरीक्षक दिनेश कुमार गौंड, विक्की कुमार, माहरूफ गुड्डु मिर्जा, अतुल, रौनियार, भवन प्रसाद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# विद्यालय के वाहनों की सुरक्षा में लापरवाही पड़ेगी महंगी, तय होगी जवाबदेही

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

**विद्यालयों को इन मानकों का रखना है ध्यान**

- विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन और नियमित बैठकें
- सभी वाहनों के वैध दस्तावेजों की उपलब्धता
- सुरक्षा उपकरण जैसे फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर आदि की मौजूदगी
- निजी वाहनों का परमिट द्वारा औपचारिक सम्बद्धीकरण
- निर्धारित क्षमता के अनुसार ही छात्रों को बैठाना
- प्रशिक्षित और लाइसेंसधारी चालकों द्वारा वाहन संचालन
- वाहन की गति सीमा का पालन करना अनिवार्य
- छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु गतिविधियों का आयोजन

जिले में निजी विद्यालयों द्वारा संचालित परिवहन सेवाओं की सुरक्षा को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने सख्त रुख अपनाया है।

उन्होंने जिले के सभी विद्यालय प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विद्यालय के वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई विद्यालय सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और प्रबंधक व प्रधानाचार्य की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन की यह कानूनी जिम्मेदारी है कि वे परिवहन सेवाओं में सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों का पालन करें। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा एक अत्यंत गंभीर विषय है, जो उनके जीवन से जुड़ा हुआ है। ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही, गैर-जिम्मेदारी या नियमों के उल्लंघन के परिणाम गंभीर और दीर्घकालिक हो सकते हैं। यदि किसी विद्यालय में सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण दुर्घटना या किसी प्रकार की घटना घटती है, तो संबंधित विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जाएगा। इस सख्ती से उम्मीद है कि सभी विद्यालय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

# शिलान्यास के बाद शुरू हुआ सड़क का निर्माण

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।

बेलवा चुंगी से अंबे चौक तक निर्माणाधीन बाइक सड़क का शनिवार को निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कराकर कार्य की शुरूआत कराई। नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि यह मार्ग नगर की यातायात व्यवस्था को नया आयाम देगा। इसके बनने से शहर की अन्य सड़कों पर यातायात का दबाव कम होगा। इस दौरान अधिशासी अधिकारी संतराम सरोज, अधिशासी अभियंता निर्माण राम बहादुर, सभासद सौरभ सिंह, अनिल जायसवाल, नितिन मिश्रा, मुन्ना गुप्ता, अजय गुप्ता, अभय गौड़, मनोज चौरसिया, राजेश जायसवाल, अभय सिंह, ब्रजेश शर्मा, अमित त्रिपाठी, आलोक विश्वकर्मा, अनूप गोंड, मानस मिश्रा, राजेश कुशवाहा, आकाश वर्मा, मंथन सिंह आदि मौजूद रहे।

# पति को शराब पिलाने के बाद पत्नी ने पति के हाथ-पैर बांधे : दबाया गला, प्रेमी करता रहा वार- कर दी हत्या

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



पत्नी नेहा नागेश्वर को पहले खूब शराब पिलाई। वहीं नागेश्वर को नशे में होने के बाद हाथ-पैर बांध दिया फिर सीने पर चढ़ पति नागेश्वर की गला घोंटने लगी। इतना ही नहीं प्रेमी भी नागेश्वर पर ताबड़तोड़ वार करता रहा। कुछ देर बाद नागेश्वर की मौत हो गई। फिर पत्नी मृत पति के शव को नहलाकर कपड़ा पहनाया।

कोतवाली ठूठीबारी थाना क्षेत्र के राजाबारी गांव में शनिवार को हुए एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। यहां पर पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। इसके बाद इस हत्या को हादसे का रूप देने के लिए पति के शव को प्रेमी के साथ बाइक से 25 किलोमीटर दूर ले जाकर सड़क पर फेंक फरार हो गई। लेकिन मृतक के परिजनों ने इस पूरे झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। मृत युवक के पिता की तहरीर पर आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। कोतवाली ठूठीबारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव राजाबारी निवासी केशव राज रौनियार का बेटा नागेश्वर रौनियार (26) बीते शुक्रवार शाम करीब चार बजे बाइक लेकर घर से निकला था। लेकिन पूरी रात घर नहीं लौटा। युवक के पिता केशव राज रौनियार का आरोप है कि बहू नेहा रौनियार अपने प्रेमी जितेंद्र के साथ मिलकर बेटे नागेश्वर रौनियार की बेरहमी गला घोंटकर हत्या कर दी।

इतना ही नहीं प्रेम में हुए अंधी बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर ऐसा नाटक रचा की मानों बेटे नागेश्वर की मौत सड़क हादसे में हुई हो। बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर बेटे के शव को 25 किलोमीटर दूर निचलौल-सिंदुरिया मार्ग स्थित दमकी गांव के सामने सड़क पर फेंक कर फरार हो गई थी। वहीं बेटे का शव मिलने की सूचना उन्हें कोतवाली ठूठीबारी पुलिस से मिली उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। निचलौल थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार वर्मा के अनुसार, मामले में मृत युवक नागेश्वर रौनियार के पिता केशव राज रौनियार की तहरीर पर आरोपी बहू नेहा रौनियार और उसके प्रेमी जितेंद्र निवासी राजाबारी थाना कोतवाली ठूठीबारी के खिलाफ हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# डीआईजी सख्त, कप्तान सख्त.... आखिर थानेदार क्यों फेल? क्या तबादला है ज़रूरी



- लगातार चोरियां, खुलासा तक नहीं! परशुरामपुर थानाध्यक्ष नाकामी उजागर
- अपराधियों के हौसले बुलंद, परशुरामपुर थानेदार फेल! जनता पूछ रही जवाब
- दिनदहाड़े चोरी और जुए-शराब का धंधा, परशुरामपुर थानेदार पर बढ़ा जनता का गुस्सा

जन एक्सप्रेस। बस्ती

जनपद बस्ती में अपराध और कानून-व्यवस्था का मुद्दा दिनों-दिन गंभीर होता जा रहा है। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) संजीव त्यागी और प्रभारी पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमप्रकाश सिंह लगातार सख्ती दिखा रहे हैं। कभी रात के अंधेरे में कस्बों की गलियों में पैदल गश्त करते हैं, कभी जनचौपाल लगाकर जनता से सीधा संवाद करते हैं, तो कभी थानों में जाकर अधीनस्थों को स्पष्ट निर्देश देते हैं। दोनों अफसरों की चुस्ती और सक्रियता जनता को भरोसा दिलाती है कि प्रशासन सजग है।

लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब शीर्ष अधिकारी इतने गंभीर और सख्त हैं तो थानेदार क्यों नाकाम साबित हो रहे हैं? क्यों जिले में चोरी, छुरेबाज़ी और लूट की घटनाएँ थम नहीं रही हैं? क्यों अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और जनता असुरक्षित महसूस कर रही है?

जनता का कहना है कि अफसरों की मेहनत और सक्रियता सराहनीय है, लेकिन थानेदारों की सुस्ती ने पूरे प्रयास पर पानी फेर दिया है। थाना स्तर पर अपराध का खुलासा नहीं हो पा रहा, अपराधियों तक पुलिस की पहुँच कमजोर पड़ रही है। पीड़ितों को कार्रवाई की जगह ÷जांच जारी है÷ का जवाब मिलता है। जनता अब खुले शब्दों में सवाल उठा रही है– क्या कानून-व्यवस्था सुधारने का एकमात्र रास्ता लापरवाह थानेदारों का तबादला नहीं है?

### जनता असुरक्षित, अपराधी बेलगाम! परशुरामपुर थानेदार की नाकामी से क्षेत्र में खौफ़

परशुरामपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब अब परशुरामपुर में भी लगातार चोरी की वारदातें सामने आ रही हैं।

हालात यह हैं कि दिन हो या रात, अपराधियों के निशाने पर आमजन हैं। क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग रात-रात भर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और सीसीटीवी फुटेज खंगालने की औपचारिकता शुरू कर दी, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस सुराग मिला और न ही अपराधियों की पहचान हो पाई।

जनता का आरोप है कि परशुरामपुर थाना अध्यक्ष भानु प्रताप चोरी और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। लगातार वारदातों का न तो खुलासा हो रहा है और न ही अपराधियों पर लगाम कसने के प्रयास दिख रहे हैं। जनता का सवाल है कि जब चोरी की घटनाएँ ताबड़तोड़ जारी हैं और पुलिस खुलासा तक नहीं कर पा रही, तो आखिर परशुरामपुर थानेदार की कार्यशैली पर सवाल न उठें तो और क्या हो?

### जनता की मांग–

नाकाम थानेदारों बदलाव कब होगा?
हर चौराहे, हर चौपाल में आज यही चर्चा है कि जिले की कानून-व्यवस्था का असली समाधान तभी होगा जब लापरवाह थानेदारों को हटाकर नए और चुस्त अफसरों को जिम्मेदारी दी जाएगी।

### जनता का सवाल सीधा है–

आखिर कब कप्तान ऐसे नाकाम थानेदारों का तबादला करेंगे?



दिनदहाड़े वारदातें होने लगी हैं। हाल ही में थाना क्षेत्र के चौरी बाजार में एक महिला के सिर पर वार कर घर से कीमती आभूषण और नगदी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। अज्ञात चोर मौके से फरार हो गए। गौर क्षेत्र में चोरी की घटनाओं के बाद

### अगर कप्तान और डीआईजी गंभीर हैं, तो थानेदारों पर सर्जिकल स्ट्राइक क्यों नहीं?

जनपद की कानून-व्यवस्था पर सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब डीआईजी संजीव त्यागी और प्रभारी कप्तान ओमप्रकाश सिंह अपराध नियंत्रण के लिए लगातार गंभीर और सक्रिय हैं, खुद फील्ड में उतरकर पैदल गश्त कर रहे हैं, जनता से संवाद कर रहे हैं और अपराधियों को सख्त चेतावनी भी दे रहे हैं– तो फिर थाना स्तर पर यह गंभीरता क्यों नदारद है?

थानेदार अपराधों के खुलासे में नाकाम हैं। चोरी और छुरेबाज़ी की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं, जबकि थाना स्तर पर कार्रवाई कागज़ों तक सीमित है। ऐसे में जनता अब सवाल पूछ रही है–क्या सिर्फ अपराधियों पर सख्ती काफी है या फिर थानेदारों पर भी 'सर्जिकल स्ट्राइक' जरूरी है?

जनता का मानना है कि अगर कप्तान और डीआईजी सच में सुधार चाहते हैं तो सबसे पहले थानेदारों की जवाबदेही तय करनी होगी। जो फेल हैं, उन्हें हटाकर नए और चुस्त अफसरों को जिम्मेदारी देनी होगी।

### अपराधियों के हौसले बुलंद, जनता परेशान?

पिछले कुछ महीनों में जिले में चोरी, छुरेबाज़ी और आपराधिक घटनाओं का सिलसिला तेज हुआ है। कई मामलों में पुलिस आज तक ठोस खुलासा नहीं कर सकी। छोटे अपराधी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं और बड़े अपराधी तो खुलेआम वारदात कर रहे हैं। जनता कह रही है कि अगर कप्तान और डीआईजी खुद फील्ड में उतर सकते हैं तो थानेदार आखिर क्यों सुस्त बने हुए हैं?

**यही सवाल अब हर गली**

**मोहल्ले में गूंज रहा है कि जब अफसर सक्रिय हैं तो अपराध क्यों नहीं थम रहे?**

### अफसरों की सक्रियता लेकिन थानों तक असर क्यों नहीं?

डीआईजी संजीव त्यागी हरैया में पैदल गश्त करते हैं, जनता को अफवाहों से बचने की नसीहत देते हैं। कप्तान ओमप्रकाश सिंह लगातार अधीनस्थों को अपराध नियंत्रण के आदेश देते हैं। लेकिन इन आदेशों का असर जनता तक क्यों नहीं पहुँच पा रहा? थानेदार मीटिंग में सिर हिलाते हैं, लेकिन जमीनी कार्रवाई नदारद है। यह विरोधाभास जनता की चिंता को और बढ़ा रहा है। सवाल उठ रहा है–क्या कप्तान और डीआईजी की मेहनत केवल कागज़ों और सुर्खियों तक सीमित रह जाएगी?

### क्या थानेदारों का तबादला ही विकल्प है?

जनता अब खुलकर कह रही है कि जो थानेदार अपराध पर लगाम लगाने और वारदातों का खुलासा करने में नाकाम हैं, उन्हें उनके पद पर क्यों बनाए रखा जा रहा है? लोगों का मानना है कि थानेदारों का तत्काल मूल्यांकन होना चाहिए और जो ढीले व नाकाम साबित हों, उन्हें हटाकर नए और चुस्त अफसरों की तैनाती होनी चाहिए।

### पुलिस के प्रति जनता का सब्र टूट रहा है!

थानेदारों की सुस्ती का नतीजा यह है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और आमजन असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पीड़ित थानों में जाकर न्याय की उम्मीद करते हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ औपचारिकता और आश्वासन मिलता है।

**जनता अब सवाल पूछ रही है**

**क्या अपराधियों से ज्यादा डर हमें पुलिस की नाकामी से होना चाहिए?**

### डीआईजी और कप्तान की सख्ती कब होगी असरदार?

जनता मानती है कि कप्तान और डीआईजी की सख्ती सराहनीय है, लेकिन यह तभी असरदार होगी जब थानेदार भी उसी ऊर्जा और जिम्मेदारी से काम करें। वरना बड़े अफसरों का सारा प्रयास थानों की सुस्ती में खो जाएगा।

**यही वजह है कि अब आवाज बुलंद हो रही है– सिर्फ आदेश नहीं, बदलाव चाहिए।**

### परशुरामपुर थाना में बरसों बाद सब इंस्पेक्टर को थानेदारी बना चर्चा का विषय!

जनपद का अहम और संवेदनशील परशुरामपुर थाना, जो बॉर्डर पर स्थित है, इन दिनों चर्चाओं का केंद्र बना हुआ है। वजह यह है कि कई बरसों बाद यहां किसी सब इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी को थानेदारी का चार्ज दिया गया है। जबकि इस थाने का इतिहास रहा है कि यहां हमेशा इंस्पेक्टर स्तर के ही अधिकारी तैनात किए जाते रहे हैं। जनता के बीच अब सवाल जोर पकड़ रहा है कि जब जिले में तमाम योग्य और अनुभवी इंस्पेक्टर उपलब्ध हैं, तो आखिर ऐसी क्या मजबूरी रही कि परशुरामपुर जैसे संवेदनशील और रणनीतिक महत्व के थाने की कमान एक सब इंस्पेक्टर को सौंप दी गई? क्या यह प्रशासनिक प्रयोग है या फिर कोई और कारण छिपा है? इधर क्षेत्रीय हालात भी चिंता बढ़ा रहे हैं। चोरी, अवैध शराब, जुए और अन्य आपराधिक गतिविधियाँ तेजी से फैल रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब अपराध बढ़ रहे हों तो ऐसे थाने पर एक संवेदनशील और अनुभवी इंस्पेक्टर की तैनाती बेहद जरूरी थी, ताकि जनता में भरोसा और अपराधियों में खौफ दोनों बने रहें। चर्चा यही है कि सब इंस्पेक्टर की तैनाती कहीं प्रशासनिक चूक तो नहीं, जिसकी कीमत अब जनता अपराध और असुरक्षा के रूप में चुका रही है।

# अस्मिता का अमूल्य आभूषण और संस्कृति का शाश्वत दर्पण है हिंदी: संजय शुक्ल

जन एक्सप्रेस। बस्ती



अ से अनपढ़ से प्रारंभ करवा के ज्ञ से ज्ञानी बनाकर छोड़ने वाली मातृभाषा हिंदी – यह केवल अक्षरों का संयोजन नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन और आत्मा की धड़कन है। यह भाषा हमारे संस्कारों की प्रथम श्वास है और अंतिम क्षण तक साथ निभाने वाली अस्मिता की पहचान है। यह वह धरोहर है जो न केवल संवाद कराती है, बल्कि व्यक्ति को अज्ञान से ज्ञान और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है।

हिंदी दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि वह अवसर है जब हम अपनी जड़ों से जुड़ते हैं और अपनी संस्कृति की आत्मा को नमन करते हैं। यह वह क्षण है जब हमें याद करना होता है कि जिस भाषा में माँ लोरियाँ गाती है, किसान खेतों में गीत गाता है और कवि राष्ट्र का स्वप्न रचता है, उस भाषा को केवल 'साधारण संचार का साधन' कहना उसकी महिमा का अपमान है। हिंदी मात्र बोली नहीं; यह मिट्टी की सोंधी खुशबू है, ऋषियों के मंत्रों की गूंज है, महापुरुषों के आह्वान की प्रतिध्वनि है।

### डायट बस्ती के प्राचार्य संजय शुक्ल ने अपने संदेश में कहा

कि हिंदी दिवस आत्मचिंतन और आत्मगौरव का दिन है। हिंदी हमारी सांस्कृतिक चेतना का आधार है, यह हमारी आत्मा की भाषा है। इसमें वह शक्ति है जो विविधताओं से भरे भारत को एक सूत्र में पिरोकर एकता का गीत गाती है। हिंदी हमारी मातृभूमि की मिट्टी जैसी है – जितना इसे छूते हैं, उतना ही यह आत्मा में बसती जाती है। उन्होंने कहा कि हिंदी वह भाषा है जिसने स्वतंत्रता संग्राम के समय जन-जन को जोड़ा और राष्ट्र की चेतना को प्रज्वलित किया। आज भी यह भाषा वही शक्ति रखती है, यदि हम इसे आत्मगौरव और आत्मविश्वास के साथ अपनाएँ। हिंदी में बोलना किसी भी तरह की हीनता नहीं, बल्कि गर्व और गौरव का प्रतीक है। यह भाषा हमें स्वयं को समझने, अपने समाज को पहचानने और अपने राष्ट्र की आत्मा को जानने का अवसर देती है।

हिंदी दिवस हमें यह सोचने पर विवश करता है कि भाषा केवल संवाद नहीं, बल्कि संस्कृति और सभ्यता का वह आलोक है जिसमें पीढ़ियों की स्मृतियाँ और आने वाले समय का स्वप्न संचित है। युवाओं के लिए यह दिन केवल उत्सव का क्षण नहीं, बल्कि संकल्प का समय है कि वे हिंदी को अपनी दिनचर्या और जीवन का अंग बनाएं। डिजिटल युग में यदि युवा आत्मविश्वास से हिंदी को अपनाएँगे, तो यह भाषा केवल पुस्तकों और कविताओं तक सीमित न रहकर तकनीक और भविष्य की भाषा भी बन जाएगी।

अपने संदेश के अंत में प्राचार्य श्री शुक्ल ने कहा कि हिंदी हमारी साझा पहचान है, हमारी विरासत है और हमारी आत्मा का उत्सव है। हिंदी दिवस हमें यह वचन देता है कि हम अपनी मातृभाषा को केवल पढ़ाई का विषय न मानें, बल्कि जीवन की संस्कृति और राष्ट्रगौरव का आधार समझें। यही हिंदी का सच्चा सम्मान होगा और यही आने वाली पीढ़ियों को दिया गया सबसे बड़ा उपहार होगा।

## मंत्री गिरीश चंद्र यादव के पीआरओ बने कृष्ण कुमार जायसवाल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर भारतीय जनता पार्टी के खांटी कार्यकर्ताओं में शुमार ई0 कृष्ण कुमार जायसवाल को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव का विशेष भरोसा हासिल हुआ है। मंत्री जी ने उन्हें अपना जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) नियुक्त किया है। यह खबर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और श्री जायसवाल के शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। शिराज-ए-हिंद डॉट कॉम से बातचीत में स्वयं मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि कृष्ण कुमार जायसवाल पार्टी के प्रति समर्पण और निष्ठा की सजीव मिसाल हैं। उनके अनुभव और जनसंपर्क क्षमता से संगठन और भी मजबूत होगा। खेतासराय कस्बे के मूल निवासी कृष्ण कुमार जायसवाल वर्तमान में नगर के हुसेनाबाद मोहल्ले, कलेक्ट्रेट के पास रहते हैं। बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे श्री जायसवाल ने भाजपा संगठन को मजबूत करने में लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है। पार्टी के कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी और मेहनत हमेशा चर्चा का विषय रही है। सूत्रों के मुताबिक, कृष्ण कुमार जायसवाल भाजपा जिला अध्यक्ष पद की दौड़ में भी पहली पंक्ति में मजबूती से खड़े हैं।

## बरसठी, घाटमपुर, सरायवैद्य में जीवित्पुत्रिका व्रत धूमधाम से सम्पन्न



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर बरसठी/घाटमपुर/सरायवैद्य। क्षेत्र के विभिन्न गांवों व कस्बों में मंगलवार को जीवित्पुत्रिका व्रत (जितिया) पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। प्रातः से ही व्रती महिलाएं पारंपरिक वेश-भूषा धारण कर गाजे-बाजे और डीजे की धुनों पर समूह बनाकर तालाब किनारे स्थित देवी माता की मूर्तियों के पास पहुँचीं। महिलाओं ने सामूहिक रूप से प्रचलित किस्से-कहानियों का वाचन किया और देवी माता से संतान की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना की।

तालाब किनारे दीप प्रज्वलन कर माताओं ने पूजा-अर्चना की और संकल्प लेते हुए दीप घर लेकर गईं। इस दौरान पूरा वातावरण भक्ति और उत्साह से गूंज उठा। जगह-जगह व्रती महिलाओं के समूह में लोकगीत और पारंपरिक व्रत कथाएँ गूँजती रहीं।

गौरतलब है कि जीवित्पुत्रिका व्रत विशेष रूप से पुत्र-पुत्रियों की दीर्घायु और सुखमय जीवन के लिए रखा जाता है। इसमें महिलाएं 24 घंटे निर्जला उपवास रखती हैं। न तो भोजन करती हैं और न ही जल ग्रहण करती हैं। कठोर व्रत होने के बावजूद महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था।

बरसठी, घाटमपुर और सरायवैद्य क्षेत्र में मंगलवार को दिनभर देवी मंदिरों, तालाब किनारों और पूजा स्थलों पर महिलाओं की भीड़ रही। संध्या होते ही दीपों की कतारों से वातावरण आलोकित हो उठा।

ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि जीवित्पुत्रिका व्रत सदियों से चली आ रही परंपरा है। मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से संतान पर आने वाले संकट टल जाते हैं और उन्हें लंबी उम्र प्राप्त होती है।

# केराकत वर्तमान थाना अध्यक्ष पर लगा फर्जी गुडवर्क का आरोप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जफराबाद। केराकत के वर्तमान थानाध्यक्ष व जलालपुर के पूर्व थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह पर एक छिनैती केस में फर्जी खुलासा करने और निर्दोष युवक को फंसाने का गंभीर आरोप लगा है।

जलालपुर क्षेत्र के भगरी गांव निवासी अमित यादव के चाचा मनीष यादव का आरोप है कि जलालपुर पुलिस ने 3 अगस्त ,2025 की शाम उनके बेटे को पूछताछ के बहाने घर से उठाया था,तीन दिन तक अवैध रूप से थाने में बंद रखा और चौथे दिन उसे एक पुराने छिनैती के केस में गिरफ्तारी दिखाकर चालान कर दिया। पीड़ित परिवार के मुताबिक, थाने में पूछताछ के बाद छोड़ने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अमित को लगातार तीन दिन थाने में रखकर पिटाई की गई। आरोप है कि चौथे दिन दरोगा ने अमित और एक अन्य युवक साहिल को उदपुर गांव के पास सई नदी पुल के समीप से गिरफ्तार दिखाया और फर्जी कहानी गढ़कर चालान न्यायालय भेज दिया,जहां से वह जेल चला गया। मनीष यादव का आरोप है कि जब उनका भांजा देवेश यादव उसी दिन रात को थाने पहुंचा और अमित का जुर्म पूछा उसके बाद छोड़ने की गुहार लगाई, तो दरोगा त्रिवेणी सिंह को यह नागवार लगा और पट्टों से उसकी बेरहमी से पिटाई की। देवेश ने थाने से बाहर निकलकर हेल्पलाइन नंबर 1076 पर शिकायत दर्ज कराई और अगले दिन मेडिकल परीक्षण कराया। अमित के पिता बाहर रहतें है चाचा मनीष भतीजे को जेल से रिहा कराने के बाद पुलिस अधीक्षक जौनपुर सहित मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

न्यायालय से जमानत पर रिहा हुए अमित यादव ने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए बताया कि थाने में उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। चौथे दिन दरोगा त्रिवेणी सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी उसे और साहिल को उदपुर गांव के समीप सई नदी पुल के पास ले गयें, जेब में जबरन रुपये डालकर छिनैती के मामले में फर्जी फसाने के साक्ष्य के लिए कई वीडियो बनवाया और धमकी दी गई कि अगर शोर मचाया तो एनकाउंटर कर दिया जाएगा। अमित ने पुलिस द्वारा थाने के अंदर भी धमका कर वीडियो बनाने की बात बताई है। अमित का कहना है कि उन्हें एक महीने पहले इजरी बाजार में हुई चेन लूट की घटना में जबरन फंसाया गया है। एक माह पूर्व बीते 11 जून को इजरी बाजार में हुई लूट की यह घटना मनहन गांव निवासी रमाशंकर से जुड़ी है।

उनके मुताबिक दोपहर करीब 12 बजे तीन युवक ग्राहक बनकर उनकी दुकान में घुसे और अचानक पंच से हमला कर गले की सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। इसी मामले में अमित यादव को आरोपी बनाया गया है,

जिसे वह फर्जी बता रहे हैं। सीओ केराकत अजीत रजत ने बताया कि शिकायत मिली है मामले की जांच कर रिपोर्ट भेजी जाएगी। यदि पुलिस कर्मी दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## जौनपुर रामनगर में दो सगे भाइयों की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में सनसनी



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में शनिवार देर रात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दो सगे भाइयों की हत्या कर दी। वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

मझगांवा गांव निवासी शाहजहां (60) और उनके छोटे भाई जहांगीर (45) व्यापारी थे। दोनों भाई किसी काम से मुंगराबादशाहपुर आए थे और देर रात बाइक से अपने घर लौट रहे थे। रात करीब दस बजे जैसे ही वे रामनगर के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए बाइक सवार बदमाशों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

गोली लगने से शाहजहां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल जहांगीर को पुलिस और ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए प्रयागराज रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में उनकी भी मौत हो गई।

घटना के बाद बदमाश बाइक से फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। गांव में एक साथ दो भाइयों की मौत से कोहराम मच गया है। परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर, वारदात के बाद क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।

### गड्ढे में डूबने से मासूम बच्ची की हुई मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुइथाकला सरपतहां थाना क्षेत्र के भगासा गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें साढ़े 3 वर्षीय मासूम बच्ची नव्या पानी भरे गड्ढे में गिरकर डूब गई। नव्या अपने माता-पिता की तीन संतानों में दूसरे स्थान पर थी। नव्या दरवाजे पर खेल रही थी जबकि उसकी मां घरेलू काम में व्यस्त थीं और पिता राहुल पटैला बाजार गए थे। थोड़ी देर बाद मृतका के बड़े पिता को गड्ढे में किसी बच्चे का हाथ दिखाई पड़ा जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया और उसे निकालने की कोशिश की लेकिन वे खुद भी गड्ढे में डूबने लगे। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने नाव्या को गड्ढे से बाहर निकाला और शाहगंज स्थित एक निजी अस्पताल ले गय

## हवा उड़ता डर– जौनपुर के आसमान में मंडराता रहस्यमय ड्रोन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेश का जौनपुर जिला, जो अपनी ऐतिहासिक विरासत और गंगा-जमुनी तहज़ीब के लिए जाना जाता है, इन दिनों एक अजीबोगरीब वजह से चर्चा में है। दिन में सब कुछ सामान्य होता है, लेकिन रात ढलते ही आसमान में एक रहस्यमयी उड़ती चीज़ नजर आने लगती है – जिसे लोग ड्रोन कह रहे हैं। यह घटना अब महज़ कौतूहल नहीं रही, बल्कि डर का रूप ले चुकी है।

### गांव-गांव में सनसनी

मछलीशहर, बदलापुर, शाहगंज, केराकत, सरपतहा और जलालपुर जैसे इलाकों से लगातार ऐसी खबरें आ रही हैं कि रात के समय आसमान में कोई उड़ती चीज़ नीली और लाल बत्तियों के साथ घूम रही है। स्थानीय लोग इसे ड्रोन मान रहे हैं, लेकिन सवाल यह है कि यह किसका है और क्यों उड़ाया जा रहा है? कुछ लोग इसे निगरानी से जोड़ रहे हैं, तो कुछ इसे किसी बड़ी साजिश का हिस्सा मान रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो

इस ड्रोन जैसे दिखने वाले उड़न वस्तु के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि अंधेरे में एक चमकती हुई चीज़ इधर-उधर उड़ रही है। युवाओं ने इसे मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर डाला, लेकिन इन वीडियो की सत्यता की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय प्रशासन भी अब तक कोई ठोस बयान नहीं दे सका है, जिससे लोगों की चिंता और भी बढ़ गई है।

### अफवाहें और डर

गांवों में बच्चों को शाम ढलते ही घर के अंदर रहने को कहा जा रहा है। लोग छतों पर नजरें गड़ाए रखते हैं। रामसूरत यादव नामक ग्रामीण बताते हैं, तीन दिन से हमरे गांव के ऊपर ई चीज़ उड़ रहल बा। अब त नींदो नहीं आवत! कुछ बुजुर्ग इसे 90 के दशक के 'मुंहनोचवा' से जोड़ कर देख रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब जौनपुर में इस तरह की रहस्यमयी घटनाएं लोगों को दहशत में डाल चुकी हों।

### तकनीक, साजिश या मज़ाक?

कुछ तकनीकी जानकारों का कहना है कि यह सामान्य ड्रोन हो सकता है जिसे कोई शौकिया व्यक्ति या यू-ट्यूबर उड़ा रहा हो। लेकिन अगर ऐसा है तो यह बार-बार रात में अलग-अलग गांवों में क्यों उड़ाया जा रहा है? और सबसे बड़ा सवाल - क्या यह प्रशासन की नजर से बचा हुआ है, या प्रशासन खुद इस पर चुप्पी साधे हुए है?

### प्रशासन की प्रतिक्रिया

जब 'जन एक्सप्रेस' के संवाददाता ने जिला प्रशासन से संपर्क किया, तो एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, हम इसकी जांच करवा रहे हैं, हो सकता है कुछ लोगों की शरारत हो। लेकिन जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। बहरहाल जौनपुर में इस उड़ते डर ने न सिर्फ गांवों में खौफ का माहौल बना दिया है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि क्या यह आधुनिक तकनीक का गलत इस्तेमाल है, किसी की मज़ाकिया हरकत, या वाकई कोई गहरी साजिश? जब तक प्रशासन इसकी सच्चाई नहीं उजागर करता, तब तक यह रहस्य और डर, दोनों आसमान में यूं ही उड़ते रहेंगे। अब देखने वाली बात ये होगी कि क्या जौनपुर प्रशासन समय रहते कोई ठोस कदम उठाता है या यह रहस्यमयी उड़ानें किसी बड़े खतरे का संकेत बन जाएंगी।

# कोरोना वालंटियर्स को मिलेगा स्वास्थ्य विभाग भर्ती में वरीयता

जन एक्सप्रेस। बस्ती

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग के जरिए होने वाली भर्तियों में कोरोना काल के वालंटियर तथा कोविड महामारी के दौरान सेवा देने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को वरीयता दी जाएगी। याचिकाकर्ता रंजना समेत सात लोगों ने कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि कोविड संकट के दौरान उन्होंने निःशुल्क सेवाएं दीं, जिन्हें कोरोना योद्धा के रूप में सम्मानित भी किया गया। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की संविदा नियुक्तियों में उन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रविन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव ने दलील दी कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत दाखिल याचिका में मांग की गई है कि शासनादेश 27 मई 2025 का लाभ उन्हें मिले। हाल ही में सीएमओ बस्ती द्वारा की गई नियुक्तियों में इन कर्मियों की उपेक्षा की गई है, जबकि उन्होंने कोविड महामारी के दौरान अग्रिम पंक्ति में रहकर सेवाएं दीं। अधिवक्ता श्रीवास्तव ने बताया कि अदालत के आदेश के बाद अब ऐसे वालंटियर और कर्मी, आउटसोर्स एजेंसियों या अनुबंध के जरिए होने वाली भर्तियों में वरीयता पाने के हकदार होंगे।

# बुलेट सवार युवक को डायल 112 की वाहन ने धक्का मारा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत नगर के प्रयागराज मार्ग स्थित बरमबाबा मंदिर के समीप सड़क दुघर्टना में 112 पुलिस वाहन की चपेट में आने से बुलेट सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। रविवार को प्रतापगढ़ जनपद के पट्टी निवासी 30 वर्षीय रविनाथ मौर्य पुत्र बद्रीनाथ अपने भाई के एडमिशन के लिए क्षेत्र के कलान स्थित एक कालेज में बुलेट से आये हुए थे। एडमिशन की औपचारिकता पूरी करने के बाद वह अपने घर जा रहे थें ।कि रास्ते मे नगर के प्रयागराज मार्ग स्थित बरमबाबा मंदिर के पास ही पहुंचे थे।कि विपरीत दिशा से आ रही तेज़ रफ़्तार डायल 112 के पुलिस वाहन ने उक्त बुलेट सवार को धक्का मारते हुए आगे निकल गई।जिससे बुलेट सवार युवक घायल हो गया ।बुलेट भी क्षतिग्रस्त हो गयी।सोचने वाली बात यह है पुलिस वाहन मौके पर रुका भी नही की घायल को अस्पताल पहुंचा दे।

# कृषि मंत्री ने सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र उमर्दा का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा विकास खण्ड उमर्दा स्थित इंडो-इजरायल सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजीटेबल्स (सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र, उमर्दा) का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने केंद्र पर आयोजित कृषक गोष्ठी में प्रतिभाग कर किसानों से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं को गहराई से सुना।



### किसानों से सीधा संवाद

कृषि मंत्री ने कृषकों से कहा कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक पद्धतियों और उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का प्रयोग ही कृषि क्षेत्र को नई दिशा देगा। उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सतत प्रयासरत है। कृषकों ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा उर्वरक वितरण की सरल एवं सुगम व्यवस्था की मांग रखी, जिस पर मंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इस गोष्ठी में विधायक कैलाश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान कृषक शशिकांत चतुर्वेदी, उदय नारायण त्रिपाठी, शिवपाल सिंह, यशकरन सिंह, राजेश कुमार, राजकुमार चतुर्वेदी, अनुज कुमार, मनोज कुमार, शिवशंकर, मैयालाल सहित अनेक कृषकों को तोरिया मिनीकिट बीज का वितरण किया गया।

### तकनीकी निरीक्षण

कृषि मंत्री के साथ अपर कृषि निदेशक भूमि संरक्षण, संयुक्त कृषि निदेशक गुणवत्ता नियंत्रण, संयुक्त कृषि निदेशक कानपुर, उप कृषि निदेशक कन्नौज एवं जिला कृषि अधिकारी कन्नौज उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों के साथ मंत्री ने एन०एफ०एस०एम० योजना अंतर्गत चयनित कृषक ऊषन सिंह पुत्र श्री रामभजन निवासी अहेर तिर्वा देहात, उमर्दा कन्नौज के संकर मक्का प्रदर्शन प्लॉट का भी निरीक्षण किया।

### मंत्री का संदेश

निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़ना समय की आवश्यकता है। सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र जैसे संस्थान किसानों को प्रशिक्षण, बीज एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि को लाभकारी व्यवसाय में परिवर्तित करने के लिए कटिबद्ध है।

# हिंदी दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक आयोजन एवं सुलेख प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

हिंदी भाषा की महत्ता और गौरव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज जनपद कन्नौज के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों सहित राधा देवी आदर्श संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय, गुरसहायगंज तथा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा आदि विद्यालयों में हिंदी दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कविता पाठ, भाषण, निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रतिभाग कर हिंदी के प्रति अपने प्रेम और लगाव को अभिव्यक्त किया। साथ ही सुलेख प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने सुंदर हस्तलिपि और रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए हिंदी भाषा की गरिमा को नए आयाम प्रदान किए। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, आचार्यों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व और सम्मान की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया तथा सभी को हिंदी भाषा के प्रति और अधिक जागरूक एवं दक्ष बनने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने हिंदी दिवस के अवसर पर अपने संदेश में कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, पहचान और राष्ट्र की एकता की मजबूत कड़ी है। उन्होंने कहा कि सुलेख प्रतियोगिता जैसी गतिविधियाँ न केवल छात्रों में भाषा-प्रेम को बढ़ाती हैं, बल्कि अनुशासन, एकाग्रता और सृजनात्मकता के विकास में भी सहायक होती हैं।



## एक्सप्रेस खबरें...

### ट्रेन की चपेट में आने से किसान की मौत, परिवार में कोहराम

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसुम्भी में रविवार शाम को किसान की इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। छेदी बाबू (58) अपने खेतों में खाद डालकर शाम करीब 5ः30 बजे लौट रहा था कि दो रेलगाड़ियां दोनों ट्रैक पर आ जाने की वजह से वह स्थिती को समझ नहीं पाया और लखनऊ से कानपुर जा रही ट्रेन से टकरा गया। घटना स्थल पर उसकी मृत्यु हो गई। मौत की खबर मिलते ही किसान के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पत्नी आशा, पुत्र अखिलेश, अंकित और बेटी पूजा अपने पिता की अचानक हुई मौत पर गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### छोटी छोटी बातों पर विवाद न करें आपस में बैठकर सुलझायें

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** जनपद के पुरवा तहसील में रविवार को पुलिस पब्लिक परिवार परामर्श केंद्र में तीनों थानों के पति पत्नी के 15 मामलो में पक्षकार आए। परामर्श समिति ने बातचीत के जरिये 5 मामलों को हल कराया। पारिवारिक विवादों को बातचीत के जरिये हल करने के लिए रविवार को 25 सदसयीय परामर्श समिति बार भवन में बैठी। जिसमें पुरवा मौरावां असोहा थानों के पति पत्नी के विवादों को पहले परामर्श समिति के सामने रखकर बातचीत काउंसिल के जरिये विवादों को सुलझाया गया। सीओ तेज बहादुर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र है ।छोटी छोटी बातों को लेकर पति पत्नी रिश्तों में खटास आई है जिंहे आपस में बैठाकर परिवार बसाने का काम किया जा रहा है। जहां 15 मामले आए 5 टूटते रिश्तों में पति पत्नी को मिलाया गया है। परामर्श समिति में सरला सिंह नमो त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### सांप के काटने से महिला घायल

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** विकासखंड के जैतीपुर गांव में घर के बाहर घास साफ कर रही एक महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे पहले झाड़-फूंक कराने के लिए एक गांव में ले गए। लेकिन जब कोई सुधार नहीं हुआ तो उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। नवाबगंज विकासखण्ड के जैतीपुर गांव निवासी अंजू (35) पत्नी बनवारी रविवार दोपहर 2 बजे घर के बाहर घास साफ कर रही थी। तभी उसे जहरीले सांप ने काट लिया। जानकारी पर परिजन पहले एक गांव में झाड़फूंक कराने ले गए। लेकिन हालत में सुधार नही हुआ तो उसे नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। अधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि महिला का ईलाज किया जा रहा है वह खतरे से बाहर है। फिर भी निगरानी के लिए उसे भर्ती रखा गया है।

### एजेंसी मालिक ने कर्मचारी को पीटा, षिकायत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बड्डूपुर।** बकाया वेतन मांगने पर ट्रैकटर एजेंसी के मालिक ने कर्मचारी की पिटाई कर दी, यही नही उसपर राइफल तान उसे जान से मारने की भी धमकी भी दी। पीड़ित कर्मचारी ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। घुंघटेर थाना क्षेत्र के नारायनपुर निवासी अशांक यादव पुत्र राजेन्द्र प्रसाद यादव कुर्सी पुलिस को दिए प्राथना पत्र में बताया गया कि बहरौली स्थित शिवराज यादव की महिंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। रविवार को पिछले माह का बकाया वेतन लेने के लिए एजेंसी के मालिक शिवराज के पास गया था ।जिसपर उसने पैसे मांग तो शिवराज यादव उसे गालियां देने लगे ।उसने जब विरोध किया तो उसे लात घूसों से मारा पीटा जिसपर किसी तरह वहां से चिल्लाते बाहर निकला तो उस पर राइफल तान दिया और धमकी दी दोबारा दिखाई दिए तो गोली मार दूंगा। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ।कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रषासन ने भेजी नोटिस, हटेगा अवैध कब्जा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रामनगर।** रामनगर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गर्री के बढ़ैयापुरवा में ग्राम समाज की सरकारी जमीन पर विवाद हुआ ,विवाद इतना हुआ कि दोनों पक्षों मे मारपीट हो गई । इस संबंध में सरकारी जमीन की अवैध कब्जेदारी को लेकर राजस्व निरीक्षक जय शंकर उपाध्याय लेखपाल आदित्य वर्मा ने जांच पड़ताल की ।तहसीलदार राजस्व प्रशासन रामनगर के निर्देशन में कब्जेदारी हटाए जाने को लेकर नोटिस जारी की गई ।इस संबंध में राजस्व निरीक्षक जय शंकर उपाध्याय ने बताया कि नोटिस देने के 15 दिन के अंदर कब्ज़ा हटाए जाने को कहा गया था समय पूरा हो गया है,शीघ्र ही प्रशासन द्वारा कब्जा हटाया जाएगा और अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दबंगो ने धारदार हथियार से किया हमला

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। हैदरगढ़।** लोनी कटरा थाना क्षेत्र के लखापुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर माता-पिता सहित लगभग आधा दर्जन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी धर्मराज ने बताया कि गांव के ही रहने वाले अनुज, शिकारी और रवि पुत्रगण चेतराम व रामशरण, देवशरण, जगशरण पुत्रगण लायकराम रावत एवं आंचल पत्नी जगशरण व चेतराम पुत्र दुर्गाप्रसाद घर परिवार से गांव की रंजिश मानते हैं। इसी रंजिश के चलते रविवार को घर में घुसकर उसे व उसके पिता रामबहादुर, मां बबुला, छोटे भाई रामराज व बहन राजकुमारी को लाठी कुल्हाड़ी, फावड़ा आदि से मां बहन की बुरी-बुरी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए बुरी तरह से मारा पीटा जिससे उसके माता एवं पिता को काफी गंभीर चोटे आयी। शिकारी ने बहन का हाथ बुरी तरह कुल्हाड़ी मारकर काट दिया। गावं वालों को आता देख विपक्षी मां बहन की बुरी बुरी गालियां देते व कानूनी कार्यवाही करने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग गये। घटना के बाद गम्भीर घायल माता पिता को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया गया। जहां से जिला अस्पताल के लिए रिफर किया गया है।

### 16 से शुरु होगी श्रीराम कथा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** विकास खण्ड मसौली अंतर्गत समृद्धि जन कल्याण सेवा समिति ट्रस्ट ने आगामी मंगलवार से ब्लॉक मसौली अंतर्गत ग्राम सभा अम्बौर में स्थित मां ज्वालामुखी दरबार में सितंबर से पांच दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन करने जा रहा है। समारोह में कथा व्यास सत्यम महाराज के श्रीमुख से भक्तों को श्री रामचरित मानस की कथा श्रवण कराई जाएगी। कथा के आयोजक समृद्धि जन कल्याण सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष हिमांशु द्विवेदी और उपाध्यक्ष अमित सैनी के अनुसार कथा आगामी 16 सितंबर से शुरु होगी और 20 सितम्बर को हवन पूजन के साथ में समाप्त होगी।

# पिछड़ो और दलितों को मिले समान अधिकारः लहरी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



रविवार को अपनी जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में अजपा के प्रदेष अध्यक्ष सुभाष चंद्र लहरी उपस्थित हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेष अध्यक्ष कोरी सुभाष चंद्र लहरी ने कहा कि जिला से लेकर बूथ स्तर तक की कमेटियों का गठन संतुलित रूप से किया जाएगा, ताकि समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो। पार्टी का संकल्प है कि सभी जातियों, वर्गों और समुदायों को समान सम्मान दिया जाए। उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज को बराबरी का अधिकार और सम्मान देना ही सच्चे लोकतंत्र का आधार है। देश को केवल संविधान से चलना चाहिए, न कि मनुवादी व्यवस्था से। यदि लोग जागरूक न हुए तो उद्योगपति और पूंजीपति पूरे देश को अपने कब्ज़े में कर लेंगे। आज हालत यह है कि देश किराए पर चलाया जा रहा है और भविष्य में इसे बेचने की कोशिशें की जा रही हैं। यह गंदी मानसिकता सत्ता में पहुँच चुकी है, जिसका मुकाबला जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विद्यालयों को बंद करने और शराब की दुकानें बढ़ाने की साजिश की थी, जिसका स्वामी प्रसाद मौर्य ने पूरे प्रदेश में विरोध किया। इसके परिणाम स्वरूप विद्यालयों के मर्जर की प्रक्रिया रोक दी गई। यदि समाज के कमजोर वर्ग, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक जागरूक नहीं हुए, तो आने वाले समय में केवल महंगे निजी विद्यालय ही बचेंगे और गरीब बच्चों की शिक्षा छिन जाएगी। तब यही बच्चे उद्योगपतियों के लिए सस्ते मज़दूर बनकर रह जाएंगे। उन्होंने आह्वान किया कि अपनी जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन को मज़बूत करे और जनता को सचेत करते हुए अन्यायपूर्ण नीतियों का विरोध करे। इससे पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सत्येन्द्र कुमार मौर्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

जिसमें जिलाध्यक्ष सुनील कुमार, उपाध्यक्ष प्रवेष कुमार, मनोज कुमार उपाध्यक्ष, विवेक कुमार, जिला मीडिया प्रभारी-सूरज कुमार मौर्या, महासचिव मनोज कुमार रावत आदि लोगों को मनोनीत किया गया। बैठक का शुभारंभ बुद्ध वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग शामिल हुए और अंत में संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव दिलीप चैधरी, प्रदेश प्रवक्ता रणविजय सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता रत्नाकर जीबी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# व्यक्तित्व विकास में हिंदी का महत्वपूर्ण स्थानः प्रो.सीताराम



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पी. जी. कॉलेज में हिन्दी दिवस 2025 पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सीताराम सिंह ने कहा कि हिंदी स्वतंत्रता संग्राम की भाषा है। हिंदी भाषा से व्यक्ति की समझ विकसित होती है, व्यक्तित्व विकास में हिंदी महत्वपूर्ण स्थान रखती है। हिंदी को केवल विषय के रूप में नहीं बल्कि जीवन का हिस्सा बनाकर हम इसे राष्ट्र भाषा के रूप में स्थापित कर सकते हैं। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफ़ेसर विजय कुमार वर्मा ने भाषा को धर्म से ज्यादा ताकतवर बताया जिसके आधार पर धार्मिक देश पाकिस्तान का बंटवारा हुआ। हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है बस उसमें आत्मसम्मान का भाव लाना जरूरी है। हिंदी भारत में लगभग 57 प्रतिशत लोगों के द्वारा बोली जाती है दूसरे नंबर पर बांग्ला है जिसका प्रतिशत 9 है,

तो हिंदी भाषी लोगों पर यह जिम्मेदारी है कि वह अपने बड़े होने का परिचय देते हुए देश की अन्य भाषाओं को आगे बढ़कर अपनायें ताकि उनमें हिंदी के प्रति सम्मान का भाव जागृत हो ।विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रो. अमित कुमार ने दैनिक जीवन में हिंदी के प्रयोग पर बल दिया। दक्षिण में हिंदी का विरोध राजनीतिक कारणवश है, हिंदी संपर्क भाषा और बोलचाल की भाषा बन गई है। उसे रोजगार की भाषा बनाने के लिए कुछ और कार्य करना बाकी है।कार्यक्रम का संचालन प्रो.कृष्णकांत चंद्रा ने वैष्विक परिदृश्य में हिंदी की स्थिति को स्पष्ट करते हुए किया।

कार्यक्रम में प्रो. संतोष कुमार गौड़, डॉ. नीलम प्रभा, डॉ. अभिषेक मौर्य, डॉ. लक्ष्मी देवी, डॉ. दीप्ति पोरवाल, महेंद्र कुमार, अंकित यादव, कविता वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

### प्रशासन ने भेजी नोटिस, हटेगा अवैध कब्जा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रामनगर।** रामनगर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गर्री के बढ़ैयापुरवा में ग्राम समाज की सरकारी जमीन पर विवाद हुआ ,विवाद इतना हुआ कि दोनों पक्षों मे मारपीट हो गई । इस संबंध में सरकारी जमीन की अवैध कब्जेदारी को लेकर राजस्व निरीक्षक जय शंकर उपाध्याय लेखपाल आदित्य वर्मा ने जांच पड़ताल की ।तहसीलदार राजस्व प्रशासन रामनगर के निर्देशन में कब्जेदारी हटाए जाने को लेकर नोटिस जारी की गई ।इस संबंध में राजस्व निरीक्षक जय शंकर उपाध्याय ने बताया कि नोटिस देने के 15 दिन के अंदर कब्ज़ा हटाए जाने को कहा गया था समय पूरा हो गया है,शीघ्र ही प्रशासन द्वारा कब्जा हटाया जाएगा और अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टेट प्रकरण पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के विरोध में रविवार को उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक के ज़िला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा, एमएलसी अंगद सिंह, सदर विधायक सुरेश यादव और जैदपुर विधायक गौरव रावत से मुलाकात कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा और मांग की कि 2010 से पहले बेसिक शिक्षा विभाग में आए शिक्षकों को टेट परीक्षा से मुक्त रखा जाए। सभी माननीयों ने संगठन को आश्वस्त किया है कि किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। शिक्षकों की बात प्रधानमंत्री को उचित माध्यम से पहुंचाई जाएगी।

# टीईटी अनिवार्यता की समाप्ति को लेकर शिक्षक संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों के जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने के कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक शिक्षकों का पक्ष मजबूती से रखने और गलत तथ्यों को प्रस्तुत किए जाने के कारण सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूर्व से नियुक्त शिक्षकों को सेवा में बने रहने के लिए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण किए जाने के अव्यावहारिक आदेश को मानवीय आधार पर वापस लिए जाने एवं भारत सरकार द्वारा शिक्षा अधिकार नियमावली में संशोधन कर देश के शिक्षकों की सेवा सुरक्षित करने एवं करोड़ों परिवार के जीवन को सुरक्षा प्रदान किए जाने के लिए प्रदेश के समस्त जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री व बेसिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को सेवारत शिक्षकों की सेवा शर्तो नियमों के सम्बन्ध में सुसंगत, वास्तविक एवं तात्कालिक तथ्यों से अवगत कराने के लिए उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह के नेतृत्व में जनपदीय पदाधिकारीगण एवं ब्लॉक पदधिकारीगण के साथ कुर्सी विधानसभा विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा को ज्ञापन देकर सेवारत शिक्षकों के टेट प्रकरण पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में शिक्षकों का पक्ष रखा। शिक्षक प्रतिनिधियों ने शिक्षकों के पक्ष को रखकर अपनी मांगों को राज्य सरकार को प्रेषित करने की मांग की। इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला उपाध्यक्ष दिनेश मौर्य, संगठन मंत्री प्रमेन्द्र वर्मा, प्रवेश कुमार सिंह, वियवजीत सिंह,जिला मीडिया प्रभारी जय कुमार, प्रचार मंत्री शेर मोहम्मद, ब्लॉक उपाध्यक्ष शरद चंद्र, कोषाध्यक्ष भानु प्रताप, प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ फतेहपुर अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह सरस ,पवन वर्मा, सत्येंद्र वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# आज के बच्चे कल का देश का भविष्यः महेश चंद द्विवेदी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



हैदरगढ़। क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुबेहा में रविवार को धूमधाम व हर्ष उल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। प्रधानाध्यापक रामसागर रावत व मोनिका वर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में कार्यरत रहे पूर्व डीजीपी सेवानिवृत महेश चंद्र द्विवेदी व उनकी पत्नी नीरजा द्विवेदी शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर विधिवत पूजा अर्चना की ।बच्चों ने वंदना गीत प्रस्तुत किया। श्री द्विवेदी मानी कोठी औरैया जनपद इटावा के रहने वाले हैं उनके पिता शंभू दयाल की 1952 में सुबेहा थाने पर तैनाती हुई। 1953 में द्विवेदी ने इसी विद्यालय में कक्षा 8 की पढ़ाई कर जनपद में पहला स्थान हासिल की। 1963 में आईपीएस में चयनित होकर उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड दो राज्यों में डीजीपी के पद पर रहकर अपनी सेवाएं प्रदान की और 2001 में सेवानिवृत हो गए। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर के हिंदी साहित्य विद्वान, कवि लेखक है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस समय यहां पर पढ़ते थे उस समय कोई व्यवस्था नहीं थी टाट पल्ली पर बैठकर पढ़ाई करना पड़ता। लाइट की कोई व्यवस्था नहीं थी विद्यालय में आज काफी बदलाव हो गया है। आज बिजली पानी, पंखे, बैठने के लिए फर्नीचर सभी संसाधन की व्यवस्था है। इस विद्यालय में मेरे साथ पढ़े कई सहपाठी कोई डॉक्टर तो इंजीनियर तो सैनिक बनकर देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने बच्चो को शिक्षा के लिए प्रेरित किया और कहा तुम देश के भविष्य हो और मन लगाकर पढ़ाई करके मेरी तरह तुम भी एक अच्छी मुकाम तक पहुंच सकते हो। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामसागर रावत मोनिका मोनिका वर्मा सहित अन्य समाजसेवी चैधरी हुमायूं हुसैन, व चैधरी जैद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पूर्व डीजीपी व उनकी पत्नी का फूल माला व अंग वस्त्र भेट देकर जोरदार स्वागत किया।

बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उनके साथ पढ़ाई कर रहे सहपाठी अम्बर प्रसाद मिश्रा सेवानिवृत्ति डिप्टी कमांडेंट कमालुद्दीन अंसारी भी मौजूद रहे। शिक्षक आनंद मिश्रा, नगर अध्यक्ष देवीदीन रावत,सभासद प्रतिनिधि रिजवान खान, जहीर हाफिज, प्रदीप गुप्ता, डॉक्टर शिवाकांत शुक्ला, अधिवक्ता बृजकिशोर मिश्रा, रामेष्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयकर, राकेश कुमार द्विवेदी, राजीव लोचन गुप्ता, योगेष्वर मिश्रा अन्य शिक्षक सहित सैकड़ों संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। फतेहपुर।** क्षेत्र की एक महिला के साथ दुष्कर्म मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक को रेलवे क्रॉसिंग के पास गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित का चिकित्सीय परीक्षण कराकर उसे जेल रवाना कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र की एक महिला के साथ इलाज के नाम पर आरोपी ने लखनऊ में इलाज करने की बात कही। जिस पर महिला को आरोपी युवक अमरीश पुत्र काशीराम निवासी पीड़ गांव थाना देवां ने उसे अज्ञात स्थान पर ले जाकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। और किसी को जानकारी देने पर उसने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद महिला ने एसपी से शिकायत कर आरोपी युवक के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर

**पुलिस ने ग्रामीणों की मद्द से ट्रक चालक और क्लीनर को पकड़ लिया। सभी घायलों को इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है।**

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

हैदरगढ़। थाना लोनीकटरा अन्तर्गत रविवार दोपहर तेज रफ्तार एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार तीन लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। पुलिस ने ग्रामीणों की मद्द से ट्रक चालक और क्लीनर को पकड़ लिया। सभी घायलों को इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, लोनीकटरा थाना क्षेत्र के मदनापुर गांव निवासी इंद्रजीत सिंह पुत्र राम प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम उनके भाई अनिल सिंह भतीजे सूरज पुत्र वासुदेव सिंह एवं मौसेरे भाई राहुल सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे रात्रि लगभग 8 बजे जब उनकी मोटरसाइकिल घटनास्थल पर पहुंची तभी लखनऊ की ओर से तेज गति व लापरवाही से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी थी और मौके से भाग निकला था। मौके पर मौजूद लोगों ने पीछा करके ट्रक का नंबर नोट कर लिया था। इसकी मदद से लोनी कटरा पुलिस ने हैदरगढ़ पुलिस की सहायता से दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर को चालक और क्लीनर के साथ पकड़ लिया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाये गए घायलों को गंभीर अवस्था के चलते पहले जिला अस्पताल और फिर वहां से ट्रामा सेंटर के लिए रेफर

# दो बाइकों में टक्कर, महिला की मौत, दामाद गम्भीर

- **सूचना मिलने पर पुलिस ने लाष का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।**

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**





बड्डूपुर। कोतवाली बड्डूपुर अन्तर्गत रविवार दोपहर दो बाइकों में सीधी टक्कर हो गयी। जिसमें एक महिला की मौत हो गयी। जबकि उसका दामाद गम्भीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने लाष का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली बड्डूपुर क्षेत्र के बहलीदपुर निवासी रहीसुन को फिरोज अहमद रविवार दोपहर अपनी बीमार सास रहीसुन 50 वर्ष को लेकर बड्डूपुर दवा लेने गए थे। जहां से वापस बाइक से घर लौट रहे थे। लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर चंदौली गांव के निकट विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में फिरोज व उसकी सांस रहीसुन दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंचे परिवारजन दोनों घायलों को महमूदाबाद सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर रहीसुन की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतका के पुत्र लाल मोहम्मद ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। बड्डूपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# आज पूर्णिया से पीएम मोदी देंगे 36 हजार करोड़ रु. की सौगात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को चुनावी राज्य बिहार के पूर्णिया जिले पहुंचेंगे। यहां वे एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगे और करीब 36 हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की शुरुआत करेंगे। पीएम इस दौरान पूर्णिया में बने नए हवाई अड्डा टर्मिनल का भी उद्घाटन करेंगे। इस टर्मिनल से उत्तर बिहार को हवाई संपर्क की सुविधा मिलेगी, जिसकी लंबे समय से मांग हो रही थी। वहीं, कुछ हफ्तों में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने की संभावना है।

### मखाना बोर्ड का उद्घाटन

कार्यक्रम की एक अहम कड़ी राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का उद्घाटन भी होगा। इसकी घोषणा इस साल के केंद्रीय बजट में की गई थी। प्रधानमंत्री कई बार अपने भाषणों में मखाना को सुपर फूड बता चुके हैं। मखाना की खेती बिहार में बड़े पैमाने पर होती है और देश के करीब 90 प्रतिशत उत्पादन का केंद्र यहीं है।

### बिहार वास्तव में डबल इंजन सरकार का फायदा उठा रहा

बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए का कहना है कि प्रधानमंत्री ने बिहार को हमेशा प्राथमिकता दी है। उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ बीजेपी नेता सम्राट चौधरी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार को करीब 1.50 लाख करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं दी हैं। 15 सितंबर को राज्य को फिर एक बड़ा तोहफा मिलने वाला है। बिहार वास्तव में डबल इंजन सरकार का फायदा उठा रहा है। पूर्णिया में पीएम के कार्यक्रम को देखते हुए जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। रविवार आधी रात से 24 घंटे तक राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर वाहनों की आवाजाही भी रोक दी जाएगी।

### तेजस्वी यादव का हमला

इस बीच, विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार देर रात पूर्णिया स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (जीएमसीएच) का अचानक निरीक्षण किया। तेजस्वी ने करीब आठ मिनट का एक वीडियो शेयर करते हुए कहा कि मैं यहां उस दिन पहुंचा जब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा बिहार में थे। मोदी सरकार के 11वें साल में यह अस्पताल की स्थिति सब कुछ खुद बता रही है।

### यहां न तो आईसीयू है और न ही ट्रॉमा सेंटर...

वीडियो में तेजस्वी मरीजों और अस्पताल स्टाफ से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए बने भवन पर सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च हुए होंगे, लेकिन यहां न तो आईसीयू है और न ही ट्रॉमा सेंटर। कार्डियोलॉजिस्ट नहीं है। कई मरीज, यहां तक कि छोटे बच्चे भी खुले में इलाज कराने को मजबूर हैं। निर्माण कार्य के कारण संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। तेजस्वी ने यह भी कहा कि कार्यरत वार्डों में भी बुनियादी सुविधाओं की कमी है। पुरुष और महिलाओं के लिए अलग शौचालय नहीं हैं। मरीजों को गंदे बिस्तर दिए जा रहे हैं या वे घर से लाकर काम चला रहे हैं। आरजेडी नेता ने केंद्र और राज्य पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री से आग्रह करूंगा कि वे जंगलराज पर हमला करने के बाद यहां जीएमसीएच का भी दौरा करें। तब उन्हें डबल इंजन सरकार की असलियत नजर आ जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी साथ लाना चाहिए, जिन्हें 2005 के बाद सबकुछ ठीक होने का दावा करना पसंद है।

# नेपाल हिंसा: मौतों का आंकड़ा पहुंचा 72

## अंतरिम पीएम ने मारे गए लोगों को घोषित किया शहीद



■ मृतकों को 'शहीद' का दर्जा दिया जाएगा और उनके परिवारों को 10 लाख नेपाली रुपये की मुआवजा राशि दी जाएगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काठमांडू

नेपाल में भ्रष्टाचार और आर्थिक असमानता के खिलाफ भड़केजेन-जेड प्रदर्शनों में अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 59 प्रदर्शनकारी, तीन पुलिसकर्मी और 10 कैदी शामिल हैं, जो जेल से भागने की कोशिश कर रहे थे। हालात बिगड़ने के बीच देश की पहली महिला अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने एलान किया कि इन मृतकों को 'शहीद' का दर्जा दिया जाएगा और उनके परिवारों को 10 लाख नेपाली रुपये की मुआवजा राशि दी जाएगी। नव नियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री कार्की ने अपने कार्यभार संभालने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 8 सितंबर को जिनकी मौत हुई है, उन्हें आधिकारिक तौर पर 'शहीद' कहा जाएगा। उन्होंने बताया कि घायलों का पूरा इलाज सरकार कराएगी और उन्हें भी आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा सरकार शवों को काठमांडू से उनके जिलों तक पहुंचाने की व्यवस्था करेगी।

### मुआवजा और पुनर्निर्माण की योजना

कार्की ने यह भी कहा कि जिनकी निजी संपत्तियां प्रदर्शन के दौरान जलाई गई हैं, उन्हें भी मदद दी जाएगी। सरकार उन्हें आसान शर्तों पर ऋण या अन्य उपायों के जरिए राहत देगी। उन्होंने साफ किया कि तोड़फोड़ और आगजनी में शामिल लोगों की जांच की जाएगी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### सत्ता में रहने का इरादा नहीं

73 वर्षीय कार्की ने स्पष्ट किया कि अंतरिम सरकार केवल छह महीने के लिए है और इसका मकसद सत्ता का स्वाद लेना नहीं बल्कि हालात को सामान्य करना है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान केवल भ्रष्टाचार की जांच, व्यवस्था सुधार और जनता के विश्वास को बहाल करने पर होगा।

### विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि

नेपाल में यह आंदोलन तब शुरू हुआ जब सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया। इस कदम ने पहले से मौजूद भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से गुस्साए युवाओं को सड़कों पर ला दिया। 'युवा पीढ़ी का आंदोलन' देश में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर हुआ, जिसमें मुख्य मांग आर्थिक समानता और भ्रष्टाचार उन्मूलन की थी।

### नेपाल की पहली महिला पीएम

गौरतलब है कि सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। वे पहले नेपाल की मुख्य न्यायाधीश भी रह चुकी हैं। उनका कहना है कि इस आंदोलन ने देश की राजनीति और समाज के सामने नई चुनौतियां रखी हैं और सरकार का कर्तव्य है कि इनसे निपटकर जनता को राहत पहुंचाए।

# शिक्षकों को टीईटी पात्रता परीक्षा अनिवार्यता को लेकर शुरू हुआ विरोध

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



प्राथमिक शिक्षकों को सेवा में बने रहने और पदोन्नति पात्र होने के लिए शिक्षक पात्रता टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से सभी शिक्षक चिंतित हैं। 5 वर्ष की सेवा शेष रहने वाले शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट प्रदान की गई है लेकिन उन्हें भी पदोन्नति हेतु इस परीक्षा को उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। जिसमें देश के बाकी सेवारत शिक्षकों को 2 वर्ष में टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य करते हुए कहा गया कि जो शिक्षक दो वर्षों में इस परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं करेंगे ऐसे शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाए । जिसको लेकर शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद अतुल गर्ग,कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा,मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी,गाजियाबाद शहर विधायक संजीव शर्मा और श्रीचंद्र शर्मा एम एल सी से भेंट कर शिक्षकों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ अनुज त्यागी ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा एक बार ली जाने वाली परीक्षा है जिसे नियुक्ति के समय चयन के लिए बनाया गया है न कि सेवारत शिक्षकों की पात्रता को जांचने के लिए। जो शिक्षक शिक्षिकाएं दिनांक 23 अगस्त 2010 नोटिफिकेशन शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 से पूर्व नियुक्त है उनकी नियुक्ति के समय की योग्यता सेवा नियमावली के अनुरूप है जिस पर टीईटी की अनिवार्यता नहीं होनी चाहिए।नियुक्ति के समय की न्यूनतम अर्हता सेवा काल में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा सरकार इस प्रकरण का सहानुभूति एवं व्यवहारिकता के साथ संज्ञान ले एवं लाखों शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अधिनियम में आवश्यक संशोधन करें। सेवा नियमावली के अनुसार जिन शिक्षक शिक्षिकाओं को नियुक्ति के यथावत यथा समय योग्यता अनुसार नियुक्ति दी गई है उन्हें इस परीक्षा की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए व नियुक्ति के यथा समय योग्यता अनुसार पदोन्नति दी जाए।जिस पर सांसद अतुल गर्ग ने शिक्षकों के पक्ष को संसद में रखने का आश्वासन दिया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री के सामने शिक्षकों का पक्ष रखने का आश्वासन दिया।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 11 साल में जवाबदेह सरकार की राजनीति हुई: नड्डा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा, %हम (भाजपा) 14 करोड़ सदस्यों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हैं। भारत के 20 राज्यों में राजग और 13 राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। हम देश की सबसे बड़ी प्रतिनिधि पार्टी हैं। हमारे 240 सांसद (लोकसभा) हैं। हमारे लगभग 1,500 विधायक हैं। हमारे विधान परिषदों में 170 से ज्यादा सदस्य हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 11 साल में कार्य-निष्पादन और जवाबदेह सरकार की राजनीति हुई है जबकि पिछली सरकारों में अकार्य-निष्पादन की राजनीति थी और उन्होंने विकास कार्य नहीं किए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें घोषणापत्रों में किए गए वादों को भी भूल गई थीं। इस दौरान जेपी नड्डा ने कहा- 1987 में, हमने राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने का संकल्प लिया था। 2024 तक, हमने उस वादे को पूरा किया और अयोध्या में राम मंदिर का सफलतापूर्वक निर्माण किया।

### पहले भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति थी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पहले परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति थी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, हम एक ऐसी पार्टी से आते हैं जिसका एक वैचारिक आधार है। जेपी नड्डा ने आंध्र प्रदेश में किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र ने राजधानी अमरावती के निर्माण के लिए 15,000 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं।

# विकसित भारत 2047 के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम, महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में बोले ओम बिरला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि देश की महिलाएं अपने नेतृत्व और दृष्टिकोण से विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह बात संसद और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिला सशक्तिकरण समिति के राष्ट्रीय सम्मेलन में कही। इस दौरान ओम बिरला ने कहा कि महिलाएं आज देश के विकास में नई सोच के साथ योगदान दे रही हैं और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत कर रही हैं।

### संविधान निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर जोर

ओम बिरला ने आगे संविधान निर्माण में भी महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संविधान सभा में करीब 15 महिला सदस्य थीं, जिन्होंने संविधान को आकार देने में अहम योगदान दिया। उन्होंने यह भी बताया कि दुनिया के कई देशों के विपरीत, भारत ने शुरुआत से ही महिलाओं को वोट देने, समानता और न्याय का अधिकार दिया। इसके साथ ही बिरला ने यह भी कहा कि आज महिलाएं वित्त, तकनीक और खेल जैसे क्षेत्रों में देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने यह भी गर्व के साथ कहा कि आज देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू हैं, जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक हैं। बता दें कि केंद्र सरकार के अनुसार, विकसित भारत 2047 का लक्ष्य स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत को एक विकसित देश बनाना है।

# एथेनॉल के कारण ही जिंदा है चीनी उद्योग

## गडकरी बोले, इस विकल्प से गन्ना किसानों को मिलेगी राहत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत की चीनी उद्योग एथेनॉल की वजह से ही जिंदा बचा हुआ हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर एथेनॉल का विकल्प सामने नहीं आता तो गन्ना किसान और चीनी मिलें बड़ी मुश्किल में होतीं। गडकरी ने यह भी कहा कि खेती में नई तकनीकों को अपनाना जरूरी है ताकि किसानों को भविष्य में पानी और लागत से जुड़ी परेशानियों का सामना न करना पड़े। गडकरी ने महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा में किसानों की आत्महत्या की मुख्य वजह पानी की कमी बताई। उन्होंने कहा कि अगर किसानों को पर्याप्त पानी मिलता तो उन्हें इतना बड़ा कदम नहीं उठाना पड़ता। इस मौके पर गडकरी ने नाम फाउंडेशन के काम की सराहना की। यह संस्था नाना पाटेकर और मकरंद अनासपुरे के नेतृत्व में किसानों के बच्चों और जल संरक्षण के लिए काम करती है।

### खेती में तकनीक की जरूरत

भाजपा नेता गडकरी ने जोर देकर कहा कि खेती में तकनीक को लाना अब अनिवार्य हो गया है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में कई प्रयोग पहले से ही शुरू हो चुके हैं। उनका मानना है कि नई तकनीकें ही किसानों की उत्पादकता और आमदनी बढ़ा सकती हैं।

### एथेनॉल से मिला सहारा

गडकरी ने कहा कि भारत हर साल करीब 22 लाख करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन आयात करता है। एथेनॉल के इस्तेमाल से इस बोझ को कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गन्ने की पैदावार और चीनी उत्पादन अधिक होने की वजह से चीनी उद्योग संकट में था, लेकिन एथेनॉल ने इसे संभाल लिया।

### कांग्रेस का हमला और भाजपा का जवाब

हाल ही में कांग्रेस ने गडकरी पर हितों के टकराव का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने दावा किया कि गडकरी एथेनॉल उत्पादन को लेकर आक्रामक लॉबिंग कर रहे हैं क्योंकि उनके दोनों बेटे एथेनॉल बनाने वाली कंपनियों से जुड़े हैं। कांग्रेस ने कहा कि सरकार की नीति से इन कंपनियों को फायदा हुआ। हालांकि भाजपा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस आम आदमी पार्टी की तरह सिर्फ झूठे दावे करती है, जिनके पास कोई सबूत नहीं होता।

### सुप्रीम कोर्ट और ई20 पर विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक जनहित याचिका खारिज की थी, जिसमें 20 प्रतिशत एथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल (ई20) को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था कि करोड़ों वाहन मालिकों को ऐसी ईंधन का उपयोग करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो उनके वाहनों के लिए डिजाइन नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे पर बहस छिड़ी रही, जहां कई लोगों ने माइलेज 20 प्रतिशत तक घटने का दावा किया।

### सोशल मीडिया विवाद पर गडकरी का बयान

गडकरी ने सोशल मीडिया पर चल रही बहस को पेड कैंपेन करार दिया। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक रूप से उन्हें निशाना बनाने की कोशिश है। गडकरी ने स्पष्ट किया कि ई20 को लेकर ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री और अन्य हितधारकों के बीच साफ-सुथरी सहमति है। उन्होंने दावा किया कि एथेनॉल न केवल पर्यावरण के लिए अच्छा है, बल्कि किसानों और उद्योग दोनों को नया सहारा देता है।

# नगर निगम और प्रशासन की कार्यशैली के खिलाफ ज़ोरदार प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

इंदिरापुरम के न्यायखंड-1 इलाके में स्थानीय निवासियों ने नगर निगम और प्रशासन की कार्यशैली के खिलाफ ज़ोरदार प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध कब्ज़ों से लेकर सीवर की दुर्दशा और शराब की नई दुकान खुलने तक हर मुद्दे पर अधिकारी जानबूझकर चुप्पी साधे हुए हैं। सैकड़ों पुरुष और महिलाएँ हाथों में तख्तियाँ लेकर सड़कों पर उतरे थे । कभी जीडीए क्षेत्र में होने का रोना रोने वाला नगर निगम गाजियाबाद हस्तांतरण के बाद भी निगम प्रशासन विकास के नाम पर आंखे बंद किए हुए है। ऐस आरोप जनता लगा रही है। निवासियों ने आरोप लगाया कि पूरे इलाके में अवैध कब्ज़े लगातार बढ़ रहे हैं। सार्वजनिक फुटपाथ चलने की जगह तक खत्म होती जा रही है । उसपर दुकानें अथवा अवैध कब्जा होता जा रहा है । नगर निगम कोई कार्रवाई ऐसे अतिक्रमण के खिलाफ नहीं कर रहा। उनका कहना था कि शिकायतों के बाद भी सिर्फ फाइलों में खानापूरी होती है। जनता ने सीवर लाइन की बदहाली और गंदगी का मुद्दा भी प्रदर्शन में गूंजा।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)